# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• बोकारो, बुधवार 27 मई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 10 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित




शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन 5 जून को झारखंड आयेंगे

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 5 जून को दो दिवसीय दौरे पर झारखंड पहुंचेंगे। राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने के बाद नितिन नबीन पहली बार झारखंड पहुंच रहे हैं। राज्यसभा चुनाव की राजनीतिक सरगर्मी के बीच राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह दौरा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदेश की कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे। राज्य की राजनीति हालात और सांगठनिक कामकाज की समीक्षा करेंगे। इसके बाद वह सांसद व विधायकों के साथ बैठक करेंगे।

### गढ़वा के नये उपायुक्त ने किया पदभार ग्रहण

**गढ़वा(नबिटा ब्यूरो)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी पशुपतिनाथ मिश्रा ने मंगलवार को जिले के 35वें जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त के रूप में विधिवत पदभार ग्रहण कर लिया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में आयोजित एक समारोह के बीच उन्होंने प्रभार लिया। इस मौके पर जिला प्रशासन के वरीय अधिकारियों और कर्मियों ने गुलदस्ता भेंट कर नए उपायुक्त का स्वागत किया।

### युवक का अधजला शव मिलने से सनसनी

**सरायकेला(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के अंतर्गत कपाली ओपी क्षेत्र के बाबन बीघा फॉरेस्ट इलाके में एक युवक का अधजला शव मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की बर्बरता को देखते हुए अंदेशा जताया जा रहा है कि अपराधियों ने युवक की हत्या करने के बाद, साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को आग के हवाले कर दिया। मृतक की शिनाख्त गौस नगर निवासी मोहम्मद मुस्तकिम के रूप में हुई है। परिजनों ने मृतक के हाथ की अंगूठी और मौके से मिले मोबाइल के आधार पर उसकी पहचान की है।

### ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** देवघर पुलिस ने नशे के कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर थाना क्षेत्र के गांधी नगर, बरमसिया निवासी बंटी महथा को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से 11 पुड़िया ब्राउन शुगर और 1 लाख 45 हजार रुपये नकद बरामद किये हैं। जब्त ब्राउन शुगर की कीमत करीब 20000 रुपये से अधिक आंकी गई है।

### साधारण ऑपरेशन के बाद विधानसभा कर्मी की मौत

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड विधानसभा सचिवालय में कार्यरत कनीय सचिवालय सहायक अंजना तिवारी की एक निजी अस्पताल में कथित तौर पर सामान्य गॉलब्लैडर ऑपरेशन के बाद हुई मौत ने गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन और ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर पर चिकित्सीय लापरवाही का आरोप लगाया है जबकि विधानसभा सचिवालय के कर्मियों में भी घटना को लेकर भारी आक्रोश देखा गया।

मुख्यमंत्री ने शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# झारखंड के सरकारी स्कूलों में खाली पदों पर होगी शिक्षकों की बहाली : हेमंत सोरेन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में मंगलवार को झारखंड मंत्रालय में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में सीएम ने अधिकारियों को विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, विद्यालयों में शैक्षणिक व्यवस्थाएं, आधारभूत संरचनाओं तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की विस्तृत समीक्षा की। सीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य सरकार द्वारा विद्यालयों से जुड़ी योजनाओं एवं कार्यक्रमों को प्रभावी तरीके से पारदर्शिता के साथ अध्यनरत छात्र-छात्राओं तक ससमय पहुंचाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार झारखंड के बच्चों को बेहतर और क्वालिटी एजुकेशन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। सीएम सोरेन ने कहा कि सरकारी विद्यालयों में



अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के परीक्षा परिणाम में निरंतर सुधार हो रहा है, बच्चों का रिजल्ट और ज्यादा अच्छा हो इस निमित्त शिक्षकों के प्रशिक्षण कार्य सहित सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान केंद्रित करें। इस दौरान, सीएम सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में तेजी लाएं। शिक्षण के क्षेत्र में 100 प्रतिशत रिक्त पदों को भरना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले कुछ महीनों में हज़ारों शिक्षकों की भर्ती की गई है और उन्होंने निर्देश दिया कि बाकी बचे रिक्त पदों को भरने के लिए भर्ती प्रक्रिया को बिना किसी रुकावट के जारी रखा जाए। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि सभी सत्यापन की औपचारिकताएं इस महीने के अंत तक पूरी कर ली जाएं ताकि यह पक्का हो सके कि नए नियुक्त शिक्षकों को उनका वेतन समय पर मिल जाए। साथ ही सीएम हेमंत सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि शिक्षा किसी भी राज्य की आधारशिला होती है। राज्य सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों तक गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित हो और प्रत्येक बच्चे को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

# राज्यसभा चुनाव में एनडीए जरूर देगा प्रत्याशी : महतो

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** एनडीए के घटक दल जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य खीरू महतो ने कहा है कि राज्यसभा चुनाव में एनडीए जरूर प्रत्याशी देगा। प्रत्याशी किसका होगा, यह एनडीए की बैठक में ही तय होगा। उन्होंने कहा कि उस बैठक में भाजपा के साथ-साथ जदयू, आजसू तथा लोजपा (आर) भी शामिल होगा। अभी कुछ तय नहीं हुआ है। एनडीए के पास महज 24 विधायक ही होने तथा एक सीट पर जीत के लिए न्यूनतम 28 विधायकों के मत की आवश्यकता के सवाल पर कहा कि पहले तो यह तय हो कि चुनाव कौन लड़ेगा। बैठक में यह तय हो जाएगा तो जीत सुनिश्चित करने की रणनीति भी बनाई जाएगी। चार अन्य विधायकों का समर्थन कहां से मिलेगा के सवाल पर उन्होंने कहा कि वोटिंग के समय विधायक विचार करेंगे कि कौन योग्य प्रत्याशी है और कौन गरीब-गुरबा की पार्टी है। एनडीए के भविष्य और नरेन्द्र मोदी को ध्यान में रखते हुए भी विधायक वोट दे सकते हैं। राज्यसभा चुनाव में क्या एनडीए से जदयू भी प्रत्याशी दे सकता है के सवाल पर उन्होंने कहा कि चुनाव कौन लड़ना नहीं चाहता है। झारखंड से तो बिहार के दिग्विजय सिंह भी राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। उस समय झारखंड में जदयू के पांच-छह विधायक थे। झारखंड के निवासी होते हुए भी वे स्वयं (खीरू महतो) बिहार से राज्य सभा सदस्य निर्वाचित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कोई बाहरी व्यक्ति एनडीए का प्रत्याशी नहीं होगा। पहले इस तरह होता रहा है लेकिन अब नहीं होगा। बताते चलें कि भाजपा ने भी राज्यसभा चुनाव में प्रत्याशी देने की घोषणा कर दी है। झारखंड विधानसभा में इसके 21 विधायक हैं जबकि इसके सहयोगी दल आजसू, जदयू तथा लोजपा (आर) के एक-एक विधायक हैं। इस तरह इसके पास 24 संख्या बल है जबकि प्रथम वरीयता के आधार पर एक सीट पर जीत सुनिश्चित करने के लिए कम से कम चार और विधायकों का समर्थन चाहिए।

# रिश्वत लेते एएसआई गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बोकारो।** एंटी करप्शन ब्यूरो धनबाद की टीम ने बोकारो जिले के बालीडीह थाना में पदस्थापित एएसआई मो. याकूब अंसारी को 5000 रुपये रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। कार्रवाई मंगलवार को नया मोड़ स्थित एक फल दुकान के सामने की गई। गिरफ्तारी के बाद आरोपी पुलिस पदाधिकारी को धनबाद स्थित एसीबी कार्यालय ले जाया गया जहां पूछताछ जारी है। मिली जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता ने मखदुमपुर इलाके में 13 डिसमिल जमीन लूट और धमकी दिए जाने के मामले में बालीडीह थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह को लिखित आवेदन दिया था। मामले की जांच एएसआई मो. याकूब अंसारी को सौंपी गई थी। आरोप है कि जांच के नाम पर एएसआई ने शिकायतकर्ता से खर्चा-पानी के लिए 5000 रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी अधिकारियों ने पूरे मामले का सत्यापन कराया। जांच में रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि होने के बाद टीम ने आरोपी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। मंगलवार को तय समय पर शिकायतकर्ता ने नया मोड़ के सामने अजय कुमार की फल दुकान के पास एएसआई मो. याकूब अंसारी को 5000 रुपये दिए। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद एसीबी टीम ने उसे रंगेहाथ पकड़ लिया। एसीबी अधिकारियों ने बताया कि पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेजा जाएगा।

### प्रेमी जोड़े ने ट्रेन से कट दी जान

**चाईबासा(नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के सोनुआ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक और युवती का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई और पुलिस मौके पर पहुंची। शुरुआती जांच में दोनों की पहचान नहीं हो पाई थी जिससे मामला और भी रहस्यमय हो गया था। पुलिस ने घटनास्थल को सुरक्षित करते हुए जांच शुरू की और आसपास से मिले सामान को कब्जे में लिया। घटनास्थल से पुलिस को एक बैग, कई रेलवे टिकट और युवक की पैंट की जेब से एक मोबाइल फोन मिला था। मोबाइल बंद होने के कारण मृतकों की पहचान में दिक्कत आ रही थी। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल के सिम कार्ड को दूसरे फोन में डालकर जांच की। इसी दौरान युवक के परिजनों का कॉल आया जिससे पहचान का रास्ता साफ हुआ। दोनों की पहचान सोनुआ प्रखंड के भालूरूंगी गांव निवासी अर्जुन महतो और खुशबू महतो के रूप में हुई। पुलिस फिलहाल इस मामले को प्रथम दृष्टया आत्महत्या मानकर जांच कर रही है।

# राहुल दूबे गैंग के छह अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** संगठित अपराध के खिलाफ रामगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की टीम ने पतरातू क्षेत्र में विशेष छापेमारी अभियान चलाकर कुख्यात राहुल दूबे गैंग के सक्रिय छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है। साथ ही एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। पुलिस ने अपराधियों के पास से अवैध हथियार, भारी मात्रा में जिंदा गोलियां, बाइक और मोबाइल भी बरामद किया है। इसकी पुष्टि रामगढ़ एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने की है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना पर पतरातू के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राघवेंद्र शर्मा के नेतृत्व में गठित विशेष पुलिस टीम ने 25 मई (सोमवार)की रात छापेमारी कर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अपराधी पतरातू थाना क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य और मानवीय सूचना के आधार पर घेराबंदी कर सभी अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों में विकास साव, विशाल कुमार, बिट्टू कुमार रवि, हीरालाल कुमार, दिगम्बर प्रजापति उर्फ डेगन और एहतेसाम अंसारी उर्फ दुर्लभ शामिल हैं। पुलिस के अनुसार सभी आरोपी राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य हैं और उन्होंने पूछताछ में कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। गिरफ्तार अपराधियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने राहुल दुबे और उसके संगठन के अन्य लोगों के इशारे पर विगत माह/पूर्व में पतरातू थाना क्षेत्र के रेलवे फ्लाईओवर ब्रिज के गेट पर, ओसम डेयरी प्लांट के गेट पर एवं अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट में गोलीबारी की घटना में शामिल थे। एसपी मुकेश कुमार लुणायत ने बताया कि पतरातू क्षेत्र में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से कई लोगों को एक जगह जमा होने की सूचना मिली थी। इसके बाद एक टीम बनाई गई और टीम ने छापेमारी कर छह अपराधियों को गिरफ्तार किया है और एक नाबालिग को निरुद्ध किया। उन्होंने बताया कि अपराधियों के पास से पुलिस ने एक लोडेड देसी पिस्टल, दो मैगजीन, 34 जिंदा कारतूस, तीन मोटरसाइकिल और छह एंड्रॉयड मोबाइल जब्त किए हैं।

# तीन साल से लापता हैं सीआरपीएफ जवान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में तीन साल से लापता सीआरपीएफ जवान के परिवार ने अब मामले की सीबीआई जांच की मांग उठाई है। परिवार का कहना है कि सरकार या तो जवान को खोजे या फिर उसे शहीद घोषित करे। सीआरपीएफ की 197वीं बटालियन में तैनात कांस्टेबल बादल मुर्मू 6 जनवरी 2023 को झारखंड के सारंडा जंगल स्थित किरीबुरु बेस कैंप से रहस्यमय तरीके से लापता हो गए थे। परिवार को आशंका है कि उनका माओवादियों ने अपहरण कर लिया होगा। बादल मुर्मू की पत्नी झानो मुर्मू ने कहा कि पिछले तीन वर्षों से परिवार सरकारी चुप्पी से परेशान है। उन्होंने बताया कि उन्होंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, डीजीपी, डीआइजी समेत कई वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग की लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। झानो मुर्मू ने बताया कि परिवार फिलहाल सीआरपीएफ से मिलने वाली 13 हजार रुपये मासिक पेंशन पर निर्भर है जिससे उनका और उनके छह वर्षीय बेटे का पालन-पोषण मुश्किल हो रहा है। वहीं पश्चिमी सिंहभूम के एसपी अमित रेणु ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। उन्होंने कहा कि हम गुमशुदगी से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रहे हैं। फिलहाल इससे ज्यादा टिप्पणी नहीं कर सकता।


# बकरीद को लेकर अतिरिक्त जवानों की तैनाती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** बकरीद पर्व को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। शहर के सभी संवेदनशील स्थानों की निगरानी रखी जा रही है। इसके साथ ही शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त फोर्स की तैनाती भी की गई है। बकरीद के पर्व को देखते हुए रांची पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए रांची में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। सिटी एसपी पारस राणा ने बताया कि बकरीद के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए हजार से ज्यादा अतिरिक्त जवान तैनात किए गए हैं। अतिरिक्त जवानों में अर्धसैनिक बल, जैप, एसटीएफ, जिला बल और होमगार्ड शामिल हैं। अतिरिक्त जवानों की तैनाती का मकसद संवेदनशील इलाकों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और धार्मिक स्थलों पर कड़ी निगरानी रखना है। साथ ही कंट्रोल रूम से 24 घंटे इन इलाकों पर नजर रखी जाएगी और संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। रांची के सिटी एसपी ने बताया कि



सभी थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठकें आयोजित की गई हैं। शांति समिति की बैठक में सौहार्दपूर्ण वातावरण में बकरीद मनाने की अपील की गई है। इस दौरान समाज के लोगों को महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी जानकारी दी गई है। राजधानी रांची में असामाजिक तत्वों को चिन्हित किया जा रहा है। ऐसे लोगों की सूची बनाई जा रही है जो सांप्रदायिक कांडों में संलिप्त रहे हैं। ऐसे कांडों में शामिल लोगों पर पुलिस ने थाना स्तर पर क्या कार्रवाई की है, इसके बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है। पूर्व में हुई झड़प के दौरान उत्पात में शामिल तत्वों के बारे में भी सभी थानों से जानकारी ली जा रही है। ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनपर निरोधात्मक कार्रवाई की जा रही है। घटना की वजह और उसकी पृष्ठभूमि में शामिल लोगों के बारे में भी जानकारी इकट्ठा की जा रही है। खासकर सोशल मीडिया पर विभिन्न तरह की अफवाह फैलाने वाले लोगों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### एससी-एसटी अत्याचार निवारण एवं पीईएमएसआर को लेकर जिला स्तरीय बैठक, दिए निर्देश

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी, विनोद दूहन की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 एवं नियम 1995 के तहत जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति और मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 के अंतर्गत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अररिया श्री जितेन्द्र कुमार भी उपस्थित थे। बैठक में संबंधित अधिनियमों के प्रभावी क्रियान्वयन, पीड़ितों को त्वरित सहायता एवं



पुनर्वास, लंबित मामलों की समीक्षा तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। साथ ही मैनुअल स्कैवेंजर प्रथा के उन्मूलन एवं प्रभावित व्यक्तियों के पुनर्वास से संबंधित बिंदुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित विभागों को निर्देश दिया गया कि अधिनियमों के प्रावधानों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित करते हुए पात्र लाभुकों को समय पर सहायता उपलब्ध कराई जाए। बैठक में अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, अररिया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अररिया, पुलिस उपाधीक्षक (मु०) अररिया, जिला कल्याण पदाधिकारी, अररिया, विशेष लोक अभियोजक, प्रभारी जिला अभियोजन पदाधिकारी, अररिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जानवर की कुबार्नी के साथ साथ, अमानवीयता, घृणा, क्रोध, व स्वार्थ को भी कुर्बान करें : मुफ्ती आरिफ सिद्दीकी

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गुरुवार को बकरीद पूरे देश भर में मनाया जाएगा। इस अवसर पर नाजिम दारुल उलूम फैज ए रहमानी, वीर नगर बिसरया, मदनी नगर, भरगामा ने बकरीद के त्योहार को अच्छे ढंग से शांतिपूर्वक मनाने का संदेश दिया और कहा कि साफ सफाई इस्लाम धर्म में आधा ईमान है, इसलिए बकरीद के इस पावन पर्व पर साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखें। हमारी वजह से किसी की भावना को ठेंस न पहुंचे, इस बात पर हमें पूरा ध्यान देना चाहिये तथा किसी भी



अफवाहों पर ध्यान भी ना दें। उन्होंने ने कहा कि कुबार्नी इसलाम धर्म की पहचान है, जब कोई कुबार्नी दे तो केवल अपने जानवर की कुबार्नी न दे बल्कि जानवर की कुबार्नी करने के साथ-साथ अपने मन, मोह, काम, क्रोध, विद्वेष, घृणा, ईष्या, अमानवीयता तथा स्वार्थ को भी कुर्बान करे, तब जाकर कुबार्नी पूरी होगी। यही धर्म इस्लाम कहता है। उन्होंने कहा कि कोई भी पर्व किसी विशेष वर्ग का नहीं होता, उसमें किसी ना किसी ऐतबार से हर वर्ग और समूह का सहयोग होता है। इसलिए भाईचारा,सादगी और साम्प्रदायिक सौहार्द के साथ पर्व को मनाया जाए, मुफ्ती मुहम्मद आरिफ सिद्दीकी साहब ने कहा कि कुबार्नी देश के लिए बलिदान देना सिखाती है तथा विश्बन्धुत्व का पाठ पढ़ाती है। उन्होंने पूरे जिले वासियों को बकरीद पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस मौके पर पूरा पूरा गरीबों ,मोहताजों का खास ख्याल रखें। आस पास में अवशिष्ट वस्तु को ना फैंके, साफ सफाई का पूरा पूरा ख्याल रखें। उन्होंने कहा कि बकरीद पर्व शांतिपूर्वक रूप से मनाएं और हो सके तो शालन में कम मसाले का प्रयोग करें। जहां तक हो सके सुपाच्य भोजन करें और पानी भी पीते रहें। एक बार से अधिक भोजन करने से बचें। कोल्ड ड्रिंक आदि का सेवन ना करें, अपने भोजन में पपीता को शामिल करें।

### पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना की प्रगति की समीक्षा, अधिक से अधिक लोगों तक लाभ पहुंचाने के दिए निर्देश

**अररिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरेलू उपभोक्ताओं की छतों पर सोलर पैनल अधिष्ठापन एवं कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के लिए मुफ्त सोलर पैनल लगाने की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान बताया गया कि विद्युत प्रमंडल अररिया एवं फारबिसगंज में कुटीर ज्योति योजना के तहत 6293 तथा पीएम सूर्य घर योजना के अंतर्गत 1711 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्राप्त आवेदनों के आधार पर वेंडर चयन की प्रक्रिया में तेजी लाई जाए तथा अधिक से अधिक लाभुकों को योजना



से जोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। उन्होंने सोलर पैनल अधिष्ठापन के लिए बैंक ऋण उपलब्ध कराने हेतु संबंधित शाखा प्रबंधकों के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। साथ ही योजना के कार्यान्वयन में तेजी लाने एवं आम लोगों तक इसका लाभ पहुंचाने पर विशेष जोर दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि स्थानीय वार्ड सदस्य, मुखिया एवं मीटर रीडर के माध्यम से लोगों को पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति जागरूक किया जाए। कुटीर ज्योति उपभोक्ताओं के लिए प्रखंडवार जीविका समूहों के माध्यम से सहमति पत्र भरवाने की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार छठ पूजा में सूर्य की उपासना की जाती है, उसी प्रकार सूर्य की शक्ति का उपयोग बिजली उत्पादन में भी किया जाना चाहिए। उन्होंने ऊपर बिजली, नीचे मछली की तर्ज पर बड़े तालाबों पर सोलर पैनल अधिष्ठापन की संभावनाएं तलाशने का भी निर्देश दिया। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष आफताब अजीम पप्पू, नगर परिषद अररिया के अध्यक्ष विजय कुमार मिश्रा, प्रभारी पदाधिकारी विकास प्रशाखा अररिया तथा विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता अररिया एवं फारबिसगंज सहित संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### एनएसई में इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) की लाइव ट्रेडिंग शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) ने आज, 18 मई, 2026 से इलेक्ट्रॉनिक गोल्ड रिसीट्स (ईजीआर) सेगमेंट में लाइव ट्रेडिंग शुरू कर दी है। इससे पहले 16 मई, 2026, शनिवार को मॉक ट्रेडिंग का आयोजन किया गया था, जो बिना किसी तकनीकी दिक्कत या सिस्टम एरर के सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इसके बाद आज लाइव ट्रेडिंग भी पूरी तरह सुचारु तरीके से शुरू हुई और सभी सिस्टम्स सही तरीके से काम करते रहे। ईजीआर प्रोडक्ट को लेकर एक्सचेंज को मार्केट पार्टिसिपेंट्स और पूरे इकोसिस्टम से शानदार प्रतिक्रिया मिली है। इससे जुड़े प्रमुख अपडेट्स इस प्रकार हैं: वॉल्टिंग और कलेक्शन सेंटर्स फिलहाल अहमदाबाद और मुंबई में शुरू हो चुके हैं।

# कल्याण विभाग एवं छात्रावासों की स्थिति की उपायुक्त ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हजारीबाग ब्यूरो ।** उपायुक्त श्री हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में कल्याण विभाग द्वारा संचालित बालक एवं बालिका छात्रावासों की संख्या, उनकी वर्तमान स्थिति तथा विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में संचालित छात्रावासों का नियमित भ्रमण कर उनकी अद्यतन स्थिति का प्रतिवेदन समर्पित करें। उन्होंने कहा कि छात्रावासों में रहने वाले छात्र-छात्राओं, विशेषकर बालिकाओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे ध्यान में रखते हुए छात्रावासों में प्रकाश व्यवस्था,



बाउंड्रीवाल, शौचालय, स्वच्छता एवं रखरखाव आदि का गहन निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए। उपायुक्त ने जिले के सभी असंचालित छात्रावासों को शीघ्र क्रियाशील करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जो प्रखंड कल्याण पदाधिकारी अपने क्षेत्र के असंचालित छात्रावासों को पुनः संचालित कराने में सफल होंगे, उन्हें आगामी 15 अगस्त के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। बैठक में आवासीय विद्यालयों में शिक्षकों की कमी की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यकतानुसार अतिरिक्त शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित न हो। समीक्षा बैठक में साइकिल वितरण योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति एवं मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी प्रखंड कल्याण पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उप स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण करें तथा मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से संबंधित आवेदन प्रपत्र जरूरतमंद एवं गरीब नागरिकों को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि अधिकाधिक लाभुक योजना से लाभान्वित हो सकें। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने जिले के पीवीटीजी बहुल क्षेत्रों में आधार कार्ड निर्माण हेतु विशेष आधार शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले पात्र व्यक्तियों को आधार पंजीकरण की सुविधा सुलभ हो सके। बैठक में उप विकास आयुक्त श्रीमती रिया सिंह, सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्री आदित्य पांडेय,जिला कल्याण पदाधिकारी श्रीमती मां देव प्रिया मौजूद थी।

# मजदूरों के आंदोलन स्थल पहुंचे पूर्व विधायक विनोद सिंह व राजकुमार यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** बालमुकुंद फैक्ट्री के खिलाफ असंगठित मजदूर मोर्चा और भाकपा माले के बैनर तले चल रहा अनिश्चितकालीन धरना मंगलवार को 14वें दिन भी जारी रहा। मजदूरों ने फैक्ट्री प्रबंधन पर शोषण, स्थानीय मजदूरों की अनदेखी और श्रम कानूनों के उल्लंघन का आरोप लगाया। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा पूरे जिले में फैलाया जाएगा पूर्व विधायक विनोद सिंह ने कहा कि गिरिडीह की पहचान हरियाली, कृषि और प्राकृतिक संसाधनों से है, लेकिन फैक्ट्रियों के कारण कृषि भूमि बंजर होती जा रही है। उन्होंने कहा कि आंदोलन किसी उद्योग के खिलाफ नहीं बल्कि मजदूरों के अधिकार और स्थानीय लोगों को रोजगार दिलाने के लिए है। उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन को चेतावनी देते हुए कहा कि मजदूरों की लड़ाई लंबी



तथा जिलेभर में चक्का जाम किया जाएगा।धरना स्थल पर पूर्व विधायक राजकुमार यादव और विनोद सिंह पहुंचे तथा मजदूरों का हौसला बढ़ाया। इस दौरान दोनों नेताओं ने कहा कि मजदूरों के हक-अधिकार की लड़ाई आगे भी जारी रहेगी और किसी भी कीमत पर शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा पूर्व विधायक राजकुमार यादव ने कहा कि गिरिडीह में उद्योगों के नाम पर खेती, जल-जंगल-जमीन और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि स्थानीय लोगों को रोजगार देने के नियम का पालन नहीं किया जा रहा है तथा मजदूरों से 8 घंटे के बदले 12 घंटे काम कराया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्रशासन और फैक्ट्री प्रबंधन नहीं चेते तो आंदोलन चलेगी और माले पीछे हटने वाला नहीं है धरना के दौरान जिला सचिव अशोक पासवान, किसान नेता पूरन महतो, कन्हैया पांडेय, राजेश सिन्हा, उस्मान अंसारी, शेखर सुमन, मनुवर हसन बंटी समेत कई नेताओं ने भी संबोधित किया। नेताओं ने फैक्ट्री प्रबंधन पर मनमानी और मजदूरों के साथ अमानवीय व्यवहार का आरोप लगाया इस दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की टीम भी धरना स्थल पहुंची। अनुमंडल पदाधिकारी धीरेन्द्र कुमार, अंचल अधिकारी जितेंद्र प्रसाद, एसडीपीओ जितवाहन उरांव, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी राजेश कुमार समेत कई अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लिया और मजदूरों से बातचीत की।

# मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस का हस्ताक्षर अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से सोमवार को जिले के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर केंद्र सरकार द्वारा पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में की जा रही वृद्धि के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने स्वेच्छा से अभियान में भाग लेकर समर्थन जताया कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में बैनर और पार्टी के झंडे लेकर ह्लपेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि वापस लोह्व, ह्लमहंगाई पर रोक लगाओह्व तथा ह्लकेंद्र सरकार इस्तीफा दोह्व जैसे नारे लगा रहे थे। अभियान में मुख्य रूप से राजेश दूरी, बिलाल अहमद हुसैनी, ओवैस अंसारी, नागेश्वर मंडल, गुड्डू मलिक सहित



कई कार्यकर्ता मौजूद रहे इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश केडिया ने कहा कि विधानसभा चुनाव के बाद केंद्र सरकार लगातार खाड़ी युद्ध का हवाला देकर जनता पर महंगाई का बोझ डाल रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व में भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों में वृद्धि हुई थी, लेकिन तब आम लोगों को आज की तुलना में कम कीमत पर पेट्रोल-डीजल उपलब्ध कराया जाता था उन्होंने आरोप लगाया कि वर्तमान समय में आम जनता पहले से ही आर्थिक परेशानियों से जूझ रही है और ऐसे में लगातार बढ़ती महंगाई लोगों की कमर तोड़ रही है। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों की कीमतों में भी अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है तथा सरसों तेल 200 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है।

## बकरीद को लेकर पुलिस अलर्ट मॉक ड्रिल व फ्लैग मार्च आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** आगामी बकरीद पर्व के मद्देनजर जिले में विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर गिरिडीह पुलिस पूरी तरह सतर्क नजर आ रही है। इसी क्रम में सोमवार दिनांक 26 मई 2026 को पुलिस केंद्र गिरिडीह में शाम 4:30 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसके बाद शाम 5:30 बजे बड़ा चौक के पास फ्लैग मार्च निकाला गया मॉक ड्रिल के माध्यम से पुलिस बल को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने का अभ्यास कराया गया। वहीं फ्लैग मार्च के जरिए आम लोगों को सुरक्षा का संदेश देते हुए शांति एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई इस दौरान पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

# नाबालिग युवक पर जानलेवा हमला, दो आरोपी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरारी (कटिहार)।** प्रखंड के सेमापुर थाना क्षेत्र के अनारकली गांव में एक नाबालिग युवक पर जानलेवा हमला करने का मामला प्रकाश में आया है। इस घटना में घायल युवक की पहचान अनारकली निवासी खैरूल बसर के पुत्र मोहम्मद फरहान (13) के रूप में हुई है।बताया जाता है कि मोहम्मद फरहान साइकिल से अपने नाना के घर सकरेली जा रहा था।

इसी दौरान रास्ते में कुछ लोगों ने उसे रोक लिया और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लाठी-डंडे एवं लोहे की रॉड से हमला कर दिया। हमले में फरहान गंभीर रूप से घायल हो गया और मौके पर ही गिर पड़ा। घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पीड़ित परिवार द्वारा सेमापुर थाना में आवेदन देकर न्याय की मांग की गई। आवेदन में शाहिद, सकीउद्दीन,शमशाद आलम सहित आठ लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। सेमापुर थानाध्यक्ष रमाशंकर कुमार ने बताया कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर त्वरित कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी मंजर आलम एवं हुरमुज अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है।

# बकरीद को लेकर एसपी व डीसी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** आगामी बकरीद पर्व के दौरान जिले में शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में सोमवार दिनांक 26 मई 2026 को पुलिस केंद्र गिरिडीह में शाम 4:30 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसके उपरांत शाम 5:30 बजे बड़ा चौक के पास फ्लैग मार्च निकाला गया फ्लैग मार्च का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक (एसपी) एवं उपायुक्त (डीसी) ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान एसडीओ, एसडीपीओ, डीएसपी, विभिन्न थाना प्रभारी सहित जिले के कई पुलिस पदाधिकारी एवं जवान मौजूद रहे मॉक ड्रिल के माध्यम से पुलिस बल को आपात स्थिति से निपटने एवं



सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने का अभ्यास कराया गया। वहीं फ्लैग मार्च के जरिए आम लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की गई पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि पर्व के दौरान जिले के संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जाएगी तथा किसी भी तरह की अफवाह फैलाने वालों एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# बहुफसली जमीन पर नहीं बने स्टेडियम, किसानों को मिले उचित मुआवजा : राजेश यादव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** करणपुरा में निमार्णाधीन स्टेडियम को लेकर जमीन गंवा रहे किसानों और भू-स्वामियों के समर्थन में फॉरवर्ड ब्लॉक सामने आया है। पार्टी के जिला संयोजक सह पूर्व जिला परिषद सदस्य राजेश यादव ने मंगलवार को प्रभावित किसानों के साथ निर्माण स्थल का दौरा कर उनकी समस्याएं सुनीं इस दौरान उन्होंने कहा कि स्टेडियम का निर्माण किसी वैकल्पिक स्थान पर किया जाना चाहिए, न कि उन बहुफसली खेतों पर जहां पिछले सौ वर्षों से खेती होती आ रही है। उन्होंने कहा कि यदि किसी कारणवश इसी जमीन पर निर्माण अनिवार्य हो, तो किसानों और भू-स्वामियों को पर्याप्त मुआवजा देकर ही कार्य किया जाए राजेश यादव ने स्थानीय लोगों के साथ निर्माण स्थल और आसपास के खेतों का जायजा लिया। उन्होंने बताया कि उक्त क्षेत्र एक जीवित नाला के किनारे स्थित होने के कारण खेती के लिए अत्यंत उपजाऊ और उपयोगी रहा है।

पीड़ित किसानों ने उन्हें बताया कि जमीन अधिग्रहण के खिलाफ कई स्तरों पर आवेदन देने के बाद भी सुनवाई नहीं हुई, जिसके बाद उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। किसानों का आरोप है कि कोर्ट से राहत मिलने और फिलहाल निर्माण कार्य रोकने का निर्देश मिलने के बावजूद जबरन काम जारी रखा जा रहा है किसानों ने यह भी आशंका जताई कि यदि वे निर्माण कार्य का विरोध करते हैं तो उन पर झूठे मुकदमे दर्ज किए जा सकते हैं। उन्होंने अपनी बेबसी जाहिर करते हुए कहा कि वे अपनी पुश्तैनी जमीन और खेतों को छिनते हुए देखने को मजबूर हैं मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए राजेश यादव ने जिला प्रशासन, स्थानीय विधायक, सांसद और राज्य सरकार से पीड़ित किसानों को न्याय दिलाने की मांग की। उन्होंने कहा कि विकास के नाम पर किसानों की उपजाऊ जमीन को निशाना बनाना गलत नीति है।

# नगर पंचायत के सामान्य बोर्ड की बैठक में 240 करोड़ की योजनाओं का प्रस्ताव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** मंगलवार को नगर पंचायत के सभागार में मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखो यादव के अध्यक्षता मे मासिक सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमे नगर के चहुंओर सौन्दर्यीकरण को लेकर नगर विकास विभाग को दो सौ 40 करोड़ का प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिए गये।

मुख्य पार्षद ने बताया कि कुटी घाट से मस्जिद घाट तक रिवर फ्रंट निर्माण कार्य का पहला प्रस्ताव है। उन्होने बताया कि नगर क्षेत्र मे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फाइव स्टार होटल का भी निर्माण कराया जाएगा । बाहर से आने वाले पर्यटको के लिए गंगा नदी मे जहाज पर रेस्तरा, मल्टी पर्पस मॉल, आधुनिक तरह के नाव, स्कुटर युक्त मोटर वोट गंगा तट के सौंदर्यीकरण मे चार चांद लगायेगा। मुख्य पार्षद ने बताया की ईओ को निर्देशित किया गया है कि नगर के जेई के साथ गंगा तट पर हो रहे रिवर फ्रंट तथा शवदाह गृह निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच करें। इन दोनो कार्य स्थल पर कोई अनियमितता दिखती है तो इसकी शिकायत नगर विकास विभाग को यथा शीघ्र करें। बैठक के बाद सभी लोगो ने सुल्तानगंज गोली कांड मे मृतक मुख्य पार्षद तथा ईओ को श्रद्धांजलि अर्पित किया। मौके पर ईओ अरविंद पासवान, उप मुख्य पार्षद शुभम पोद्दार, वार्ड पार्षद रीता देवी, बेचन सिंह, स्मिता सिन्हा, गुलाब चौधरी, ओमकुमार गुप्ता, निशा कुमारी, कुमोद देवी,काजल देवी लख्खी देवी, अनुज मंडल, श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी को लेकर आयुक्त ने की उच्चस्तरीय बैठक, शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती कुमुद सहाय की अध्यक्षता में भीषण गर्मी एवं बढ़ते तापमान के मद्देनजर रखते हुए आमजन को राहत पहुंचाने हेतु पियाऊ एवं पेयजल की व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में गढ़वा उपायुक्त श्री पशुपति नाथ मिश्रा एवं लातेहार उपायुक्त श्री संदीप कुमार उपस्थित रहे तथा संबंधित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित थे। आयुक्त ने वर्तमान समय में पड़ रही अत्यधिक गर्मी को देखते हुए कहा कि शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के नागरिकों को स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी



अधिकारियों को आदेश दिया कि निम्नलिखित सुविधाएँ जल्द से जल्द ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के लोगों को मुहैया कराया जाए, जैसे - प्रमुख चौक-चौराहों, बस स्टैंड, बाजार क्षेत्रों, अस्पतालों एवं सार्वजनिक स्थलों के समीप तत्काल प्रभाव से घड़ा की व्यवस्था सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। खराब पड़े चापाकल को जल्द से ठीक कराया जाए, जिससे ग्रामीणों को पियाऊ जल की पूर्ति के लिए दूर न जाना पड़े। ग्रामीण क्षेत्रों में जल सहिया के द्वारा सभी आमजनों को जागरूक करना कि पेयजल का दुरूपयोग न किया जाए। पहाड़ों से बहते जल स्रोतों के संरक्षण पर बल दिया। जलमीनार की संख्या में बढ़ोतरी की जाए तथा अकार्यात्मक जलमीनारो को जल्द से जल्द ठीक कराया जाए। हर घर जल योजना को शत प्रतिशत करने का आदेश दिए। टैंकरो की संख्या में बढ़ोतरी करने का निर्देश जिससे हर घर पियाऊ जल की पूर्ति हो सके।

## बढ़ती गर्मी को देखकर अलर्ट: बगैर काम घर से बाहर न निकले

गर्मी की लहर (हिट वेव) को देखते हुए पलामू प्रमंडलीय आयुक्त एवं तीनों जिलों के उपायुक्त (पलामू, लातेहार, गढ़वा) ने जिलों के नागरिको से आग्रह किया है कि अपने आप को हाइड्रेटेड (जलयोजित) रखने के लिए आम पन्ना, सत्तु पानी, नींबू पानी का सेवन करें। साथ ही घर से बाहर निकलते समय गमछा, तौलिया या कपड़े से अच्छी तरह ढककर निकले, जिससे लू एवं ताप की लहर से बचाव हो सके। आयुक्त ने जन साधारण से अपील करते हुए कहा है कि पेयजल का अनावश्यक दुरुपयोग एवं बबार्दी न करें। प्रत्येक व्यक्ति पानी का उपयोग जरूरत के अनुसार ही करे, ताकि सभी लोगों तक पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सके। इस बीच बारिश होती है तो वाटर हार्वेस्टिंग से जल का संचय अवश्य करें। घरों, संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वर्षा जल संरक्षण की व्यवस्था विकसित कर भविष्य के लिए जल संरक्षण कर सकते है । भूमिगत जल स्तर (अंडर वाटर) को सुरक्षित रखने एवं वर्षा जल के संरक्षण के लिए सोक पिट का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। अपने घरों, संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सोख्ता पिट निर्माण कराने की अपील आयुक्त ने की है, ताकि वर्षा का पानी जमीन के अंदर जाकर भू-जल स्तर को बढ़ाने में सहायक हो सके। बैठक में गढ़वा उपायुक्त एवं लातेहार उपायुक्त ने अपने-अपने जिलों में चल रही पेयजल व्यवस्थाओं एवं पियाऊ जल संचालन की जानकारी प्रस्तुत की। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि पेयजल आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के त्वरित निष्पादन हेतु नियंत्रण कक्ष एवं मॉनिटरिंग व्यवस्था को और अधिक सक्रिय बनाया जाए। जिससे शिकायतों का निराकरण हो सके।

# सड़क दुर्घटना में थानाध्यक्ष सहित छह घायल

## रिमांड के बाद पर्यवेक्षण गृह छोड़ने जा रहे थे नाबालिगों को

- दो नाबालिग बंदी समेत छह जख्मी
- थाना प्रभारी की हालत गंभीर
- स्थानीय लोगों ने दिखाई तत्परता



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेखपुरा।** जमुई-सिकंदरा मुख्य मार्ग पर चौडीहा के पास मंगलवार दोपहर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार पुलिस की बोलेरो वाहन बकरी को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। इस दुर्घटना में शेखपुरा जिले के कसार थाना प्रभारी समेत कुल छह लोग घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए सभी घायलों को बोलेरो वाहन से बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। इसके बाद डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घायलों में होमगार्ड जवान रवि कुमार, चौकीदार श्रवण पासवान, अलखनिरंजन के अलावा दो नाबालिग बंदी शामिल हैं। अस्पताल सूत्रों के अनुसार थाना प्रभारी की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, जबकि अन्य घायलों की हालत फिलहाल खतरे से बाहर है। सभी का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है और डॉक्टरों की टीम लगातार निगरानी कर रही है।

जानकारी के अनुसार, हत्या के एक मामले में दो नाबालिगों को पहले पर्यवेक्षण गृह जमुई में रखा गया था। कोर्ट के आदेश के बाद कसार थाना पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए रिमांड पर लेकर आई थी। पूछताछ पूरी होने के बाद थाना प्रभारी स्वयं पुलिस बोलेरो वाहन से दोनों नाबालिगों को वापस पर्यवेक्षण गृह छोड़ने जा रहे थे। इसी दौरान यह हादसा हो गया।

बताया जाता है कि जैसे ही वाहन चौडीहा के पास पहुंचा, अचानक सड़क पर एक बकरी आ गई। उसे बचाने के प्रयास में चालक ने तेजी से ब्रेक या मोड़ लिया, जिससे बोलेरो अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही कि वाहन सड़क किनारे एक पेड़ से अटककर रुक गया, अन्यथा हादसा और भी बड़ा हो सकता था।

हादसे के तुरंत बाद स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। सभी घायलों को सुरक्षित बाहर निकालकर प्राथमिक सहायता दी गई। इसके बाद पुलिस और प्रशासनिक टीम भी मौके पर पहुंची। जेसीबी की मदद से दुर्घटनाग्रस्त पुलिस वाहन को सड़क से हटाया गया, जिससे यातायात सामान्य हो सका।

## पानी लेने गई नाबालिग से दुष्कर्म का प्रयास

**हाजीपुर।** जिले के लालगंज थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग किशोरी से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी युवक अपनी बहन के घर आया हुआ था। इसी दौरान उसने पड़ोस में रहने वाली किशोरी को निशाना बनाया। बताया गया कि देर रात पीड़िता घर से बाहर चापाकल पर पानी लेने गई थी। तभी आरोपी ने उसे पकड़ लिया और उसका मुंह कपड़े से बांधकर पास के मक्के के खेत में ले गया। वहां उसने किशोरी के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। इसी बीच किशोरी के परिजनों को घटना की भनक लग गई। परिजन मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। इसके बाद ग्रामीणों की मदद से उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## राष्ट्रीय गीत को लेकर स्कूल में बवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** बिहार के कटिहार जिले में बरारी स्थित उच्च माध्यमिक विद्यालय सह उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मौलानाचक गुरमेला में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।

शनिवार को चेतना सत्र के दौरान राष्ट्रीय गीत के गायन का विरोध और शिक्षकों के बीच मारपीट की घटना के बाद सोमवार को भी विद्यालय खुलने पर चेतना सत्र आयोजित नहीं हो सका। बिना प्रार्थना के ही कक्षाओं का संचालन शुरू कर दिया गया। इससे अन्य शिक्षकों में आक्रोश है।

मामले में आरोप है कि बीते शनिवार को शिक्षक फरहन अंजुम ने चेतना सत्र के दौरान वंदे मातरम् के गायन का विरोध किया। जब अन्य शिक्षकों ने इसे सरकारी निर्देशों का पालन करने की बात कही तो स्थिति विवाद में बदल गई।

आरोप है कि इस दौरान शिक्षक अबू तालिब ने अन्य शिक्षकों के साथ गाली-गलौज और हाथापाई की। इतना ही नहीं उन्होंने कथित तौर पर माहौल बिगाड़ने की धमकी भी दी। स्थिति तब और बिगड़ गई, जब दोनों शिक्षकों ने अपने समर्थन में विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष सह वार्ड सदस्य अनारूल हक को बुला लिया। इससे विद्यालय परिसर में कुछ समय के लिए तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई और माहौल कुछ समय के लिए अराजक हो गया था। घटना के बाद विद्यालय के शिक्षक पियूष कुमार राणा, अमित कुमार, चांदनी कुमारी, नेहा कुमारी, अमित आनंद और अश्विनी कुमार ने बीआरसी पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

शिकायत में फरहन अंजूम पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के विरोध और अबू तालिब पर गाली-गलौज, हाथापाई तथा दंगा भड़काने की धमकी देने का आरोप लगाया गया है। बताया जा रहा है कि पूरी घटना विद्यालय के सीसीटीवी में कैद है।

## रक्षक बने भक्षक

### शांति समिति की बैठक में प्लास्टिक बैन की उड़ाई गईं धज्जियां




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेलागंज।** अंचलाधिकारी गजानंद मेहता के द्वारा शांति समिति की बैठक में सिंगल-यूज प्लास्टिक बैन की धज्जियां उड़ाती देखी गयी। सरकार का सख्त निर्देश है कि पर्यावरण बचाइए, सिंगल-यूज प्लास्टिक को जड़ से मिटाइए। आम गरीब दुकानदार की दुकान में एक प्लास्टिक की थैली मिल जाए, तो प्रशासन की टीम तुरंत भारी जुर्माना ठोक देती है। लेकिन क्या पर्यावरण के यह नियम सिर्फ आम जनता के लिए हैं? गया जिले के बेलागंज थाना परिसर से जो तस्वीरें सामने आ रही हैं, वे प्रशासनिक दोहरेपन की पोल खोलती हैं।

शांति समिति की बैठक में शामिल बेलागंज प्रखंड के सीओ गजानंद मेहता सिंगल यूज प्लास्टिक का दुरुपयोग करते नजर आ रहे है। जिस अधिकारी के कंधों पर पूरे बेलागंज इलाके में प्लास्टिक बैन को कड़ाई से लागू करवाने की जिम्मेदारी है, उन्हीं के हाल देख लीजिए।

अंचलाधिकारी गजानंद मेहता के द्वारा शांति की बैठकों में प्रतिबंधित प्लास्टिक की ग्लास धड़ल्ले से इस्तेमाल हो रहे हैं। कानून का पाठ पढ़ाने वाले साहब के नाक के नीचे ही नियमों को तार-तार किया जा रहा है।

आज जब लोग शांति समिति की बैठक में शामिल होने पहुंचे, तो वहां खुद अधिकारी नियमों का उल्लंघन करते दिख रहे हैं। जनता पूछ रही है कि यह कैसा दोहरा कानून है—गरीब पर जुर्माना और साहब को पूरी छूट?

पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम के तहत सिंगल-यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल पूरी तरह प्रतिबंधित और दंडनीय है। ऐसे में बेलागंज अंचलाधिकारी गजानंद मेहता के स्तर पर यह लापरवाही सरकार के पर्यावरण अभियान को सीधा झटका दे रही है। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या गया के जिला पदाधिकारी इस मामले का संज्ञान लेंगे? क्या आम जनता की तरह बेलागंज अंचलाधिकारी पर भी नियमों के उल्लंघन के लिए कोई प्रशासनिक या दंडात्मक कार्रवाई होगी?

बेलागंज उड गजानंद मेहता के ऊपर कार्रवाई की मांगः गया जिला प्रशासन से बेलागंज अंचलाधिकारी की इस घोर लापरवाही पर तुरंत जांच और कार्रवाई की मांग। नियमों को ताक पर रख चल रहा सिंगल-यूज प्लास्टिक का उपयोग। स्थानीय लोगों ने उठाया सवाल—जब प्रशासन खुद नियम तोड़े, तो जनता से उम्मीद क्यों?

गया जिला प्रशासन से बेलागंज अंचल कार्यालय की इस घोर लापरवाही पर तुरंत जांच और कार्रवाई की मांग।

## झूला से गिरकर मौत

**बिहारशरीफ।** राजगीर मलमास मेला में सोमवार देर रात एक दर्दनाक हादसे ने मेले की रौनक को मातम में बदल दिया। तेज रफ्तार स्ट्रिंग झूले से गिरकर नवादा जिले के एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मेले में अफरातफरी मच गई, जबकि प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर तत्काल सख्ती शुरू कर दी है। मृतक की पहचान नवादा जिले के नारदीगंज थाना क्षेत्र स्थित बिक्कू गांव निवासी 25 वर्षीय अमन कुमार के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि अमन अपने परिवार के साथ राजगीर मलमास मेला घूमने आया था। इसी दौरान वह अपने चचेरे भाई प्रिंस के साथ मेले में लगे स्ट्रिंग झूले पर सवार हुआ। प्रिंस के अनुसार झूला तेज गति से घूम रहा था। इसी बीच अमन का संतुलन अचानक बिगड़ गया और वह सिर के बल नीचे गिर पड़ा। घटना देखते ही वहां मौजूद लोगों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों और पुलिसकर्मियों की मदद से गंभीर रूप से घायल अमन को तुरंत अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया।

## ट्रेन पकड़ने जा रहे परिवार को बंधक बनाकर जेवरात और नकदी की लूट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सहरसा।** जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां बेखौफ अपराधियों ने तड़के सुबह एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया। सदर थाना क्षेत्र के कहरा कुटी के पास हथियारबंद बदमाशों ने ई-रिक्शा रोककर उसमें सवार यात्रियों से लाखों रुपये के सोने के जेवरात और नकदी लूट ली। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। पीड़ित परिवार ने इस संबंध में सहरसा सदर थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित सूरज कुमार (25 वर्ष) सहरसा नगर निगम के शिकायत एवं समाधान कार्यालय में कार्यरत हैं और बनगांव थाना क्षेत्र के नगर पंचायत वार्ड नंबर-7 के निवासी हैं। मंगलवार सुबह वह अपनी बहन सरिता देवी, बहनोई दिलीप मिश्रा, भांजे कृष्ण कुमार और ई-रिक्शा चालक अभिषेक कुमार के साथ सहरसा रेलवे स्टेशन जा रहे थे। सूरज को अपनी बहन और बहनोई को हैदराबाद जाने वाली कोसी एक्सप्रेस ट्रेन में बैठाना था।

पीड़ित ने बताया कि सुबह करीब 4 बजे जैसे ही उनका ई-रिक्शा कहरा कुटी के पास पहुंचा, तभी एक बाइक पर सवार तीन अज्ञात अपराधी वहां आ धमके। अपराधियों ने हथियार के बल पर ई-रिक्शा को जबरन रुकवा लिया। इसके बाद बदमाशों ने सूरज के गले से सोने की हनुमान वाली चकती, उनके बहनोई के गले से सोने की चेन और बहन व भांजे के गले से भी सोने के आभूषण छीन लिए।

इतना ही नहीं, अपराधियों ने पीड़ितों से 7 हजार रुपये नकद और ई-रिक्शा चालक का मोबाइल फोन भी लूट लिया।

पीड़ित परिवार के अनुसार, छीने गए सोने के आभूषणों की कुल कीमत लगभग 4 लाख रुपये है। वारदात को अंजाम देने के बाद अपराधी हथियार लहराते हुए मौके से फरार हो गए।

## संगठित गिरोह के छह सदस्य चढ़े पुलिस के हत्थे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** झारखंड के रामगढ़ जिले में सक्रिय संगठित अपराध पर बड़ी कार्रवाई करते हुए रामगढ़ पुलिस ने कुख्यात राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु के नेतृत्व में गठित विशेष छापामारी दल ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए कुल 6 अपराधियों को गिरफ्तार किया, जबकि एक विधि विरुद्ध किशोर को निरुद्ध किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पतरातु थाना क्षेत्र में कुछ अपराधी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहे हैं। सूचना के सत्यापन के बाद पुलिस ने तकनीकी साक्ष्य एवं मानवीय आसूचना के आधार पर छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने अपराधियों के पास से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस, बाइक एवं मोबाइल बरामद किए।

इस कार्रवाई में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु राघवेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में पतरातु थाना, भदानीनगर ओपी, भुरकुंडा ओपी एवं तकनीकी शाखा की टीम शामिल रही। पुलिस अधिकारियों और जवानों की संयुक्त कार्रवाई से यह सफलता मिली।

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अपराधी किसी बड़ी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में थे। गुप्त



सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तत्काल रणनीति बनाकर इलाके में छापेमारी अभियान चलाया और सभी आरोपियों को दबोच लिया।

छापेमारी के दौरान अपराधियों के कब्जे से अवैध हथियार, जिंदा कारतूस, बाइक और मोबाइल फोन बरामद किए गए। बरामद सामान के आधार पर पुलिस गिरोह की गतिविधियों की जांच कर रही है।

रामगढ़ पुलिस की इस कार्रवाई को जिले में संगठित अपराध के खिलाफ बड़ी सफलता माना जा रहा है। पुलिस अब राहुल दुबे गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में लगातार छापेमारी कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि अपराधियों के नेटवर्क को पूरी तरह ध्वस्त करने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## वर्षों बाद योगी बनकर भिक्षा लेने आया बेटा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बक्सर।** बक्सर जिले के धनसोई बाजार स्थित लोहार टोली में एक ऐसी भावुक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को भावुक कर दिया। 23 साल पहले घर छोड़कर गया युवक सोमवार को योगी के वेश में अपने ही घर भिक्षा मांगने पहुंच गया। लंबे बाल, बढ़ी दाढ़ी और संन्यासी रूप में पहुंचे युवक को पहले कोई पहचान नहीं पाया। लेकिन जब उसने सारंगी की धुन पर अपने बचपन और परिवार से जुड़े गीत गाने शुरू किए, तो परिजनों की आंखें भर आईं।

परिवार और गांव से जुड़े किस्सों को सुनते ही घरवालों ने उसे अपना खोया बेटा लखन शर्मा पहचान लिया।

इसके बाद घर में चीख-पुकार और भावुक माहौल बन गया। आसपास के लोग भी इस दृश्य को देखकर भावुक हो उठे। परिजनों के अनुसार साल 2003 में 15 वर्षीय लखन शर्मा पिता की डांट से नाराज होकर घर छोड़कर चला गया था। काफी तलाश के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला, जिसके बाद परिवार ने उम्मीद छोड़ दी थी।

सोमवार शाम अचानक लखन हाथ में सारंगी लिए जोगी के वेश में गांव पहुंचा। सूचना मिलते ही बहन, बहनोई और दूर-दराज के रिश्तेदार भी मौके पर पहुंच गए।

सभी लोग उसे संन्यास छोड़कर घर लौट आने की अपील करते रहे। हालांकि उत्तर प्रदेश के एक मठ से दीक्षा ले चुके लखन ने साफ कहा कि अब वह संन्यास धर्म का पालन कर रहा है और अपने फैसले से पीछे नहीं हट सकता।

लखन ने बताया कि उसकी संन्यास प्रक्रिया तभी पूरी होगी, जब वह अपने माता-पिता के हाथों से भिक्षा ग्रहण करेगा। बेटे की इस बात को सुनकर परिवार और ज्यादा भावुक हो गया। आखिरकार पिता दीपक शर्मा ने भारी मन और नम आंखों से बेटे को भिक्षा देकर विदा किया। इस मार्मिक दृश्य को देखकर वहां मौजूद हर शख्स की आंखें नम हो गईं। पूरे इलाके में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है।

## आतंकियों को करारा जवाब देने को हुनरमंद हुईं 652 कमांडो बेटियां



### पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स के अधिकारी हुए शामिल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोकामा।** बिहार की 652 कमांडो बेटियां आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। इनका मानना है कि यदि आतंकियों ने थोड़ी भी गुस्ताखी की, तो उनका अंत निश्चित है।

मोकामाघाट ग्रुप सेंटर से लगभग 270 दिनों की कठिन कमांडो ट्रेनिंग के बाद, इन बेटियों ने सोमवार को शपथ ली कि वे आतंकियों को मौत की नींद सुलाने और देश की सुरक्षा को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

सोमवार को आयोजित दीक्षा परेड सह शपथ ग्रहण समारोह में इन बेटियों ने आतंकियों को पल भर में मार गिराने का शानदार प्रदर्शन कर सभी का दिल जीत लिया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि बिहार के पुलिस महानिदेशक (प्रशिक्षण) निर्मल कुमार आजाद, बिहार सेक्टर सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार, ग्रुप केंद्र के डीआइजी रविंद्र भगत, पटना के ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार समेत कई आइपीएस अधिकारी, बिहार पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी, सीआरपीएफ के सभी अधिकारी, कमांडो बेटियों के माता-पिता और मोकामा के हजारों दर्शक उपस्थित थे।

कड़ी धूप के बावजूद, ग्रुप केंद्र में आयोजित इस समारोह में कमांडो बेटियों ने कदमताल करते हुए परेड की सलामी दी। मुख्य अतिथि निर्मल कुमार आजाद और राजकुमार ने परेड का निरीक्षण किया।

इस ऐतिहासिक समारोह में बिहार विशेष पुलिस सशस्त्र बल की बेटियों के प्रदर्शित हौसले और जज्बे को देखकर उनके माता-पिता भावुक हो गए।

दीक्षा समारोह को संबोधित करते हुए पुलिस महानिदेशक निर्मल कुमार आजाद ने कहा कि प्रशिक्षित बेटियां राज्य की शांति, सुरक्षा और व्यवस्था को सुदृढ़ रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

उन्होंने इस दीक्षा समारोह को गौरवपूर्ण ऐतिहासिक क्षण बताया। बिहार सेक्टर सीआरपीएफ के पुलिस महानिरीक्षक राजकुमार ने भी समारोह को संबोधित करते हुए उम्मीद जताई कि प्रशिक्षित बेटियां अपने कार्य क्षेत्र में जिम्मेदारी उठाने के लिए तत्पर हैं। समारोह के समापन पर जब कमांडो बेटियां अपने माता-पिता से मिलीं, तो सभी भावुक हो गए।

बेटियों ने अपने सिर की पगड़ी अपने पिता को पहनाई, जिससे उनकी खुशी और बढ़ गई। इस अवसर पर सर्वश्रेष्ठ छह कमांडो बेटियों जूही, निशा, स्वीटी, अंजना, साक्षी और दीपा राज को सम्मानित भी किया गया।

## दो पक्षों के बीच चाकूबाजी में दो लोगों की मौत, तीन गंभीर

### पुरानी रंजिश में दिया गया घटना को अंजाम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नवादा जिले के नरहट में पूर्व के विवाद में दो युवकों की हत्या कर दी गई है। मामला पुरानी रंजिश से जुड़ा है। सोमवार को मामले में फिर से एक नया मोड़ आया और दोनों पक्ष के लोग आपस में भिड़ गए, इसी बीच चाकूबाजी की घटना हुई। चाकू बाजी में दो लोगों की मौत हो गई है, जबकि दोनों पक्ष से तीन लोग गंभीर रूप से घायल है। घायलों को बेहतर उपचार के लिए उच्चतर संस्थान को रेफर कर दिया गया है।

मामला नरहट थाना क्षेत्र के छोटी पाली गांव का है। चाकूबाजी में पाली गांव निवासी मो. आरिफ का 25 वर्षीय बेटा कासिफ और इम्तियाज आलम का 18 वर्षीय बेटा अहमद की मौत हो गई। दोनों मृतक आपस में मामा-भांजा है।

इसी परिवार के दो अन्य लोग आतिफ और आमिर भी चाकू बाजी में गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। जबकि दूसरे पक्ष से एक महिला को गंभीर जख्म हुआ है। पाली गांव निवासी मो. फईम की बीबी नाजरी परवीन जख़्मी हुई है। घायलों का नवादा सदर अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा संस्थान के लिए रेफर कर दिया गया है।

दोनों पक्षों के बीच दिसंबर महीने में विवाद हुआ था। मारपीट के साथ छेड़खानी का मामला दर्ज कराया गया था। मामले में पुलिस लगातार छापेमारी कर रही थी। इसी बीच एक पक्ष से मो. फईम व्यवहार न्यायालय में आत्मसमर्पण करके जमानत लेने पहुंचा था, लेकिन उसे जमानत नहीं मिली और उसे न्यायिक हिरासत में ले लिया गया।

दूसरे पक्ष से काशिफ का चचेरा भाई



दानिश भी कोर्ट पहुंचा था। ऐसे में फईम के स्वजन को आशंका हुई कि इनके द्वारा ही जमानत नहीं होने दिया गया है। कोर्ट से लोग घर लौटे और रंजिश में घटना को अंजाम दिया।

युवकों की मौत के बाद पूरे परिवार में कोहराम मचा है। चाकूबाजी में संलिप्त आरोपितों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पुलिस लगातार छापेमारी में जुटी है।

थानाध्यक्ष गौतम कुमार ने बताया कि पुरानी रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना को गम्भीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## अस्पतालों से निकला पानी सीधे बहाया जा रहा नालियों में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** पर्यावरण को सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य महकमा कई आदेश निकालता है, लेकिन मानीटरिंग के अभाव में आदेश-निर्देश फाइलों में ही रह जाते हैं। ऐसा ही एक आदेश दो साल पहले समस्तीपुर के लिए निकला था। इसमें सभी सरकारी व निजी अस्पतालों में इनफ्लुएंस ट्रीटमेंट प्लांट (ईटीपी) लगाना अनिवार्य किया गया था।

सदर अस्पताल और रेफरल अस्पताल ताजपुर में प्रथम चरण में प्लांट लगाने का निर्णय लिया गया था, लेकिन अभी तक इसकी प्रक्रिया फाइलों में ही चल रही है।

अस्पतालों के ऑपरेशन थिएटर, आपातकाल और पैथोलॉजी विभाग से निकलने वाली गंदगी के साथ सफाई-धुलाई के बाद निकला पानी सीधे नालियों में बहाया जा रहा है। अस्पतालों की ओटी, कैजुअल्टी और पैथोलॉजी से निकलने वाली मेडिकल गंदगी सीधे नालियों में बहाई जा रही है।

इन नालियों का कनेक्शन रिहायशी इलाकों की नालियों से जुड़ा है। इससे लोगों में संक्रमण फैलने का खतरा रहता है। समस्तीपुर में सदर अस्पताल, अनुमंडल और प्रखंड स्तर के 20 सरकारी अस्पतालों में प्लांट लगाया जाना है।

प्रदूषण नियंत्रण विभाग की गाइडलाइन के मुताबिक ईटीपी बनवाने की पहल की गई थी। अस्पताल से नालों में डिस्चार्ज करने से पहले गंदे पानी का ट्रीटमेंट होगा। इसके बाद उसे नाले में बहाया जाएगा।

अस्पतालों से निकलने वाले गंदे पानी को बैक्टीरिया रहित बनाने वाले प्लांट को ईटीपी कहते हैं। इस प्लांट से गुजरने के बाद गंदा पानी शुद्ध (बैक्टीरिया रहित) हो जाता है। आगे इसी प्लांट से शुद्ध हुए पानी को टैंक में स्टोर कर जांच के बाद बागवानी, साफ-सफाई में उपयोग कर सकते हैं। ट्रीटमेंट के बाद उसमें बैक्टीरिया नहीं रहता है।

## पेट्रोल-डीजल और गैस ने बिगाड़ा खाने का स्वाद

### पहले 500 में चलती थी रसोई, अब दो दिन में ही बजट खत्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** पेट्रोल-डीजल की लगातार बढ़ती कीमतों, रसोई गैस की अनियमित आपूर्ति और विक्रमशिला पुल के क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित होने का सीधा असर अब स्थानीय बाजारों पर साफ दिखने लगा है। अकबरनगर बाजार में खाद्य सामग्री के दाम तेजी से बढ़ गए हैं, जिससे आम लोगों की रसोई का गणित पूरी तरह बिगड़ गया है।

सबसे अधिक असर हरी सब्जियों पर पड़ा है। आलू, प्याज, टमाटर, भिंडी, परवल, बैंगन सहित अन्य सब्जियों के दामों में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। स्थानीय सब्जी विक्रेताओं के अनुसार डीजल की कीमत बढ़ने से माल ढुलाई महंगी हो गई है। वहीं विक्रमशिला पुल क्षति घटना के बाद बड़े वाहनों को लंबा मार्ग तय करना पड़ रहा है, जिससे समय और भाड़ा दोनों बढ़ गए हैं। इसका सीधा असर थोक से लेकर खुदरा कीमतों तक दिखाई दे रहा है।

गृहिणियों का कहना है कि पहले 500 रुपये में पांच दिनों तक घर की सब्जियां आसानी से आ जाती थीं, लेकिन अब वही राशि मुश्किल से दो दिनों तक ही चल पा रही है। बाजार में रोज बदलते दामों ने घर का बजट पूरी तरह बिगाड़ दिया है। सब्जी विक्रेता राजेश कुमार ने बताया कि पहले भागलपुर मंडी से कम खर्च में सब्जियां पहुंच जाती थीं, लेकिन अब परिवहन लागत बढ़ने के कारण कीमतें बढ़ाना मजबूरी बन गई है।

महंगाई का असर केवल सब्जियों तक सीमित नहीं है। दूध, पनीर, दही और घी जैसे डेयरी उत्पादों के दामों में भी तेजी आई है। दूध विक्रेताओं के अनुसार पशु चारा, परिवहन और ईंधन की लागत बढ़ने से उत्पादन महंगा हो गया है।

पहले जहां पनीर 320 से 340 रुपये प्रति किलो मिलता था, अब वही 400 रुपये के आसपास पहुंच गया है। घी और मिठाई की कीमतों में भी लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है।

रसोई गैस की अनियमित आपूर्ति ने आम उपभोक्ताओं की परेशानी और बढ़ा दी है। कई परिवारों का कहना है कि समय पर सिलेंडर नहीं मिलने से उन्हें अतिरिक्त खर्च उठाना पड़ रहा है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि का असर सीधे परिवहन व्यवस्था पर पड़ा है, जिससे हर वस्तु की कीमत ऊपर चली गई है।

महंगाई की सबसे बड़ी मार दिहाड़ी मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों पर पड़ रही है।

# प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में खादी की बिक्री का नया रिकार्ड

## खादी से आत्मनिर्भर भारत को मिली मजबूती




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और मार्गदर्शन में खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र ने बीते 12 वर्षों में विकास और परिवर्तन की अभूतपूर्व यात्रा तय की है। वित्त वर्ष 2025-26 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों की बिक्री 1,87,105 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गई जो अब तक की सर्वाधिक बिक्री है और ग्रामीण भारत की बढ़ती उद्यमशीलता, आत्मनिर्भरता तथा आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त प्रमाण है। 'आत्मनिर्भर भारत', 'वोकल फॉर लोकल' और 'लोकल टू ग्लोबल' जैसे राष्ट्रीय अभियानों से प्रेरित होकर खादी आज केवल एक पारंपरिक उत्पाद नहीं, बल्कि 'नये भारत' की आत्मनिर्भरता, स्वदेशी गौरव और ग्रामीण समृद्धि का जीवंत प्रतीक बन चुकी है। उत्पादन, विपणन और रोजगार सृजन के नए कीर्तिमान स्थापित करते हुए खादी एवं ग्रामोद्योग क्षेत्र ने देश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई ऊर्जा और नई दिशा प्रदान की है।

**वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम आंकड़े**

नई दिल्ली के गांधी दर्शन, राजघाट स्थित कार्यालय में वित्त वर्ष 2025-26 के अंतिम आंकड़े जारी करते हुए केवीआइसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि आयोग ने उत्पादन, बिक्री और रोजगार सृजन के क्षेत्र में नया रिकॉर्ड स्थापित किया है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2013-14 की तुलना में पिछले 12 वर्षों में बिक्री में 501 प्रतिशत, उत्पादन में 380 प्रतिशत और रोजगार सृजन में 56 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। पूर्व वर्षों की प्रवृत्ति को रेखांकित करते हुए उन्होंने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में वर्ष 2013-14 की तुलना में बिक्री में 447 प्रतिशत और उत्पादन में 347 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

**खादी उत्पादों की बिक्री 1.87 लाख करोड़ रुपये के पार**

श्री कुमार ने कहा कि केवीआइसी का यह सशक्त प्रदर्शन 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को गति प्रदान करने के साथ-साथ भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्थाओं में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने इस उपलब्धि का श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रभावी मार्गदर्शन, महात्मा गांधी की प्रेरणा तथा देश के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत करोड़ों कारीगरों की मेहनत को दिया। अध्यक्ष केवीआइसी ने बताया कि वित्त वर्ष 13-14 में खादी और ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन जहां 26109 करोड़ रुपये था, वहीं वित्त वर्ष 25-26 में यह करीब पांच गुना बढ़कर 380 प्रतिशत के उछाल के साथ 125296 करोड़ रुपये पहुंच गया।

**खादी वस्त्रों के उत्पादन और बिक्री में अभूतपूर्व वृद्धि**

खादी वस्त्रों के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। वर्ष 13-14 में 811 करोड़ रुपये का उत्पादन बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में लगभग 390 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 3,974 करोड़ रुपये हो गया है। वहीं बिक्री 1,081 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 628 प्रतिशत वृद्धि के साथ 7,869 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। प्रधानमंत्री द्वारा खादी के सतत प्रचार-प्रसार का सकारात्मक प्रभाव इस क्षेत्र की बढ़ती स्वीकार्यता और बाजार विस्तार में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।

**ग्रामोद्योग क्षेत्र में उत्पादन और बिक्री का नया रिकॉर्ड**

ग्रामोद्योग क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की गई है। वर्ष 13-14 में जहां ग्रामोद्योग उत्पादों का उत्पादन 25,298 करोड़ रुपये था, वहीं वित्त वर्ष 25-26 में लगभग 380 प्रतिशत की वृद्धि के साथ यह बढ़कर 1,21,322 करोड़ रुपये हो गया है। इसी प्रकार बिक्री 30,073 करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 496 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1,79,236 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है।

# माता कामाख्या के दरबार में डा. प्रेम कुमार ने बिहार की सुख-शांति, समृद्धि की कामना की

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** नीलांचल पर्वत स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ कामाख्या मंदिर, गुवाहाटी, असम में बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने पारिवारिक सदस्यों एवं सहयोगियों के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर उन्होंने माता कामाख्या के दरबार में बिहार की सुख-शांति, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं सर्वांगीण विकास की कामना की। उन्होंने कहा कि माता कामाख्या का स्थान शक्तिपीठों में सर्वोच्च है। आदिशक्ति की अधिष्ठात्री मां कामाख्या की कृपा से समाज में सकारात्मक ऊर्जा, भाईचारा एवं आध्यात्मिक चेतना का संचार होता है। वे तंत्र, मंत्र और यंत्र की त्रिशक्ति की धात्री हैं, जो अपने भक्तों की समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं। भारत की सनातन संस्कृति एवं आध्यात्मिक परंपराएं देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करती हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से समाज में सद्भाव, सेवा एवं मानवता के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।

# शिक्षकों की समस्याओं को लेकर शिक्षा मंत्री से मिला संघ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार राज्य विद्यालय अध्यापक संघ के महासचिव प्रेम शंकर ठाकुर ने शिक्षा मंत्री से मुलाकात कर शिक्षकों की समस्याओं को प्रमुखता से उनके समक्ष रखा। इस महत्वपूर्ण बैठक के बाद शिक्षा मंत्री ने संघ को आश्वस्त किया कि सरकार शिक्षकों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और विद्यालय अध्यापकों के साथ किसी भी स्तर पर कोई पक्षपात नहीं किया जाएगा। मुलाकात के दौरान संघ के महासचिव ने शिक्षकों की मुख्य मांगों, जैसे गृह जिलों से दूर पदस्थापित महिला व दिव्यांग शिक्षकों के लिए सुगम ट्रांसफर नीति, वेतनमान की विसंगतियों को दूर करने और विभिन्न जिलों में रुके हुए एरियर (बकाया राशि) के अविलंब भुगतान पर विस्तार से चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने इन सभी मुद्दों को बेहद गंभीरता से सुनते हुए कहा कि सरकार इन नवनियुक्त शिक्षकों की परेशानियों से भली-भांति अवगत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि ट्रांसफर और वेतन से जुड़े हर मामले पर पारदर्शी तरीके से काम किया जा रहा है। शिक्षा मंत्री के इस ठोस आश्वासन के बाद बिहार के शिक्षक समुदाय में खुशी की लहर है और उम्मीद जताई जा रही है कि विभाग जल्द ही इस संबंध में कोई बड़ा फैसला ले सकता है।

# किसानों की आय बढ़ाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध : मंत्री

## फार्मर रजिस्ट्री से किसानों तक सीधे पहुंचेगा योजनाओं का लाभ, कृषि व्यवस्था होगी पारदर्शी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने, कृषि व्यवस्था को आधुनिक बनाने और खेती को लाभकारी व्यवसाय में बदलने के लिए लगातार ठोस कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों को तकनीक, बाजार और पारदर्शी व्यवस्था से जोड़ना है ताकि कृषि क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाया जा सके। मंत्री आज मीठापुर स्थित कृषि विभाग में शारदीय (खरीफ) महाभियान, 2026 को लेकर समीक्षा बैठक कर रहे थे। बैठक में मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि लैब से लेकर लैंड तक वैज्ञानिक किसानों के साथ मिलकर काम करने की तैयारी करें जिससे किसानों को अपनी फसलों का भरपूर लाभ मिल सके और वे जैविक खेती को बढ़ावा दे सकें जिससे पर्यावरण का फायदा तो हो ही, हमारी मिट्टी भी स्वस्थ और समृद्ध बने। कृषि मंत्री श्री सिन्हा ने बैठक में कहा कि राज्य में फार्मर रजिस्ट्री अभियान शुरू किया गया है जिससे किसानों का डाटा व्यवस्थित होगा और सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों तक पहुंचेगा। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि किसानों के हितों से किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। भ्रष्टाचार और अनियमितता के खिलाफ सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि बिहार कृषि प्रधान राज्य है और यहां आधुनिक खेती, सिंचाई, जैविक कृषि तथा फसल विविधीकरण को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। सरकार किसानों को नई तकनीकों से जोड़ने के साथ-साथ कृषि उत्पादों के बेहतर विपणन की दिशा में भी कार्य कर रही है। विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि किसानों की आय में वृद्धि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना सरकार का मुख्य लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों से किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्रतिबद्धता है। उन्होंने विश्वास जताया कि किसानों के सहयोग और सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से बिहार कृषि क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

# कुंदन कुमार बने बिहार के नए गृह सचिव, संभाला पदभार




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गृह विभाग के सचिव का पद कुंदन कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर गृह विभाग के विशेष सचिव अनिल कुमार चौधरी और क्षत्रनील कुमार के स्तर से उन्हें पुष्पगुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। पदभार ग्रहण करने के उपरांत आयोजित परिचयात्मक बैठक में गृह विभाग के संयुक्त सचिव कमल नयन की तरफ से प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभागीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं कार्यों की विस्तृत जानकारी गृह सचिव को प्रदान की गई। बैठक के दौरान गृह सचिव कुंदन कुमार ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशानिर्देश देते हुए विभागीय कार्यों के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन निष्पादन पर बल दिया। मौके पर गृह विभाग के विशेष सचिव अनिल कुमार चौधरी व क्षत्रनील कुमार, विशेष सचिव सह प्रभारी निदेशक (अभियोजन) सुधांशु कुमार चौबे, संयुक्त सचिव कमल नयन, अमलेन्दु कुमार सहित विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

# सभी सरकारी-प्राइवेट अस्पतालों में हो एक्यूप्रेशर सेवा : गंगा प्रसाद

## एक्यूप्रेशर जन-जन की पद्धति : अश्विनी चौबे

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज, भारतीय एक्यूप्रेशर योग कॉलेज परिषद एवं स्वास्थ्य जागरूकता मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 33वां राष्ट्रीय एक्यूप्रेशर/एक्यूपंक्चर सम्मेलन का आयोजन मंगलवार को अधिवेशन भवन पटना में किया गया। इसमें देश-विदेश के चिकित्सक शामिल हुए। वहीं एक्यूप्रेशर जनक डॉ. चंद्रमा प्रसाद गुप्त की 105वीं जयंती एक्यूप्रेशर दिवस के रूप में मनाया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद ने कहा कि बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज के माध्यम से एक्यूप्रेशर सेवा सभी सरकारी/प्राइवेट अस्पतालों में हो। पूर्व केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने एक्यूप्रेशर चिकित्सा को पौराणिक एवं अत्यंत उपयोगी बताते हुए डॉ. अजय प्रकाश की प्रशंसा की तथा कहा कि एक्यूप्रेशर जन-जन की पद्धति है। विधायक उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि एक्यूप्रेशर की सेवा हम सभी विधायक, मंत्री बिहार एक्यूप्रेशर योग कॉलेज के माध्यम से डॉ. अजय प्रकाश के संयोजन में प्रतिदिन बिहार विधानसभा एक्यूप्रेशर केंद्र में लेकर स्वस्थ हैं। सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए प्रसिद्ध चिकित्सक एक्यूप्रेशर महागुरु डॉ. सर्वदेव प्रसाद गुप्त ने कहा कि वर्तमान समय में असाध्य समझे जाने वाले रोग की सफल चिकित्सा एक्यूप्रेशर द्वारा की जाती है। सम्मेलन संयोजन सह कॉलेज सचिव डॉ. अजय प्रकाश ने बताया कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक एक्यूप्रेशर चिकित्सा का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से कई कार्यक्रम संस्थान द्वारा संचालित हो रहे हैं।

# मोटोरोला ने किया प्रीमियम पोर्टफोलियो का विस्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** मोबाइल टेक्नोलॉजी और इनोवेशन में ग्लोबल लीडर मोटोरोला ने देश में अपनी मजबूत विकास गति जारी रखी है। आईडीसी क्वार्टली मोबाइल फोन ट्रैकर की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, 2026 की पहली तिमाही में मोटोरोला टॉप 5 स्मार्टफोन ब्रांड्स में शामिल हो गया है। 2024 की पहली तिमाही में 9वें स्थान से 2026 की पहली तिमाही में 5वें स्थान तक पहुंचकर मोटोरोला ने पिछले दो वर्षों में भारतीय स्मार्टफोन उद्योग में सबसे मजबूत ग्रोथ में से एक दर्ज की है। इस दौरान कंपनी का मार्केट शेयर 4.6 प्रतिशत से बढ़कर 8.9 प्रतिशत हो गया है। यह उल्लेखनीय बढ़त सार्थक इनोवेशन, अलग डिजाइन, प्रीमियम अनुभव और सभी सेगमेंट में उपभोक्ता-केंद्रित रणनीति के कारण संभव हुई है।

# केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पुस्तक 'अपनापन' के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए मंत्री श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**नई दिल्ली/पटना।** बिहार सरकार के ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने नई दिल्ली स्थित भारत रत्न सी. सुब्रमण्यम सभागार, पूसा परिसर में आयोजित केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पुस्तक 'अपनापन-नरेंद्र मोदी संग मेरे अनुभव' के लोकार्पण समारोह में भाग लिया। इस पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और पूर्व उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने किया। इस पुस्तक का प्रकाशन प्रभात प्रकाशन ने किया है। इनके अलावा कार्यक्रम में देशभर से अनेक जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, कृषि विशेषज्ञ एवं सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि शिवराज सिंह चौहान की यह पुस्तक केवल व्यक्तिगत अनुभवों का संकलन नहीं, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व, कार्यशैली और जनसरोकारों को निकटता से समझने का एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की राजनीति को नई दिशा दी है जिसका प्रभाव गांवों और किसानों के जीवन में स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार भी मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास, सामाजिक न्याय और किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

# भीषण गर्मी में शिक्षकों पर दोहरे कार्य का भार अमानवीय : राजेश राठौड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार में 2027 की जनगणना के लिए शिक्षकों को शिक्षण कार्य के साथ ही शिक्षा विभाग ने जनगणना कार्य में भी भीषण गर्मी में ड्यूटी लगाई है। बिहार शिक्षा विभाग ने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिया है कि शिक्षक विद्यालय के समय के पहले या बाद में जनगणना के कार्य में लगेंगे। यह आदेश भीषण गर्मी को देखते हुए पूरी तरीके से अनुचित व अमानवीय है और जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों के लिए दोहरा कार्य है। ये बातें बिहार प्रदेश कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कही। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि इस फैसले से भरी दोपहरी में जब सभी को हिट वेब से बचने की सलाह दी जा रही है ऐसे में उसी वक्त शिक्षकों को जनगणना कार्य में लगाया जा रहा है जो अमानवीय है। शिक्षा विभाग के आदेश से स्पष्ट हो गया है कि शिक्षक स्कूल टाइम में जनगणना कार्य नहीं कर सकेंगे। जनगणना के चलते स्कूली बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए यह आदेश जारी किया गया है। हालांकि इससे शिक्षकों की मुश्किलें जरूर बढ़ गई हैं क्योंकि उन्हें विद्यालय के बाद भी सरकारी कार्यों में ही ड्यूटी देनी पड़ेगी।

# राजस्व मंत्री की सख्त चेतावनी, खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों पर कड़ी नजर

## लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल की अध्यक्षता में सोमवार से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिलावार राजस्व कार्यों की समीक्षा शुरू हुई। समीक्षा के पहले दिन पश्चिमी चंपारण, सहरसा एवं वैशाली जिले में राजस्व से संबंधित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान विभाग के सचिव जय सिंह ने खराब प्रदर्शन वाले अंचलाधिकारियों से दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ई-मापी, अभियान बसेरा, सरकारी जमीन के वेरिफिकेशन, राजस्व महा-अभियान, जन शिकायत, सहयोग शिविर के आवेदन, फॉर्मर रजिस्ट्रेशन तथा भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं एडीएम स्तर पर लंबित मामलों की स्थिति की बारी-बारी से समीक्षा की। समीक्षा के दौरान राजस्व मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने सभी लंबित मामलों के तेजी से निष्पादन के लिए अधिकारियों को एक पखवाड़े का समय दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि 15 दिन बाद पुनः समीक्षा की जाएगी और प्रगति का मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने दाखिल-खारिज मामलों में डिफेक्ट चेक की प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आवेदन में क्या कमी है, यह स्पष्ट रूप से दर्ज होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अधिकारी कमियों को स्पष्ट रूप से अंकित नहीं कर रहे हैं जिससे आवेदकों को परेशानी हो रही है। उन्होंने सभी अधिकारियों को सुबह से देर रात तक सातों दिन कार्य करते हुए लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। मंत्री ने कहा कि हड़ताल के कारण लंबित हुए कार्यों को अतिरिक्त मेहनत से ही पूरा किया जा सकता है। राजस्व मंत्री ने परिमार्जन कार्यों में तेजी लाने का निर्देश देते हुए कहा कि फॉर्मर रजिस्ट्रेशन अभियान को गति देने के लिए परिमार्जन मामलों का शीघ्र निष्पादन अत्यंत आवश्यक है। बैठक में पश्चिमी चंपारण के जिलाधिकारी तरनजीत सिंह, वैशाली की जिलाधिकारी वर्षा सिंह तथा सहरसा के प्रभारी जिलाधिकारी अपने-अपने जिले की ओर से समीक्षा बैठक में शामिल हुए। वैशाली जिले की वीडियो कांफ्रेंसिंग में विधायक अवधेश कुमार सिंह मौजूद रहे। वहीं सहरसा की समीक्षा बैठक में विधायक आईपी गुप्ता, विधायक डॉ. गौतम कृष्ण तथा विधायक संजय कुमार सिंह उपस्थित थे। इस दौरान राजस्व मंत्री के कार्यालय कक्ष में विभाग के सचिव जय सिंह के अलावा सचिव सीमा त्रिपाठी, विशेष सचिव इनायत खान, अपर सचिव प्रशांत सीएच, अपर सचिव डॉ महेंद्र पाल, अपर सचिव आजीव वत्सराज, विशेष कार्य पदाधिकारी मणि भूषण किशोर, उप निदेशक मोना झा, उप सचिव संजय कुमार सिंह, उप सचिव डॉ सुनील कुमार सिंह, उप सचिव अरविंद कुमार समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# बिहार में बाढ़ और सुखाड़ की तैयारियों की होगी समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने राज्य में संभावित बाढ़ और सुखाड़ की स्थिति को देखते हुए सभी जिलों में तैयारियों की समीक्षा कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की ओर से सभी जिलों के प्रभारी मंत्रियों के आप्त सचिवों को निर्देश जारी किए गए हैं। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के विशेष सचिव अरविन्द कुमार वर्मा द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि सभी प्रभारी मंत्री 15 जून 2026 से पूर्व अपने प्रभार वाले जिलों में संभावित बाढ़ और सुखाड़ की तैयारियों की समीक्षा करेंगे। समीक्षा के दौरान संबंधित जिलों में आपदा प्रबंधन, राहत सामग्री, जल संरक्षण, सिंचाई व्यवस्था और प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लिया जाएगा। जारी निर्देश में सभी प्रभारी मंत्रियों को इस संबंध में अवगत कराने का अनुरोध किया गया है। साथ ही इसकी सूचना सभी जिलाधिकारियों को भी भेजी जा रही है, ताकि समीक्षा बैठक की तैयारी समय पर सुनिश्चित की जा सके। सरकार का उद्देश्य मानसून से पहले संभावित आपदा की स्थिति से निपटने के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियों को मजबूत करना है जिससे बाढ़ और सुखाड़ जैसी परिस्थितियों में आम लोगों को राहत पहुंचाई जा सके।

# राजद नेत्री रितु जायसवाल सैकड़ों कार्यकर्ताओं संग भाजपा में शामिल, प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पार्टी में किया स्वागत

## भाजपा राष्ट्र सेवा और विकास की राजनीति करने वाली पार्टी: संजय सरावगी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज आयोजित मिलन समारोह में राष्ट्रीय जनता दल की पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं राजद महिला मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रितु जायसवाल, राजद महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर राजमणि, भागलपुर की अध्यक्ष सीमा जायसवाल, प्रदेश सचिव, युवा राजद माया गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने सभी नए सदस्यों को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया और उन्हें भाजपा की सदस्यता दिलाई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर बिहार सरकार के मंत्री दिलीप जायसवाल भी मौजूद रहे।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने अपने संबोधन में कहा कि आज बिहार की जनता परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति से पूरी तरह ऊब चुकी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास, सुशासन और गरीब कल्याण की जो राजनीति स्थापित हुई है उससे प्रेरित होकर विभिन्न दलों के लोग भाजपा से जुड़ रहे हैं।

# प्रधानमंत्री के 12 वर्ष 'संकल्प से सिद्धि' का स्वर्णिम काल : मंगल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मंगल पांडेय ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर मैं उन्हें समस्त प्रदेशवासियों व सिवान सदर की सम्मानित जनता की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं। ये 12 वर्ष भारत के इतिहास में 'सुशासन, विकास और राष्ट्रगौरव' के पर्याय बन गए हैं। अनुच्छेद 370 की समाप्ति से कश्मीर को मुख्यधारा से जोड़ा गया। राम मंदिर निर्माण से 500 वर्षों का संकल्प पूरा हुआ। उज्ज्वला, आयुष्मान भारत, पीएम आवास से गरीबों को सम्मान मिलना। 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन, आयुष्मान कार्ड 'अंत्योदय' का प्रमाण है।

# कभी बिहार के युवाओं की उम्मीद बना केवाईपी अब खुद संकट में

## केंद्र संचालकों ने सरकार पर उठाए सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** बिहार सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कुशल युवा कार्यक्रम (केवाईपी), जिसने पिछले कई वर्षों में लाखों युवाओं को डिजिटल शिक्षा और कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार की दिशा दिखाई, आज खुद गंभीर संकट से गुजर रही है। राज्यभर के केवाईपी केंद्र संचालकों, शिक्षकों और छात्रों ने बिहार कौशल विकास मिशन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए योजना को बचाने की मांग की है। वर्ष 2016 में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट के रूप में '7 निश्चय' योजना के तहत शुरू किया गया केवाईपी बिहार के युवाओं के लिए एक बड़ी पहल माना गया था। इस योजना का उद्देश्य युवाओं को कंप्यूटर शिक्षा, अंग्रेजी संवाद कौशल, सॉफ्ट स्किल और डिजिटल प्रशिक्षण देकर रोजगार योग्य बनाना था। ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों तक डिजिटल शिक्षा पहुंचाने में केवाईपी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह कार्यक्रम बिहार के 38 जिलों एवं 534 प्रखंडों में लगभग 1800 प्रशिक्षण केंद्रों के माध्यम से संचालित है। केंद्र संचालकों का दावा है कि अब तक 25 लाख से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा चुका है जबकि प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से 30 लाख से अधिक युवा इस योजना से लाभान्वित हुए हैं। केवाईपी के जरिए हजारों युवाओं को निजी कंपनियों, बैंकिंग सेक्टर, डिजिटल सेवा केंद्रों और स्वरोजगार से जुड़ने का अवसर मिला। यही वजह रही कि 'आर्थिक हल, युवाओं को बल' कार्यक्रम के अंतर्गत केवाईपी को बिहार सरकार की सबसे सफल योजनाओं में गिना जाने लगा। लेकिन अब यही योजना अव्यवस्था और तकनीकी समस्याओं के कारण विवादों में है। केंद्र संचालकों का आरोप है कि बिहार कौशल विकास मिशन द्वारा नॉलेज पार्टनर के रूप में स्कूलनेट इंडिया को जिम्मेदारी दिए जाने के बाद से केवाईपी की स्थिति लगातार खराब हुई है। संचालकों के अनुसार प्रशिक्षण समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है, ऑनलाइन पोर्टल में लगातार तकनीकी दिक्कतें आ रही हैं, परीक्षा नियमित रूप से नहीं हो रही, हजारों छात्रों का रिजल्ट लंबित है और बड़ी संख्या में युवाओं को अब तक प्रमाणपत्र नहीं मिल पाया है।

# संपादकीय

## होर्मुज संकट के बीच बढ़ी ऊर्जा चिंता, विकल्पों की तलाश में भारत की नई रणनीति

होर्मुज जलमार्ग से वैश्विक जरूरत के बीस से पच्चीस प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। भारत भी उन देशों में शामिल है, जिनकी खासी निर्भरता वहां से आने वाले ऊर्जा स्रोतों पर है।ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद समूचे मध्यपूर्व के इलाके में जैसे जटिल हालात पैदा हुए हैं, उसका स्वाभाविक असर वैश्विक पैमाने पर ऊर्जा की आपूर्ति पर पड़ा। हालांकि जब दोनों पक्षों के बीच चौदह दिनों के युद्धविराम की घोषणा हुई थी, तब उम्मीद जगी थी कि अब शायद ईरान होर्मुज जलमार्ग को भी खोल दे और कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस की आपूर्ति बहाल हो। मगर उसके बाद ईरान और अमेरिका के बीच हुई शांति वार्ता नाकाम रही और इसी के साथ होर्मुज जलमार्ग की बहाली की उम्मीद एक बार फिर मंद पड़ गई।आज हालत यह है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव और आपूर्ति श्रृंखला बाधित होने का जिन देशों पर ज्यादा असर पड़ा है, वे अब ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों पर विचार कर रहे हैं। गौरतलब है कि होर्मुज जलमार्ग बाधित होने के बाद तेल और गैस की व्यापक कमी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को मंत्रिपरिषद की बैठक में कहा कि रसोई गैस के विकल्प के रूप में बायोगैस सहित अन्य वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों को हर हाल में बढ़ावा दिया जाए।दरअसल, होर्मुज जलमार्ग से वैश्विक जरूरत के बीस से पच्चीस प्रतिशत तेल और गैस की आपूर्ति होती है। भारत भी उन देशों में शामिल है, जिनकी खासी निर्भरता वहां से आने वाले ऊर्जा स्रोतों पर है। यही वजह है कि ईरान ने जब से होर्मुज जलमार्ग से जहाजों की आवाजाही पर रोक लगाई है और उसके बाद अमेरिका ने नाकाबंदी की, तब से देश घरेलू गैस और पेट्रोल-डीजल की व्यापक कमी का सामना कर रहा है। यों तो इस बीच सरकार ने रूस से तेल खरीद के रास्ते तैयार करने की कोशिश की, लेकिन अमेरिका के रुख की वजह से उसमें भी कई अड़चनें पेश आ रही हैं। ऐसे में फिलहाल सबसे बेहतर उपाय यही है कि दूसरे देशों पर निर्भरता को कम करने के लिए देश में ही वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों का ढांचा तैयार किया जाए। इस लिहाज से देखें तो देश में बायोगैस सहित अन्य ऊर्जा स्रोतों की जमीन मजबूत होती है, तो यह न केवल तात्कालिक स्तर पर समस्या का सामना करने के लिहाज से महत्त्वपूर्ण होगा, बल्कि यह दूरगामी स्तर पर देश के व्यापक हित में होगा।पश्चिम एशिया में एक ओर अमेरिका के रुख तो दूसरी ओर ईरान के जवाबी रवैये की वजह से न केवल भारत, बल्कि दुनिया के बहुत सारे देशों के सामने संकट धीरे-धीरे गहरा रहा है। शायद इसीलिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के कार्यकारी निदेशक ने दुनिया को यह चेतावनी दी है कि अगर होर्मुज जलमार्ग पूरी तरह और बिना किसी शर्त के जल्द नहीं खुला, तो दुनिया जल्दी ही 'रेड जोन' में प्रवेश कर सकती है, जहां तेल आपूर्ति सामान्य मांग को भी संभालने में पूरी तरह असमर्थ हो जाएगी।

---

**आज असली परीक्षा इस देश को चलाने वाले शासकों की साख, नीयत और उनके इकबाल की है। जिस समाज में शिक्षा और न्याय केवल एक औपचारिकता बन जाएं, वहां देश का भविष्य केवल एक संयोग बनकर रह जाता है, कोई गौरवशाली नियति नहीं। देश में जब भी किसी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होता है, तो जांच के आदेश के बाद 'मुख्य साजिशकर्ता की गिरफ्तारी' और 'दोबारा परीक्षा की तारीख' जैसी बातों के शोर-शराबे के पीछे एक ऐसा कड़वा सच छिप जाता है। नीट परीक्षा के इस अंतहीन तमाशे और बार-बार होने वाले प्रश्नपत्र लीक ने भारत में एक नए किस्म के पलायन को जन्म दे दिया है। अब तक देश का युवा डॉक्टर बनने के बाद विदेश जाता था।**

# पेपर लीक ने तोड़ा छात्रों का भरोसा, अब विदेश जा रहे मेधावी युवा

(मणिमाला शर्मा)

अब इस परीक्षा तंत्र से तंग आकर देश के मेधावी विद्यार्थी बारहवीं पास करते ही भारत छोड़ रहे हैं।

वे एक अनिश्चित और भ्रष्ट दलदल में अपनी उम्र के कीमती साल बर्बाद नहीं करना चाहते। नीट का प्रश्नपत्र लीक होना सिर्फ एक परीक्षा का रद्द होना नहीं है, बल्कि यह देश के उस भरोसे का टूटना है, जो एक विद्यार्थी अपनी व्यवस्था पर करता है। देश के भीतर चिकित्सा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण का दम भरने वाला शासन क्या इस कड़वे सच पर आत्ममंथन करने का साहस दिखाएगा कि उसने अपनी ही नई पीढ़ी को इस कदर बेगाना और विरक्त कर दिया है?

इस चौंकाने वाले पलायन, जनता के आक्रोश और व्यवस्था की गिरती साख को बचाने के लिए 'लोक परीक्षा (अनुचित साधन निवारण) अधिनियम, 2024' पूरे देश में लागू किया गया था। कागज पर यह कानून बेहद सख्त दिखाई देता है, लेकिन सत्ता के गलियारों में बैठे नीति-नियंताओं से यह पूछा जाना जरूरी है कि यह कानून लागू होने के बाद भी क्या परीक्षा माफिया और उन्हें राजनीतिक संरक्षण देने वालों में कोई वास्तविक खौफ पैदा हुआ है? क्या इस तथाकथित कड़े कानून के तहत अब तक किसी एक भी बड़े शिक्षा माफिया, सांठगांठ करने वाले शीर्ष अधिकारियों या प्रश्नपत्र बेचने वाले संगठित गिरोह के सरगना को ऐसी सजा मिली है, जो एक नजीर बन सके?

### शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही का अभाव

सच यह है कि जब तक कानून केवल फाइलों की शोभा बढ़ाते हैं, तब तक यह पूरी कवायद केवल एक प्रशासनिक दिखावे और जनता के गुस्से को शांत करने वाला 'प्रायोजित प्रबंधन' ही साबित होती है। परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित, आधुनिक और पारदर्शी बनाने के लिए सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व प्रमुख के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया था, जिसने अपनी रिपोर्ट में 101 अत्यंत महत्त्वपूर्ण सिफारिशें की थीं। मगर विडंबना यह है कि उन सिफारिशों को ठंडे बस्ते के हवाले कर दिया गया। इस तरह की नीतिगत और प्रशासनिक विफलता की सबसे कारुणिक कीमत उस मध्यवर्गीय परिवार को चुकानी पड़ती है, जिसके जीवन का संघर्ष सत्ता के वातानुकूलित कमरों में बैठे हाकिमों को कभी नजर नहीं आता।

उस घर की दहलीज पर कदम रखकर देखा जा सकता है, जहां बेटे या बेटी के कमरे की मेज पर अभी भी आधी खुली हुई किताबें, कलम और कॉपियां हैं, लेकिन आंखों के आगे पसरे घने अंधेरे के कारण पढ़ाई रुक चुकी है। उस मां के भीतर की चीख को सुनना चाहिए, जिसने अपने गहने गिरवी रखकर कोचिंग की मोटी फीस भरी थी और उस पिता के आंसुओं का हिसाब लगाना चाहिए, जिसने अपनी पुश्तैनी जमीन का एक टुकड़ा सिर्फ इसलिए बेच दिया, ताकि उसका बच्चा समाज में सिर उठाकर कह सके कि वह 'डॉक्टर' बनने जा रहा है।

भारत का मेडिकल कोचिंग क्षेत्र स्कूलों को 'डमी' संस्थाओं में बदलकर एक समांतर, अनियंत्रित और शोषक व्यवस्था बन चुका है। ग्यारहवीं और बारहवीं की सामान्य, जीवंत स्कूली जिंदगी को खत्म करके हमने एक पूरी पीढ़ी के सामाजिक और मानसिक विकास की बलि चढ़ा दी है। हमने बच्चों को संवेदनशील इंसान बनाने के बजाय केवल एक 'बहुवैकल्पिक प्रश्नपत्र' को हल करने वाले और रैंक की अंधी दौड़ में दौड़ने वाले रोबोट में तब्दील कर दिया है। सबसे ज्यादा मार उन गरीब और ग्रामीण पृष्ठभूमि की मेधावी छात्राओं पर पड़ती है, जिनकी पढ़ाई रुकने का मतलब सिर्फ एक साल का नुकसान नहीं, बल्कि सामाजिक दबाव में उनकी शादी कर दिए जाने या उनके सपनों का हमेशा के लिए दफन हो जाना होता है।

अगर ऐसा ही चलता रहा, तो वे दिन दूर नहीं, जब इस पूरे संकट का सबसे भयावह, आत्मघाती और दूरगामी असर देश की भावी चिकित्सा व्यवस्था की गुणवत्ता और जन-स्वास्थ्य पर पड़ेगा। जो विद्यार्थी इस मानसिक आघात, व्यवस्था के प्रति उपजे गहरे आक्रोश, अवसाद और 'बिकाऊ तंत्र' के साए में चिकित्सा की पढ़ाई शुरू करेगा, वह भविष्य में मरीजों के प्रति अपना कैसा दृष्टिकोण रखेगा? जब एक पूरी पीढ़ी यह सीखकर बड़ी होगी कि रसूख, पैसा और पहुंच ही अंतिम सत्य हैं, तो उस डॉक्टर से एक 'सहानुभूतिपूर्ण और संवेदनशील मसीहा' बनने की उम्मीद करना ही बेमानी है।




जिसने खुद तंत्र के हाथों आर्थिक और मानसिक शोषण झेला हो, वह डॉक्टर बनने के बाद सबसे पहले अपनी उस पूंजी और उस प्रताड़ना का ब्याज वसूलने की कोशिश करेगा। यह चक्र देश के स्वास्थ्य ढांचे को पूरी तरह से संवेदनहीन, अनैतिक और व्यावसायिक बनाने की ओर धकेलेगा, जिसकी अंतिम परिणति गरीब मरीजों की मौत और बर्बादी में होगी। यह ढांचा अपने आप में गहरी क्षेत्रीय और आर्थिक असमानता पैदा करता है। अमीर और साधन-संपन्न परिवारों के बच्चे महंगे कोचिंग संस्थानों में पढ़कर मुकाम हासिल कर लेते हैं, जबकि ग्रामीण और गरीब पृष्ठभूमि का मेधावी विद्यार्थी शुरुआत से ही इस दौड़ में पिछड़ जाता है।

इसलिए समाधान भी अब सतही या तात्कालिक नहीं हो सकते। असली काम परीक्षा प्रणाली को तकनीकी रूप से अभेद्य बनाना है। एक ही परीक्षा पर देश की निर्भरता को कम करने के लिए साल में अनेक प्रयास और बारहवीं के अंकों के वैकल्पिक मूल्यांकन जैसे विकल्पों पर नीतिगत स्तर पर गंभीरता से विचार करना होगा। साथ ही, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को वर्तमान ढांचे से मुक्त कर संसद के अधीन एक स्वायत्त और पूरी तरह जवाबदेह संस्था बनाना होगा, जैसा कि देश के कई शिक्षाविद मांग कर रहे हैं। आज असली परीक्षा इस देश को चलाने वाले शासकों की साख, नीयत और उनके इकबाल की है। जिस समाज में शिक्षा और न्याय केवल एक औपचारिकता बन जाएं, वहां देश का भविष्य केवल एक संयोग बनकर रह जाता है, कोई गौरवशाली नियति नहीं। (यह लेखक के अपने विचार हैं)।

---

# राजस्थान में चंदन की खेती किसानों और पर्यावरण के लिए नई उम्मीद

(अरुणा व्यास)

चंदन के पेड़ न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी एक टिकाऊ विकल्प हैं। ग्रामीण रोजगार के अवसर इससे तेजी से बढ़ सकते हैं, बशर्ते कि सुनियोजित रूप से चंदन के पेड़ लगाने की दिशा में कार्य हो। राजस्थान के बांसवाड़ा में झांतलिया और उदयपुर के बांकी एवं सिरोही के जनापुर में चंदन वन विकसित करने तथा ऐसे ही दूसरे जिलों में भी संभावनाएं तलाशने की पहल महत्त्वपूर्ण है। राजस्थान के इन क्षेत्रों में चंदन वन विकसित करने का निर्णय लेते हुए यहां पर तीस हजार से अधिक पौधे लगाने और उनकी कड़ी सुरक्षा के लिए बाड़बंदी के भी निर्देश दिए गए हैं।

वैज्ञानिक तरीके से चंदन के पेड़ों का रोपण, अच्छी गुणवत्ता वाले पौधों का चयन, स्थानीय सुरक्षा तंत्र बनाने और बाड़बंदी के साथ सिंचाई के कारगर तरीके यदि अपनाए जाते हैं, तो यह किसानों की आर्थिक समृद्धि के साथ ही राजस्थान में पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी बड़ी पहल साबित होगी।

गौरतलब है कि चंदन के 90 प्रतिशत पेड़ इस समय कर्नाटक और तमिलनाडु में हैं। कर्नाटक के मैसूर और शिमोगा में चंदन के सर्वाधिक वृक्ष हैं। मगर पिछले कुछ समय के दौरान चंदन के पेड़ लगाने की संभावनाएं महाराष्ट्र, गुजरात, मध्यप्रदेश और केरल में भी तलाशी गई हैं और वहां चंदन के वन सफलतापूर्वक विकसित भी हुए हैं। वहीं पश्चिमी राजस्थान के कुछ क्षेत्रों में भी चंदन के पेड़ उगाने में सफलता मिली है।

चंदन के पेड़ न केवल आर्थिक रूप से, बल्कि पर्यावरणीय दृष्टि से भी एक टिकाऊ विकल्प हैं। ग्रामीण रोजगार के अवसर इससे तेजी से बढ़ सकते हैं, बशर्ते कि सुनियोजित रूप से चंदन के पेड़ लगाने की दिशा में कार्य हो। असल में चंदन के पेड़ वहीं लगते हैं जहां जलवायु उष्णकटिबंधीय हो और जहां लाल-रेतीली मिट्टी हो तथा उन्हें विकास के लिए नीम एवं अमलतास का सहारा मिले। चंदन के पेड़ अच्छी धूप, कम से मध्यम वर्षा और 15 से 30 डिग्री के बीच तापमान वाले स्थानों में सबसे अच्छी तरह बढ़ते हैं। इस दृष्टि से राजस्थान के बांसवाड़ा, बाड़मेर, उदयपुर और सिरोही जिलों में चंदन के पेड़ लगाने की अपार संभावनाएं हैं। यहां इन पेड़ों के लिए तापमान और जलवायु अनुकूल है। चूंकि सफेद चंदन गर्म और शुष्क जलवायु वाले क्षेत्रों में पनपता है, इस दृष्टि से पश्चिमी राजस्थान के कुछ इलाके चंदन की खेती के लिए सर्वथा उपयुक्त हैं। चंदन के पेड़ों के साथ दूसरे पेड़ों का सहारा जरूरी है। इस लिहाज से राजस्थान में नीम और करोंदा जैसे पेड़ काफी हैं।

उदयपुर में भी कई स्थानों पर चंदन के पेड़ हैं। उनके पनपने का वैज्ञानिक अध्ययन कर यदि दूसरे स्थानों पर भी इसकी संभावनाएं तलाशी जाती हैं और सही तकनीक से पेड़ उगाने की पहल होती है, तो भविष्य में बहुत अच्छे परिणाम आ सकते हैं। इसी के साथ राजस्थान में कृषि, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण में सकारात्मक बदलाव आ सकते हैं। चंदन का एक पेड़ 12 से 15 वर्ष में बड़ा होता है। इससे आसानी से लाखों रुपए की वार्षिक आय प्राप्त की जा सकती है।

राजस्थान में चंदन के पेड़ लगाने की संभावनाएं तलाशना इस दृष्टि से भी महत्त्वपूर्ण है कि इससे यहां के शुष्क क्षेत्रों में मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के साथ रेगिस्तान के फैलाव को रोका जा सकता है। चंदन के पेड़ पर्यावरण के अनुकूल होते हैं। ये हवा को शुद्ध करते हैं। हालांकि यह कम पानी में उग सकता है, लेकिन प्रारंभिक वर्षों में गर्मी के मौसम में इसे 'ड्रिप सिंचाई' की आवश्यकता होती है। अलवर, भरतपुर, उदयपुर, बांसवाड़ा और सिरोही जैसे जिलों में चंदन की खेती की काफी अच्छी संभावनाएं हैं। सही वैज्ञानिक प्रबंधन और सुनियोजित रूप में इसे उगाने की दिशा में कार्य हो, तो राजस्थान के लिए चंदन की खेती भविष्य में वरदान साबित हो सकती है। बाड़मेर जिले में अमरूद, अनार, आंवला और नीम के पेड़ों की छाया में चंदन की खेती का कुछ स्तरों पर सफल प्रयास हुआ भी है। चंदन की खेती से जुड़े विशेषज्ञों के अनुसार चंदन के पेड़ों को लगभग 700 से 800 मिलीमीटर वर्षा की आवश्यकता होती है, जबकि राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में प्राय 400 से 500 मिलीमीटर से कम वर्षा होती है। मगर इस वर्षा के साथ यदि सिंचाई की प्रभावी व्यवस्था की जाए, तो ग्रीष्म और शीत ऋतु में चंदन के पेड़ राजस्थान के कम वर्षा वाले क्षेत्रों में भी जीवित रह सकते हैं। चंदन अर्ध-जड़ परजीवी है। इसे पोषक तत्त्व प्राप्त करने के लिए मेजबान पौधों की आवश्यकता होती है। इनके बिना इसका विकास नहीं हो पाता। ये पौधे इसलिए भी जरूरी होते हैं कि इनसे चंदन का वृक्ष गर्म हवाओं और विपरीत जलवायु से बचा रहता है। इसके लिए नीम, अमलतास और दूसरे पौधे लगाए जा सकते हैं। रूप में उभर रही है। इस दृष्टि से राजस्थान के बाड़मेर, उदयपुर, सिरोही और बांसवाड़ा में इसकी खेती को बढ़ावा देने के लिए साझा प्रयासों से चंदन के पेड़ लगाने की पहल महत्त्वपूर्ण है। जलवायु परिवर्तन के कारण शुष्क क्षेत्रों में पारंपरिक खेती इस समय घाटे का सौदा हो रही है। ऐसे में चंदन की खेती राजस्थान जैसे क्षेत्र में पानी की कमी और अधिक तापमान की चुनौतियों का सामना करते हुए भी किसानों को बेहतर लाभ देने वाली एक हरित संपदा बन सकती है। (यह लेखक के अपने विचार हैं)।

---

# बातों के सफर में बदलते अर्थ और रिश्तों के बीच बढ़ती खामोशियों में उलझे लोग

**एक व्यक्ति जब किसी दूसरे व्यक्ति को तीसरे व्यक्ति के बारे में दिल खोलकर दिमाग से बताता है, तो उसके दो इरादे हो सकते हैं। पहला, हल्के-फुल्के हास्य-व्यंग्य में लिपटा वक्त बिताने वाला नजरिया। जैसे गरमी के मौसम में पानी में नमक-चीनी के साथ थोड़ी ज्यादा काली मिर्च डालकर पीना और पिलाना। दूसरे इरादे के तहत यह सुनिश्चित करना कि दूसरा व्यक्ति बातचीत की खट्टी और कड़वी प्रतिक्रियाएं तीसरे व्यक्ति तक जरूर पहुंचा दे। कई बार ऐसा होता है कि दूसरों की कुछ बातें या व्यवहार का स्वाद पसंद नहीं आता।**

(प्रभात कुमार)

हम सीधे-सीधे उनके सामने अपनी तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करने से बचते या डरते हैं। फिर कुछ समय बाद दूसरे उचित व्यक्ति को वह सब तीसरे व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए चुनते हैं। इस दौरान तीसरा व्यक्ति, जिसके बारे में बात होती है, कहीं मिले तो सामान्य बने रहते हैं। छनी हुई, असली लगने वाली नकली, नाटकीय मुस्कुराहटें थमाते रहते हैं, जैसे कुछ हुआ ही नहीं और सब ठीक चल रहा है।

यह दूसरे व्यक्ति के कानों पर निर्भर करता है कि उनमें कितनी तरह की मैल है। उसने क्या-क्या और किस-किस लहजे में सुना। कई बार मुंह से कान तक आते-आते कोई बात अपना रूप, रंग और स्वाद बदल लेती है। कोई बात सीधे-सीधे स्वीकार कर ली जाती है और कई बार लंबे, उबड़-खाबड़, कंटीले रास्ते से जख्मी होकर आती है। यह सुनने वाले के पाचन तंत्र पर निर्भर करता है कि वह किस तरह के विचार, उद्गार और प्रतिक्रियाएं हजम कर सकता है। कुछ हिस्सा छोड़ सकता है या पूरा छोड़ सकता है। व्यवहार के अनुसार यह जरूरी है कि बात जिस तरह से कही गई है, उसे जिस रंग, ढंग और आकार में लिया जाना चाहिए, उसी तरह से लिया जा रहा है या नहीं।

यहां यह ध्यान रखने की जरूरत है कि पहले व्यक्ति की किसी एक बात को अगर दूसरे और तीसरे व्यक्ति के जरिए चलते हुए चौथे, पांचवें या फिर दसवें व्यक्ति तक पहुंचना है, तो दसवें व्यक्ति तक पहुंचते-पहुंचते क्या वह बात अपने मूल स्वरूप और भाव में रह पाती है या फिर उसमें प्रभाव के स्तर पर बहुत कुछ बदल चुका होता है। दरअसल, दूसरे व्यक्ति द्वारा सुना गया कुछ, सब कुछ या हर कुछ, यानी वे खास बातें इत्मीनान से तीसरे व्यक्ति तक पहुंचा दी गईं, तो यह माना जाना चाहिए कि उसकी विचार पाचन शक्ति कमजोर है।



यहां फिर वही सूत्र बीच में आता है कि बात जब मुंह बदलती है, तो रूप, भाषा और अर्थ बदल लेती है। बात परदे में रहे, तो सब बेहतर रहता है। बात एक बार मुंह से निकल जाए, तो उसका सफर शुरू हो जाता है। बात रुकती नहीं, बात से बात निकलती है। उसके कई अर्थ निकाले जाने शुरू होते हैं। ऐसे-ऐसे भाव निकल आते हैं, जिनके बीज भी उस बात में नहीं होते। बात बढ़ जाती है, तो मानवीय रिश्ते सकुचाने लगते हैं। कभी सीमाओं से बाहर जाने लगते हैं। शक के नए घेरे बनने लगते हैं, जिनमें विवाद, वाद और संवाद परेशान होने लगते हैं।

संबंधों की निकटता फिर से दिखाने के लिए कोई बात उस तीसरे व्यक्ति को परोस दी जाती है, जिस तक उन्हें पहुंचाना पहले व्यक्ति का इरादा रहा होगा। यहां नए सवाल, शक और अनुमान कांटों की मानिंद उगने लगते हैं। वह बात को भुला भी सकता है, लेकिन मानवीय स्वभाव के अनेक कोण उसे उकसाते हैं। बात को नई करवटों में उलझा देना चाहते हैं, उलझा देते हैं। संबंध, उम्मीद और काल्पनिक दलीलों में उलझने लगते हैं और विश्वास कर लिया जाता है कि ऐसा कहा गया होगा। बात को कई बार बात ही बिगाड़ देती है और वक्त मौका ढूंढ़ने लगता है कि आमना-सामना हो, कहे गए शब्दों और व्यवहार की तफ्तीश हो। सोने की चेन खरीदना आसान होता है, लेकिन मुफ्त मिल रहा मन का चैन संभालकर रखना मुश्किल होता है।

इसलिए सलाह यह भी दी जाती है कि किसी के द्वारा किसी भी शैली में कही गई बात तभी सहजता के साथ मानी जानी चाहिए, जब वह सामने कही जाए। कहने वाला और सुनने वाला, दोनों तैयार हों। व्यवहार का नैसर्गिक पाठ तो यही है कि किसी के बारे में कुछ कहना जरूरी हो, तो उस व्यक्ति से ही सीधे बात की जाए। अगर उसकी बात का कोई अंश, क्रिया, संदर्भ या व्यवहार पसंद नहीं आता, तो उस व्यक्ति को बता भी देना चाहिए, ताकि वह माफी मांग सके और संबंध सामान्य बने रहें। किसी भी तरह या रंग की गलतफहमी का घास उग ही न सके।

तीसरे व्यक्ति के माध्यम से गिला या शिकवा-शिकायत में लिपटी अपनी प्रतिक्रिया या विचार प्रकट करना तारीफ के काबिल नहीं माना जा सकता। अगर ऐसा हो भी गया है, तो जिसने वे बातें सुन ली हैं, उसे वह स्वादिष्ट फल या हलवा समझकर कभी पेश नहीं करना चाहिए। कोई बात जिसके बारे में है, उसके साथ संबंध सामान्य रखने के लिए बात को संभालना बहुत जरूरी है। अगर बात को बेबात बनाकर, उसकी शक्ल बदलकर या उसमें नाहक कुछ बातें जोड़कर यानी उसका स्वरूप बदलकर उस व्यक्ति तक पहुंचा दिया गया है, तो उसे कतई विश्वास नहीं करना चाहिए कि ऐसा-वैसा कहा गया होगा। मानने की नौबत आती है, तो उसी बात को मानना चाहिए जो हमारी आंखों के सामने हो, हमारे मैलरहित कान सुन रहे हों। वास्तव में हम तीन जिंदगियां जीते हैं– अन्य लोगों के लिए, अपने कुछ खास लोगों के लिए और तीसरी गोपनीय जिंदगी। शायद इसीलिए कितनी बार बात दरअसल बेबात हो जाती है।

# गंगा दशहरा के अवसर पर महा गंगा आरती एवं दीपदान का आयोजन

**हर हर गंगे की गूंज से गुंजायमान रहा गंगातट, संध्या समय गंगा आरती व दीपदान से मनीहारी गंगा की तरंगें सैंकडों दीपों की झिलमील रोशनी से जगमगा उठीं**





नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी (कटिहार)।** गंगा दशहरा के पावन अवसर पर नगर मुख्य पार्षद लाखो यादव के संयोजकत्व में नगर प्रशासन की ओर से संध्या समय भव्य महा गंगा आरती एवं दीप दान का अनुष्ठान किया गया। धमार्चार्यो ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ गंगा पूजन अर्चन,वंदन व दीपदान का अनुष्ठान संपन्न कराया। एक साथ हजारों दीप धमार्नुरागियों द्वारा गंगा में प्रवाहित किये जाने से नदी तट दीपों की झिलमिल रौशनी से झिलमिला उठा। ऐसी नयनाभिराम छटा उभर आयी जैसे नीले गगन के तारे उतर आये हों।

हर हर गंगे,गंगा माता की जयघोष से गंगातट का वातावरण भक्तमय हो गया। कला जत्था व छोटी छोटी स्कूली बालिकाओं ने इस मौके पर धार्मिक सांस्कृतिक प्रस्तुति से लोगों का मन मोह लिया। इस मौके पर नगर मुख्य पार्षद कहा कि मां गंगा की निर्मलता, अविरलता व स्वच्छता के जनजागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किये जाते रहें हैं। आमजन से मां गंगा कि निर्मलता अविरलता व स्वच्छता बनाये रखने में सहयोग की अपील की। कहा कि मनिहारी गंगातट की धार्मिक, आध्यात्मिक सांस्कृतिक महत्व के आलोक में उनके द्वारा लगातार प्रयास किये जाते रहे हैं। आनेवाले दिनों में आमजन की आशीर्वाद से मनिहारी गंगातट का धार्मिक, आध्यात्मिक व पर्यटन की दृष्टि से नये स्वरुप मे विकास किया जाएगा। इस मौके पर सूबे के पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद, मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, एसडीएम त्रिलोकी नाथ सिंह, एसडीपीओ बिनोद कुमार, बीडीओ सनत कुमार, थानाध्यक्ष संतोष कुमार झा सहित नगर के विभिन्न वार्डो के पार्षदगण व बडी संख्या में श्रद्धालू नर नारी मौजूद रहे ।

# नावालिग के हाथों में जेसीबी, चुरली घाट पुल निर्माण में नियमों की उड़ रहीं धज्जियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा (कटिहार)।** कोढ़ा प्रखंड अंतर्गत विनोदपुर पंचायत के चुरली घाट में निर्माणाधीन पुल एक बार फिर विवादों में घिर गया है। स्थानीय लोगों ने आरोप लगाया है कि पुल निर्माण कार्य में नियमों को ताक पर रखकर नाबालिग से जेसीबी मशीन चलवाई जा रही है। यह मामला सामने आने के बाद निर्माण एजेंसी और संबंधित नहीं होने की बात कही। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल नियम उल्लंघन का मामला नहीं, बल्कि सुरक्षा के साथ भी बड़ा खिलवाड़ है। भारी मशीनों के संचालन के लिए प्रशिक्षित और वयस्क चालक की आवश्यकता होती है, लेकिन यहां खुलेआम नाबालिग से काम करवाया जा रहा है। चार वर्षों से अधूरे पड़े पुल निर्माण को लेकर भी लोगों



विभाग की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस पुल का निर्माण बीते चार वर्षों से चल रहा है। वह अब तक पूरा नहीं हो पाया है। निर्माण कार्य की धीमी गति से पहले ही लोग परेशान थे, वहीं अब नाबालिग मजदूर से भारी मशीन चलवाने का मामला सामने आने के बाद लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण स्थल पर खुलेआम जेसीबी मशीन एक नाबालिग के द्वारा चलाई जा रही थी। जब इस संबंध में वहां मौजूद कर्मियों से पूछताछ की गई तो रामसखी इंटरप्राइजेज में कार्यरत कर्मी स्पष्ट जवाब देने के बजाय अपना पल्ला झाड़ते नजर आए। किसी ने जिम्मेदारी लेने से इनकार किया तो किसी ने मामले की जानकारी में नाराजगी है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में लगातार लापरवाही बरती जा रही है, जिसके कारण आम लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। अब सबसे बड़ा सवाल यह उठ रहा है कि आखिर विभागीय अधिकारी और निर्माण एजेंसी की निगरानी व्यवस्था कहां है? यदि नाबालिग से मशीन चलवाई जा रही है तो इसके लिए जिम्मेदार कौन है? क्या संबंधित विभाग इस मामले की जांच कर कार्रवाई करेगा या फिर मामला दबा दिया जाएगा? स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की अनियमितताओं पर रोक लग सके।

## संक्षिप्त समाचार

### खुदना चौक पर शराब सेवन के आरोप में तीन गिरफ्तार

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रौतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस की ओर से चलाए जा रहे गश्ती एवं वाहन जांच अभियान के दौरान खुदना चौक से शराब पीने के आरोप में तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने मौके पर आवश्यक जांच एवं कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय कटिहार में उपस्थापन हेतु भेज दिया।गिरफ्तार किए गये आरोपियों में खुदना निवासी अवधेश पासवान, मनोज ऋषि, रामचन्द्र बिन्द बताया जा रहा है।पुलिस सूत्रों के अनुसार रात्रि गश्ती के दौरान खुदना चौक पर संदेह के आधार पर तीनों को रोका गया। जांच के दौरान शराब सेवन की पुष्टि होने पर बिहार मद्य निषेध कानून के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया गया।क्षेत्र में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चला रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों एवं शराब सेवन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।




### पहली बार महिला बनीं जदयू प्रखंड अध्यक्ष

**अमदाबाद/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जदयू की नवनिर्वाचित प्रखंड अध्यक्ष खुशबू कुमारी ने अपने आवास पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। इस मौके पर जदयू प्रखंड के सैकड़ों कार्यकताओं ने फूल-माला पहनाकर एवं गुलाल उड़ा कर बधाई दी। खुशबू ने केंद्र एवं राज्य संगठन को बधाई देते हुए कही कि जदयू पूरे देश की एकमात्र पार्टी है। जहां महिलाओं को प्राथमिकता दी जाती है। पहली बार जदयू के द्वारा इस प्रखंड का अध्यक्ष महीला को चुना गया। इसके लिए मैं ग्राम स्तर से लेकर केंद्र स्तर तक के नेताओं को बधाई देती हूं कि पिछड़ा समाज की महिला को सम्मान देने का काम जदयू ने किया। इस मौके पर जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रखंड अध्यक्ष भाई मुजम्मिल, नूतन देवी समेत बड़ी संख्या में जदयू कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### झौआ पुल के नीचे मनाया गया गंगा दशहरा

**सालमारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार - सालमारी रेलखंड के झौआ पुल के नीचे गंगा दशहरा पर पूजा अर्चना की गई। इस मौके पर एकल अभियान के अंतर्गत प्रभाग पी - 3 संभाग उत्तर बिहार भाग कोसी अंचल कटिहार के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ सेवाबरती मुंशी लाल यादव ने बताया कि हर साल



की तरह इस साल भी गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर कटिहार - सालमारी रेलखंड के झौआ पुल के नीचे एकल अभियान के कार्यकताओं के द्वारा पूजा अर्चना की गई जिसमें जगत समाज एवं परिवार के कल्याण की कामना की गई। इस अवसर पर एकल अभियान के अंचल अध्यक्ष सुबोध कुमार पोद्दार, कोषाध्यक्ष अजय कुमार दास, अभियान प्रमुख नरेश कुमार मंडल, गतिविधि प्रमुख सरोज केवट, प्रशिक्षण प्रमुख भारती कुमारी, अंचल कार्यालय प्रमुख शुभम कुमार एवं संच समिति सुमन कुमार पोद्दार सहित कदवा एवं आजमनगर के सभी आचार्य दीदी एवं ग्रामीण उपस्थित रहे ।

# सहयोग शिविर स्थल का डीएम ने किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**प्राणपुर (कटिहार)।** जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने आगामी 2 जून को बस्तौल पंचायत के कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के खेल मैदान में आयोजित होने वाले सहयोग शिविर के स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान एडीएम डॉ. विनोद कुमार, जिलास्तरीय पदाधिकारियों सहित बीडीओ मनीषा कुमारी, सीओ शिखा कुमारी प्रखंडस्तरीय अन्य पदाधिकारी, स्थानीय मुखिया मो. मुजाहिद आलम, प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष लड्डू सिंह साथ रहे।



निरीक्षण के दौरान डीएम ने बीडीओ से शिविर आयोजन के बाबत आवश्यक जानकारी लिया तो वही सबों की सहमति से शिविर स्थल पर दो हेलीपैड निर्माण कार्य के लिए जगह भी चिन्हित किया। बीडीओ को आवश्यक निर्देश देते हुए जिला पदाधिकारी ने कहा कि सहयोग शिविर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए किसी तरह का कोई कमी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने अब तक हुए ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश दिया। स्थानीय मुखिया ने जिला पदाधिकारी को शिविर को सफल बनाने में भरपूर सहयोग का आश्वासन दिया। जानकारी के अनुसार सहयोग शिविर में प्रभारी मंत्री का आगमन होना है। जिसको लेकर शिविर की तैयारी जोरों से हो रही है।

# वज्रपात से दुधारू गाय की मौत किसान ने मांगा मुआवजा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समेली (कटिहार)।** प्रखंड क्षेत्र के छोहार पंचायत अंतर्गत दोलंगी गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक दुधारू गाय की मौत हो गई। घटना के बाद पीड़ित पशुपालक के समक्ष आजीविका का संकट खड़ा हो गया है। जानकारी के अनुसार वार्ड संख्या-09 निवासी गोपाल कृष्ण मंडल सोमवार रात भोजन करने के बाद सोने की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। बारिश थमने का इंतजार किया जा रहा था कि रात करीब 10 बजे अचानक तेज गर्जना के साथ वज्रपात हुआ। आकाशीय बिजली गिरने से घर के पास खूंटे में बंधी उनकी दुधारू गाय की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे और मृत मवेशी का पोस्टमार्टम कर आवश्यक कागजी प्रक्रिया शुरू की। वहीं स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने भी घटनास्थल पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। मुखिया सरिता देवी ने कहा कि प्राकृतिक आपदा में मवेशी की मौत होने से किसान के समक्ष गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। उन्होंने आपदा प्रबंधन विभाग से पीड़ित किसान को उचित मुआवजा देने की मांग की है। पीड़ित पशुपालक ने अंचलाधिकारी एवं पशुपालन विभाग को आवेदन देकर सरकारी सहायता की मांग की है।

# बेमौसम बारिश से मक्का की फसल बर्बाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**फलका (कटिहार) ।** फलका प्रखंड क्षेत्र में लगातार आंधी-तूफान एवं बेमौसम बारिश के कारण मक्का किसान के अलावा विद्युत उपभोक्ता भी अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर काफी परेशान नजर आ रहे हैं। बारिश के कारण मक्का किसानों का आलम यह है कि खेतों में पानी में डूबे मक्का को पानी से छान कर निकाल रहे हैं। क्षेत्र के किसानों का कहना है कि मौसम के खराब मिजाज के कारण इस बार फसल लगाने में लगा लागत मूल्य भी ऊपर होना मुश्किल लग रहा है।



एक तरफ प्रकृति का प्रकोप और दूसरी तरफ फसल कटाई के लिए मजदूरों का गहराता संकट क्षेत्र के किसानों को खून के आंसू रोने को मजबूर कर दिया है। किसान शुभम सिंह, नित्यानंद मंडल, राघव सिंह, शंकर सिंह, पिंटू तिवारी, सोनू तिवारी, राजेश मंडल, अनहद कुमार आदि का कहना है कि प्रखंड क्षेत्र में केला खेती में 'पनामा विल्ट' रोग लगने के कारण यहां किसानों की आय का मुख्य स्रोत मक्का फसल ही रहा है। लेकिन लगातार आंधी-तूफान एवं बेमौसम बारिश ने किसानों की कमर ही तोड़ दी है। अब बैंकों और साहूकारों का कर्ज चुकाना, बच्चों की पढ़ाई -लिखाई और शादी-विवाह का खर्च कैसे पूरा होगा, यह बात समझ से परे है। इस उमस भरी गर्मी में आंधी - तूफान के बहाने लगातार हो रही अनियमित विद्युत आपूर्ति को लेकर उपभोक्ता भी काफी परेशान हैं। क्षेत्र में लगातार दस से बारह घंटे विद्युत आपूर्ति बाधित रहने के कारण उपभोक्ताओं को सबसे अधिक पानी की किल्लत, मोबाइल फोन और इन्वर्टर चार्जिंग जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। बिजली न रहने के कारण बच्चों को रात में पठन-पाठन करने में भी काफी परेशानी हो रही है।

# बारसोई रेलवे स्टेशन सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बारसोई (कटिहार)।** कटिहार रेल मंडल के बारसोई रेल गेट से बारसोई स्टेशन जाने वाली सड़क निर्माण कार्य में भारी अनियमितता एवं खराब सामग्री के उपयोग का आरोप लगाते हुए जदयू नेता ख्वाजा शाहिद एवं स्थानीय लोगों ने जांच की मांग की है। इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक कटिहार रेल मंडल एनएफआर को आवेदन देकर मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा संवेदक पर कार्रवाई की मांग की गई है। जदयू नेता का आरोप है कि सड़क निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार लाल बालू का उपयोग नहीं कर कम गुणवत्ता वाले बालू एवं निम्न गुणवत्ता की सामग्री का



इस्तेमाल किया जा रहा है। लोगों का कहना है कि ठीकेदार द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराया जा रहा है। जिससे आमजन में आक्रोश व्याप्त है। इधर चमरा गोदाम से स्टेशन जाने वाली दूसरी मुख्य सड़क का निर्माण कार्य भी एक साथ शुरू कर दिए जाने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। दोनों प्रमुख सड़कों पर एक साथ कार्य शुरू होने के विरोध में जदयू नेता ख्वाजा शाहिद एवं स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया। जदयू नेता ने कहा कि दोनों मुख्य सड़कों का निर्माण कार्य बारी-बारी से कराया जाना चाहिए था। ताकि लोगों को आवागमन में कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ता। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कर संवेदक पर कार्रवाई करने की मांग की है।

# एक माह से जिओ का नेट बाधित रहने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार) ।** प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत के कुरसेल गांव के लोगों ने जिओ के टावर के सामने जमकर प्रदर्शन किया व जिओ कंपनी के खिलाफ जमकर नारे बाजी के। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे नाजिम उर्फ गुज्जर ने कहा कि लगभग एक माह से कुरसेल गांव में लगे जिओ के टावर से संचार व्यवस्था बाधित है गुज्जर ने बताया कि एक माह पूर्व टावर में लगा जरनेटर जल गया था तब से यह टावर बिजली के भरोसे चल रहा है वहीं आंधी पानी के कारण लगभग एक माह से बिजली भी बाधित है वहीं जब तक बिजली रहती है तबतक हमलोगों के मोबाइल में



टावर रहता है बिजली गई टावर गई, वहीं बिजली 24 घंटे में चार से पांच घंटे ही रहती बिजली की स्थिति भी काफी दयनीय है, वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस जिओ के टावर से 12000 मोबाइल कनेक्शन है वहीं टॉवर बाधित रहने के कारण सरकारी, गैरसरकारी, व्यवसायिक और निजी कार्य पूरी तरह ठप पड़ा हुआ, ग्रामीणों ने जल्द से जल्द इस समस्या का स्थाई निदान की मांग की है।

# मांगें पूरी नही होने पर कर्मियों ने जताई नाराजगी

**त्रिपक्षीय वार्ता में काम का बहाना बनाकर नही आये एजेंसी के वरीय पदाधिकारी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** श्रम संयुक्त भवन श्रम संसाधन विभाग के कार्यालय में श्रम अधीक्षक पीटर मिंज के अध्यक्षता में त्रिपक्षीय वार्ता आयोजित की गई। इस अवसर पर न्यूनतम मजदूरी परामर्श दात्री सदस्य सह मुख्य संरक्षक 102 एम्बुलेंस कर्मचारी संघ के नेता विकास सिंह ने बताया कि पिछले दिनांक 12 मई को त्रिपक्षीय वार्ता के अनुसार दूसरी बैठक जो 26 मई को हुई उसके पहले सभी कर्मचारियों को अप्रैल माह तक का वेतन, कार्य से बैठाये गए कर्मचारियों को ड्यूटी देना, न्यूनतम मजदूरी प्रति 8 घंटा 21000 रूपया, ईएसआईसी, इपीएफ ससय संबंधित कार्यालय में जमा करना, दुर्घटना बीमा कार्य अवधि में कम से कम 20 लाख रुपया मुआवजा, सभी कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र, स्वर्गीय अनिल ठाकुर कर्मचारी के पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति, स्वर्गीय धीरज महतो



के परिजन को₹500000 लाख रुपए मुआवजा सहित अन्य सभी मांगों को बैठक के पहले पूरा करना था। परंतु आज के बैठक में जैन प्लस एजेंसी के तरफ से अधिकृत प्रतिनिधि जो त्रिपक्षीय वार्ता में मांगों को पूरा कर सके वैसे प्रतिनिधि मुंबई में एजेंसी के महत्वपूर्ण बैठक का हवाला देकर अगली बैठक की तिथि देने का अनुरोध किया। श्रम अधीक्षक पीटर मिंज ने दूरभाष पर जैन प्लस एजेंसी के वरीय पदाधिकारी को आज के बैठक में उपस्थित नहीं होने के लिए नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट उन्होंने कहा कि अगर अगली अंतिम बैठक 3 जून को अधिकृत प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित नहीं हुए एवं कर्मचारियों की सभी मांगे पूरी नहीं हुई तो बाध्य होकर एक पक्षीय कार्वाई करते हुए फैसला कर्मचारियों के हक में कर दिया जाएगा ' मुख्य संरक्षक विकास सिंह ने बताया कि आज के बैठक में जैन एजेंसी प्लस की ओर से कटिहार के क्लस्टर कुंवर सिंह एवं पवन जायसवाल उपस्थित थे। जबकि 102 एंबुलेंस के लगभग 50 चालक एवं ईएमटी कर्मचारी सहित किशोर देव मधेपुरा ,सुपौल जिलों के कर्मचारी भी आज के बैठक में भाग लेने पहुंचे थे। श्री सिंह ने विश्वास जताते हुए बताया कि स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष सह जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी एवं श्रम अधीक्षक पीटर मिंज के सहयोग से कर्मचारियों को 4 चार महीने का बकाया वेतन का भुगतान हो गया और एक कर्मचारी को ड्यूटी दिया गया है। श्री सिंह ने इसके लिए जैन प्लस एजेंसी को बकाया वेतन भुगतान करने के लिए धन्यवाद दिया एवं श्री सिंह ने बताया कि निश्चित रूप से 102 एंबुलेंस के सभी कर्मचारियों के समस्याओं का समाधान 3 जून 20 26 के बैठक के पूर्व हो जाएगा ऐसा श्री सिंह ने विश्वास जाता है।

# बिहार स्टेट अंडर-13 ओपन एवं गर्ल्स शतरंज चैम्पियनशिप 2026 का आयोजन 28 से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** कटिहार जिला शतरंज संघ की ओर से ऑल बिहार चेस एसोसिएशन के तत्वावधान में तथा लियो क्लब ऑफ कटिहार टाउन के सहयोग से बिहार स्टेट अंडर-13 ओपन एवं गर्ल्स चेस चैम्पियनशिप 2026ह्व का आयोजन आगामी 28 मई से 31 मई 2026 तक अग्रसेन भवन बिनोदपुर में किया जाएगा। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता बिहार के उभरते हुए युवा शतरंज खिलाड़ियों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगी, जिसमें राज्य के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिभाशाली खिलाड़ी भाग लेने पहुंचेंगे। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में शतरंज के प्रति रुचि बढ़ाना, उनकी रणनीतिक क्षमता को विकसित करना तथा राज्य स्तर पर नई प्रतिभाओं को आगे लाना है। संघ के उपाध्यक्ष डॉ. कुमार संभुनाथ एवं विकास खंडेलिया ने बताया कि प्रतियोगिता में केवल वही खिलाड़ी भाग लेने के पात्र होंगे जिनका जन्म 1 जनवरी 2013 या उसके बाद हुआ हो। प्रतियोगिता ओपन एवं गर्ल्स दोनों वर्गों में आयोजित की जाएगी। पूरे आयोजन को अंतरराष्ट्रीय शतरंज नियमों के अनुसार संचालित किया जाएगा ताकि खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रतियोगी वातावरण मिल सके। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक ट्रॉफी, मेडल एवं सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। साथ ही बाहर से आने वाले खिलाड़ियों एवं अभिभावकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पूर्व सूचना पर निःशुल्क डॉर्मिटरी आवास की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतियोगिता की प्रवेश शुल्क ₹750 निर्धारित की गई है। इच्छुक खिलाड़ी ऑनलाइन माध्यम से अपना पंजीकरण करवाया हैं। आयोजकों ने खिलाड़ियों एवं अभिभावकों से समय रहते पंजीकरण कराने की अपील की है। कटिहार जिला शतरंज संघ के सचिव प्रतुष और संजीव सुरेका ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में मानसिक विकास, धैर्य, अनुशासन एवं निर्णय क्षमता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह प्रतियोगिता बिहार में शतरंज के विकास को नई दिशा देगी तथा भविष्य के राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को तैयार करने में सहायक होगी। लियो क्लब के प्रदेश अध्यक्ष तेजस चौरसिया और पीयूष राज के साथ आयोजन समिति ने राज्य भर के खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं अभिभावकों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## अनिल अंबानी की कंपनियों के पूर्व निदेशकों पर मुंबई पुलिस का शिकंजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने सोमवार को अनिल धीरूभाई



अंबानी ग्रुप से जुड़ी कंपनियों के तत्कालीन निदेशकों के खिलाफ धोखाधड़ी, अमानत में खयानत (क्रिमिनल ब्रीच ऑफ ट्रस्ट) और आपराधिक साजिश का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि इन्होंने बैंक से 150 करोड़ रुपये का लोन लिया, उसे दूसरे कामों में डाइवर्ट किया और फिर लोन चुकाने में डिफॉल्ट कर गए। जुड़ी कंपनियों के खिलाफ एक्सिस बैंक की शिकायत पर दर्ज की गई दूसरी एफआईआर है। सूत्रों के मुताबिक, यह मामला एक्सिस बैंक के उपाध्यक्ष प्रकाश प्रभाकर राव की शिकायत पर कफ परेड पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता राव ने इससे पहले इसी साल मार्च महीने में भी अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों और उनके कई निदेशकों के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज कराई थी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि यह वित्तीय अपराध जनवरी 2010 से नवंबर 2019 के बीच अंजाम दिया गया। सूत्रों के अनुसार, आरोपियों ने कंपनी के तत्कालीन निदेशकों के साथ मिलकर बैंक को धोखा देने और उसे वित्तीय नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से एक आपराधिक साजिश रची। लोन हासिल करने के लिए आरोपियों फर्जी दस्तावेज जमा किए, गलत जानकारियां दीं और रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड की वित्तीय स्थिति को लेकर भ्रामक खुलासे किए। जैसे ही लोन की रकम मिली, उसे ग्रुप से जुड़ी अन्य कंपनियों के खातों में डाइवर्ट कर दिया गया। इसी साल 12 मार्च को भी मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने इन्हीं आधारों पर अनिल अंबानी से जुड़ी कंपनियों के खिलाफ एक मामला दर्ज किया था। अब यह दूसरा बड़ा मामला सामने आया है।

## पति-पत्नी दोनों को मिलेगा करोड़ों का कवर! एलआईसी ने लॉन्च किए 2 नए धमाकेदार प्लान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी बीमा कंपनी ने कपल्स के लिए दो नए जॉइंट लाइफ इंश्योरेंस प्लान लॉन्च किए हैं, जिसमें एलआईसी का न्यू जीवन साथी सिंगल प्रीमियम और एलआईसी का न्यू जीवन साथी लिमिटेड प्रीमियम शामिल है। ये दोनों प्लान खास तौर पर शादीशुदा जोड़ों के लिए बनाए गए हैं, ताकि एक ही पॉलिसी में पति-पत्नी दोनों को लाइफ कवर और सेविंग्स का फायदा मिल सके। मौजूदा समय में लोग सिर्फ निवेश ही नहीं बल्कि सुरक्षित भविष्य भी चाहते हैं, ऐसे में एलआईसी का यह कदम काफी चर्चा में है। इन योजनाओं की सबसे खास बात यह है कि ये नॉन-लिंक्ड और नॉन-मार्केट लिंक्ड प्लान हैं, यानी शेयर बाजार के उतार-चढ़ाव का इन पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसमें मिलने वाले बेनिफिट और रिटर्न पहले से तय होंगे, जिससे निवेशकों को सुरक्षा और स्थिरता दोनों मिलती है। एलआईसी का नई जीवन साथी सिंगल प्रीमियम प्लान उन लोगों के लिए है, जो एक बार में प्रीमियम भरकर लंबे समय तक सुरक्षा चाहते हैं। उसके बाद पूरी पॉलिसी अवधि तक कवर मिलता रहता है।

### बड़े संकट के कगार पर अर्थव्यवस्था

# बांग्लादेश में तस्करी, बड़े संकट के कगार पर खड़ा है भारत, दिग्गज अर्थशास्त्रियों की चेतावनी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत गहरे आर्थिक संकट से बचना चाहता है तो उसे बड़े स्ट्रक्चरल रिफॉर्म्स करने होंगे। इसमें खाद और खाने की चीजों पर दी जाने वाली सब्सिडी में बड़ा बदलाव शामिल है। जाने-माने कृषि अर्थशास्त्री अशोक गुलाटी और सीनियर फेलो रितिका जुनेजा ने 'द इंडियन एक्सप्रेस' में एक लेख में ये बातें कही हैं। दोनों अर्थशास्त्रियों ने चेतावनी दी है कि अगर दबाव बना रहा और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को अपनी करेंसी बचाने के लिए भारी खर्च करना पड़ा तो भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरकर 100 रुपये तक पहुंच सकता है।

दिग्गज अर्थशास्त्रियों ने लिखा, 'भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले लगातार कमजोर हो रहा है। अगर आरबीआई मजबूती से दखल नहीं देता है तो एक्सचेंज रेट गिरकर 100 रुपये प्रति अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है।' उन्होंने अनुमान लगाया कि मौजूदा हालात में वित्त वर्ष 2026-27 में भारत के लिए 6 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ हासिल करना और कंज्यूमर प्राइस इंडेक्स पर आधारित महंगाई दर को 6 प्रतिशत से नीचे रखना बड़ी किस्मत की बात होगी।' दोनों टॉप इकोनॉमिस्ट ने कहा कि अगर होर्मुज स्ट्रेट लंबे समय तक बंद रहता है तो हालात और भी खराब हो सकते हैं। लेखकों के अनुसार, 'अगर होर्मुज स्ट्रेट अगले तीन महीनों तक बंद रहता है तो जीडीपी ग्रोथ 6 प्रतिशत से नीचे गिर जाएगी। सीपीआई महंगाई दर 6 प्रतिशत से ऊपर पहुंच जाएगी।' उन्होंने आगे कहा कि ऐसे में आरबीआई के पास ब्याज दरें बढ़ाने के अलावा शायद ही कोई और विकल्प बचेगा।

इस पृष्ठभूमि में गुलाटी और जुनेजा ने तर्क दिया कि भारत को ऐसे सुधारों की जरूरत है जो 1991 में किए गए सुधारों के बराबर हों। उन्होंने लिखा,




### भारी भरकम है खाद सब्सिडी बिल

लेखकों ने कहा कि खाद सब्सिडी बिल के लिए वित्त वर्ष 2026-27 में 1.71 लाख करोड़ रुपये का बजट रखा गया है। उसके 2.25 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होने की संभावना है। यह 2.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। एक समाधान के तौर पर उन्होंने मौजूदा सब्सिडी व्यवस्था को एक ऐसी 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' प्रणाली से बदलने का प्रस्ताव दिया, जो जमीन के मालिकाना हक से जुड़ी हो। पीएम-किसान कार्यक्रम के साथ इंटीग्रेट हो। उन्होंने कहा, 'अंतिम समाधान - असली ब्रह्मास्त्र - पूरी रासायनिक खाद सब्सिडी व्यवस्था में सुधार करने में निहित है। इसके तहत प्रति एकड़ के आधार पर 'डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर' प्रणाली की ओर बढ़ा जाए।' उन्होंने तर्क दिया कि इस तरह के बदलाव से लीकेज कम होगी। तस्करी पर रोक लगेगी।

'अर्थव्यवस्था बड़े संकट के कगार पर खड़ी दिख रही है। इससे बचने का एकमात्र समझदारी भरा तरीका यही है कि 1991 की तरह ही बड़े सुधार किए जाएं।'

### बांग्लादेश, नेपाल में तस्करी

अर्थशास्त्रियों के अनुसार, कीमतों में इस भारी अंतर के कारण यूरिया को गलत जगहों पर भेजने (डायवर्जन) और उसकी तस्करी करने को बढ़ावा मिल रहा है। बिहार का उदाहरण देकर उन्होंने कहा कि सरकारी डेटा से पता चलता है कि सप्लाई की गई खाद और खेतों में असल में इस्तेमाल की गई खाद के बीच बहुत बड़ा अंतर है। उन्होंने लिखा, 'जो कोई भी बिहार की जमीनी हकीकत से वाकिफ है, वह जानता है कि यह राज्य लंबे समय से नेपाल में खाद की हेराफेरी का आसान रास्ता रहा है। सीमावर्ती जिलों से मिली रिपोर्टें यह भी बताती हैं कि सब्सिडी वाली खाद की नियमित रूप से बांग्लादेश में तस्करी की जाती है।'

### खाद सब्सिडी व्यवस्था पर उठाए सवाल

उनकी आलोचना का मुख्य केंद्र खाद पर दी जाने वाली सब्सिडी की व्यवस्था थी। लेखकों ने बताया कि भारत अपनी यूरिया की कुल जरूरत का 20-25 फीसदी हिस्सा आयात करता है। हाल ही में जारी आयात टेंडर के अनुसार, यूरिया की लैंडेड कॉस्ट (पहुंचने तक की लागत) लगभग 935 डॉलर प्रति टन है। इसके बावजूद सब्सिडी के चलते किसानों को यूरिया 70 डॉलर प्रति टन से भी कम कीमत पर बेची जाती है। उन्होंने लिखा, 'इसकी असली वजह यूरिया पर दी जाने वाली भारी-भरकम सब्सिडी है जो आज इसकी कुल लागत का लगभग 90 फीसदी हिस्सा कवर करती है।'

### 80 करोड़ को फ्री अनाज क्यों

अर्थशास्त्रियों ने भारत के खाद्य सब्सिडी कार्यक्रम के पैमाने पर भी सवाल उठाए। जहां सरकारी अनुमान बताते हैं कि गरीबी का स्तर तेजी से गिरा है। वहीं, 80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त अनाज का वितरण जारी है। उन्होंने पूछा, '80 करोड़ से ज्यादा लोगों को मुफ्त अनाज का वितरण क्यों जारी रहना चाहिए' उन्होंने तर्क दिया कि लाभार्थियों को तर्कसंगत बनाने या गरीबी रेखा से ऊपर के लोगों के लिए जारी करने की कीमतों में बढ़ोतरी करने से सालाना 50,000 करोड़ रुपये और बचाए जा सकते हैं। गुलाटी और जुनेजा ने चेतावनी दी कि राजनीतिक रूप से कठिन सुधारों में देरी करने से भारत की आर्थिक चुनौतियां और गहरी ही होंगी।

## होर्मुज बंद तो भी खाड़ी के देशों से कैसे हो रही तेल और गैस की सप्लाई, 'अंधेरे सफर' की कहानी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मिडिल ईस्ट में जारी संघर्ष से ग्लोबल एनर्जी सप्लाई के रूटों पर दबाव बढ़ा है। इस बीच संयुक्त अरब अमीरात और कतर की बड़ी तेल कंपनियां फारस की खाड़ी से अपना तेल और गैस उन देशों तक पहुंचाने के लिए कुछ अलग तरह की शिपिंग स्ट्रेटेजी का



सहारा ले रही हैं, जिन्हें ऊर्जा की जरूरत है। ये कहानी 'अंधेरे सफर' की है। यूएई की सरकारी तेल कंपनी एडनॉक दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्गों में से एक होर्मुज स्ट्रेट से गुजर रही है। यह वह जगह है जहां क्षेत्रीय तनाव बढ़ने के बीच ईरानी सेना और अमेरिकी नौसेना के गश्ती दल एक-दूसरे के बहुत करीब रहकर काम करते हैं। ब्लूमबर्ग की ओर से बताए गए जहाजों की ट्रैकिंग के डेटा और इस मामले से परिचित लोगों के अनुसार, यूएई की सरकारी ऊर्जा कंपनी ने ' डार्क ट्रांजिट ' पर भरोसा किया है।

डार्क ट्रांजिट ऐसी यात्राएं होती हैं जिनमें जहाज होर्मुज स्ट्रेट से गुजरते समय अपने ट्रांसपोंडर बंद कर देते हैं। इससे तेल के टैंकरों को वास्तविक समय (रियल टाइम) में पकड़े जाने से बचने में मदद मिलती है। इस स्ट्रेटेजी ने अब तक भू-राजनीतिक जोखिमों के समय भी एक्सपोर्ट को जारी रखने में मदद की है।

कतर ने भी होर्मुज के रास्ते अपना निर्यात जारी रखा है। यह इस बात का संकेत है कि खाड़ी क्षेत्र के उत्पादक दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक में बदलती हुई परिस्थितियों के अनुसार खुद को ढाल रहे हैं। जहाजों के डेटा के अनुसार, हाल ही में एक एलएनजी टैंकर 'अल रयान' होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने के बाद मस्कट के उत्तर में देखा गया था। यह चीन की ओर जा रहा था।

### एडनॉक को स्ट्रेटेजी का हुआ है फायदा

किराए के जहाजों पर निर्भर कई क्षेत्रीय उत्पादकों और कमोडिटी व्यापारियों के उलट एडनॉक ने अपने खुद के बेड़े पर भरोसा किया है। इस बेड़े में जरिए चलाए जाने वाले जहाज भी शामिल हैं। इसमें एडनॉक की शिपिंग और लॉजिस्टिक्स शाखा की मेजोरिटी हिस्सेदारी है। साथ ही वानहुआ केमिकल ग्रुप के साथ उसका ज्वाइंट वेंचर भी है। इस बेड़े में कच्चे तेल के वाहक जहाज, रिफाइंड उत्पादों के टैंकर और गैस ले जाने वाले जहाज शामिल हैं। इससे कंपनी को काम करने में ज्यादा फ्लेक्सिबिलिटी मिलती है। उद्योग के सूत्रों का कहना है कि इस व्यवस्था के चलते एडनॉक जहाजों से माल की आवाजाही को काफी हद तक जारी रख पाई है।

# इंश्योरेंस कंपनियों के दावों की खुलेगी पोल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बीमा नियामक ने नॉन-लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों से कहा है कि वे बीमा क्लेम की एक सटीक परिभाषा तय करें। साथ ही क्लेम सेटलमेंट रेशियो को मापने का तरीका भी सभी कंपनियों के लिए एक जैसा करने को कहा गया है। दरअसल, अभी अलग-अलग कंपनियां अपनी सुविधा के अनुसार क्लेम की परिभाषा तय कर रही हैं, जिससे ग्राहकों को सही तस्वीर नहीं मिल पाती। कंपनियां अक्सर ग्राहकों से फुल एंड फाइनल सेटलमेंट के वाउचर पर साइन करा लेती हैं, भले ही ग्राहक संतुष्ट न हो। क्लेम की परिभाषा इसलिए भी अहम है क्योंकि इसी से कंपनी के मुनाफे का हिसाब लगता है। पूर्व सदस्य के. के. श्रीनिवासन का कहना है कि असल मायने में क्लेम तभी सेटल माना जाना चाहिए जब ग्राहक यह मान ले कि उसका काम हो गया है। क्लेम को



पेंडिंग ही माना जाना चाहिए। अगर कंपनी क्लेम खारिज करती है, तो ग्राहक 3 साल के भीतर उसे कानूनी चुनौती दे सकता है। जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आता और कंपनी उसका पालन नहीं करती, तब तक उसे अनसेटल्ड (न निपटाया हुआ) ही गिना जाना चाहिए।

### कंपनियां क्या करती हैं

अभी होता यह है कि कुछ इंश्योरेंस कंपनियां क्लेम की जानकारी मिलते ही उसे रजिस्टर कर लेती हैं। कुछ कंपनियां पहले यह देखती हैं कि पॉलिसी के तहत पैसा देना बनता भी है या नहीं, तब उसे क्लेम मानती हैं। आम आदमी के लिए 'सेटल्ड' क्लेम का मतलब है कि उसे उसका पैसा मिल गया। लेकिन कुछ बीमा कंपनियां उन क्लेम्स को भी 'सेटल्ड' (निपटाया हुआ) मान लेती हैं जिन्हें उन्होंने कागजात की कमी की वजह से बंद कर दिया है। या जिन्हें पॉलिसी के दायरे में न होने के कारण रिजेक्ट कर दिया है। इससे कागजों पर तो कंपनी का रेकॉर्ड अच्छा दिखने लगता है, लेकिन असलियत में ग्राहकों को उनका हक नहीं मिल पाता।




## भारतीय शेयर बाजार को लगा बड़ा झटका, ताइवान ने छीना दुनिया के 5वें सबसे बड़े मार्केट का ताज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ताइवान के शेयर बाजार ने कुल वैल्यूएशन (मार्केट कैप) के मामले में भारत को पीछे छोड़ दिया है। ताइवान की इस रफ्तार के पीछे दुनिया की सबसे बड़ी चिपमेकर कंपनी ताइवान सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कंपनी के शेयरों में आई तूफानी तेजी है। ब्लूमबर्ग के डेटा के अनुसार, ताइवान का मार्केट कैपिटलाइजेशन बढ़कर 4.95 ट्रिलियन डॉलर (करीब 411 लाख करोड़ रुपये) पर पहुंच गया है। वहीं दूसरी ओर, भारतीय शेयर बाजार का कुल मूल्यांकन गिरकर 4.92 ट्रिलियन डॉलर (सोमवार को बाजार बंद होने तक) रह गया है। इस उलटफेर के साथ ही ताइवान अब अमेरिका, चीन, जापान और हांगकांग के बाद दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा शेयर बाजार बन गया है।

ताइवान के शेयर बाजार को वैश्विक रैंकिंग में ऊपर ले जाने का पूरा श्रेय चिपमेकर कंपनी टीएसएमसी को जाता है। ताइवान के बेंचमार्क इंडेक्स में अकेले की हिस्सेदारी लगभग 42 प्रतिशत है, जो बाजार में इसके भारी दबदबा को दर्शाती है।आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बढ़ती वैश्विक मांग के कारण इस साल कंपनी के शेयरों में 49 प्रतिशत की भारी तेजी आई है। एआई चिप्स (सेमीकंडक्टर्स) के मामले में कंपनी ग्लोबल मार्केट में एकतरफा राज कर रही है। ताइवान के मार्केट कैप में यह उछाल टेक हार्डवेयर पर उसकी भारी निर्भरता को दिखाता है, जो इस समय एआई इन्वेस्टमेंट साइकिल के केंद्र में है। जिन बाजारों में टेक हार्डवेयर कंपनियों की कमी है, वे ताइवान और कोरिया जैसे बाजारों के सामने पीछे छूट रहे हैं। तमाम घरेलू मजबूती के बावजूद इस साल भारतीय शेयर बाजार दबाव में रहा है। इसके कई कारण सामने आए हैं। वैश्विक निवेशक भारत जैसे महंगे बाजार से पैसा निकालकर ताइवान और कोरिया जैसे उन बाजारों में लगा रहे हैं, जहां सीधे एआई और सेमीकंडक्टर थीम पर दांव लगाया जा सके। इस साल विदेशी संस्थागत निवेशकों ने भारतीय बाजार से लगभग 24 बिलियन डॉलर की भारी-भरकम बिकवाली की है। ईरान-अमेरिका भू-राजनीतिक तनाव के कारण कच्चे तेल और ऊर्जा की बढ़ती कीमतों ने भारत के विकास परिदृश्य और महंगाई को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। भारतीय शेयर बाजार का मुख्य सूचकांक इस साल करीब 8 प्रतिशत नीचे है, जो लगातार एक दशक की बढ़त के बाद इसकी पहली सालाना गिरावट की ओर इशारा कर रहा है। इसके चलते एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट्स इंडेक्स में भारत का वेटेज भी पिछले साल के 19 प्रतिशत से घटकर करीब 12 प्रतिशत रह गया है। आगे निकल गया हो, लेकिन जब बात वास्तविक अर्थव्यवस्था की आती है, तो भारत का कद बहुत बड़ा है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुमानों के मुताबिक, भारत की 4.15 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था ताइवान की 977 बिलियन डॉलर की जीडीपी के मुकाबले कई गुना बड़ी है।

# यूपीएससी नहीं निकला, पहला बिजनेस भी फेल, फिर झाड़ू-पोछे से चमकी किस्मत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाम कुमावत मुंबई के रहने वाले हैं। उन्होंने जिंदगी में कई फेलियर देखे। लेकिन, हार नहीं मानी। आज वह एक सफल स्टार्टअप के मालिक हैं। यह हाउसकीपिंग और होम क्लीनिंग की सर्विसेज देता है। इसका नाम 'साफसफाईवाला' है। यूपीएससी न निकलने और पहला बिजनेस फेल होने के बाद उन्होंने 2022 में इसकी नींव रखी थी। इसके पीछे आइडिया था- घर की साफ-सफाई की चिंता को खत्म करना। आज यह स्टार्टअप सालाना 1.5 करोड़ रुपये की कमाई कर रहा है। आइए, यहां शाम कुमावत की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं।

लगातार मिली असफलता

मुंबई के रहने वाले शाम कुमावत ने साल 2017 में पॉलिटिकल साइंस से ग्रेजुएशन किया। फिर यूपीएससी की तैयारी के लिए पुणे चले गए। पढ़ाई के दौरान खर्च निकालने के लिए उन्होंने होटलों में हाउसकीपिंग का पार्ट-टाइम काम किया। 'अर्बन कंपनी' में सर्विस पार्टनर के तौर पर भी जुड़े। यहीं से उनका रुझान क्लीनिंग इंडस्ट्री की तरफ बढ़ा। यूपीएससी में पहले प्रयास के बाद उन्होंने बैकअप प्लान के रूप में छोटी क्लीनिंग एजेंसी शुरू की। लेकिन, तभी कोरोना महामारी आ गई। इस वजह से उनका काम बंद हो गया। उन्हें 3 लाख रुपये का नुकसान हुआ। वह कर्ज में डूब गए।

**ऐसे की नई शुरुआत-** इन नाकामियों से शाम ने हिम्मत नहीं हारी। 2022 में मुंबई लौटकर नए सिरे से



शुरुआत की। अर्बन कंपनी के अपने अनुभव से उन्होंने एक चीज समझ ली थी। इस फील्ड में सबसे बड़ी समस्या नो-शो (काम पर न आना), अधूरी सफाई और स्टैंडर्ड ट्रेनिंग की कमी है। कारण है कि ज्यादातर प्लेटफॉर्म्स प्लंबिंग, पेंटिंग जैसे कई तरह के काम एक साथ करते हैं। शाम कुमावत ने केवल 'सफाई' पर फोकस करने का फैसला किया। अपने छोटे भाई के सुझाव पर स्टार्टअप का नाम 'साफसफाईवाला' रखा। शुरुआत में टीम को मैनेज करने और सिर्फ दैनिक लाभ-हानि पर ध्यान देने जैसी गलतियों से सीखते हुए उन्होंने कुशल मैनेजर्स की मदद ली। बिजनेस को व्यवस्थित रूप से स्केल किया।

# चांदी 3800 रुपये से ज्यादा गिरी, सोना भी लुढ़का

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सोने-चांदी की कीमतों में मंगलवार को गिरावट देखी गई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर मंगलवार सुबह सोने की कीमत में प्रति 10 ग्राम 800 रुपये से ज्यादा की गिरावट आई। वहीं चांदी का दाम प्रति किलो 3800 रुपये से ज्यादा लुढ़क गया। गुडरिटर्न्स के मुताबिक भी सोने की कीमत में गिरावट आई। मंगलवार को अमेरिका की ओर से ईरान हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आई। इससे महंगाई का डर पैदा हो गया। इससे चलते सोने और चांदी में गिरावट देखी गई।

सुबह 10 बजे एमसीएक्स पर मई डिलीवरी वाले सोने की कीमत प्रति 10 ग्राम 850 रुपये की गिरावट के साथ 1,58,231 रुपये पर थी। वहीं जून डिलीवरी वाली चांदी प्रति किलो 3,864 रुपये गिरकर 2,72,852 रुपये पर कारोबार कर रही थी। वहीं दूसरी ओर गुडरिटर्न्स के मुताबिक 24 कैरेट सोने का भाव प्रति 10 ग्राम 490 रुपये गिरकर 1,58,890 रुपये रह गया। वहीं चांदी की कीमत 2.85 लाख रुपये प्रति किलो पर बनी हुई है।

### क्यों आई गिरावट

**1. ईरान पर अमेरिकी हमले और कच्चे तेल में तेजी:** अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने दक्षिणी ईरान में मिसाइल लॉन्च साइटों और संदिग्ध नावों को निशाना बनाकर हमले किए हैं। इस तनाव के बाद कच्चे तेल की कीमतें




2 प्रतिशत से अधिक बढ़ गईं।

**2. महंगाई और ब्याज दरों का कनेक्शन:** कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें सीधे तौर पर महंगाई को बढ़ावा देती हैं। जब महंगाई बढ़ती है, तो केंद्रीय बैंक (जैसे अमेरिकी फेडरल रिजर्व) ब्याज दरों को लंबे समय तक ऊंचा रखते हैं। हालांकि सोने को महंगाई के खिलाफ एक सुरक्षित निवेश माना जाता है। लेकिन ऊंची ब्याज दरों के कारण बिना ब्याज देने वाले सोने को रखने की लागत बढ़ जाती है, जिससे इसकी मांग और कीमतों पर दबाव बनता है। सोमवार को सोने की कीमतों में अच्छी-खासी तेजी देखने को मिली, जिसकी मुख्य वजह कमजोर अमेरिकी डॉलर और अमेरिका-ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर बना सकारात्मक माहौल था। इंडियन बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के आंकड़ों के मुताबिक, सोमवार शाम के भाव में सुबह के भाव के मुकाबले तेजी आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में मंगलवार को हाजिर सोने की कीमत 0.7 प्रतिशत गिरकर 4537.54 डॉलर प्रति औंस हो गई, जबकि जून डिलीवरी के लिए अमेरिकी सोने के वायदा भाव में 0.3 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 4538.50 डॉलर हो गया।

### सर्राफा बाजार में क्या भाव

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने का भाव शाम को अपडेट होता है। इससे पहले सोमवार को सोने और चांदी की कीमतों में अलग-अलग रुझान देखने को मिला था। डॉलर के कमजोर होने और अमेरिका-ईरान के बीच संभावित शांति समझौते को लेकर बनी उम्मीदों से सोने की कीमतों में तेजी आई थी। वहीं, चांदी के दाम बिना किसी बदलाव के रहे। सोमवार को सर्राफा बाजार बंद होने तक सोना 1.65 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा।

# गंगा दशहरा के मौके पर की गयी जलाशयों की पूजा-अर्चना

## उमड़ा आस्था का सैलाब



नबिटा टीम

**खूंटी/दनियावां**। जिले के एकल अभियान जागरण शिक्षा मुरहू के तत्वावधान में गंगा दशहरा के पावन पर्व पर बनई नदी बम्हनी में नदी पूजन किया गया, साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में कुंआ-तालाब व अन्य जलाशयों का विधिवत पूजन और आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

मौके पर संच अध्यक्ष डॉ धर्मेंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि आज ही के दिन मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थी। आज के दिन गंगा स्नान-नदी स्नान करने,दान करने से भक्तों के मन - वचन और कर्म से किए गए सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। डॉ तिवारी ने कहा कि राजा भागीरथ के अथक प्रयास से मां गंगा ब्रह्मा जी के कमंडल से निकल कर शिवजी की जटा में, तत्पश्चात धरती पर प्रवाहित हुई।

बताया जाता है कि गंगा दशहरा पर पुण्य करने से मनुष्य का जीवन सुखमय बनता है, तथा पितरों को भी शांति और मोक्ष की प्राप्ति होती है। दान- परोपकार सबसे बड़ा पुण्य है। मानव जीवन की सार्थकता सदा भलाई करने में है। मौके पर संच प्रशिक्षक महेंद्र नाग, ध्रुवेन्द्र भास्कर,आचार्या ओमपति देवी, दुर्गावती देवी, मनीषा कुमारी,सुधा कुमारी सहित ग्रामीण और भैया - बहन उपस्थित थे।

**दनियावां(पटना) से संवाददाता के अनुसार** ज्येष्ठ शुक्ल दशमी यानी गंगा दशहरा के पावन पर्व पर मंगलवार को फतुहा के ऐतिहासिक त्रिवेणी घाट, मस्ताना घाट और कटैया घाट पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। ब्रह्ममुहूर्त से ही 'हर-हर गंगे, जय मां गंगे' के उद्घोष के साथ हजारों श्रद्धालुओं ने पवित्र गंगा में आस्था की डुबकी लगाई और दान-पुण्य कर मोक्ष की कामना की।

हिलसा-दनियावां मार्ग पर निजी वाहनों से नर-नारी, बच्चे-बुजुर्ग अहले सुबह 3 बजे से ही गंगा घाटों पर पहुंचने लगे थे। सूर्योदय के साथ ही घाटों पर तिल रखने की जगह नहीं बची। महिलाओं ने घाट पर सत्यनारायण कथा सुनी, तो पुरुषों ने गंगा किनारे बैठकर गायत्री मंत्र का जाप किया। श्रद्धालुओं ने गंगा मैया को दूध, फूल, अक्षत व चुनरी अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि मांगी।

स्थानीय पंडितों व बुजुर्गों के अनुसार, ऐसी मान्यता है कि गंगा दशहरा के दिन से ही मां गंगा के जलस्तर में वृद्धि शुरू हो जाती है। इसी दिन राजा भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर मां गंगा स्वर्ग से धरती पर अवतरित हुई थीं।

भीड़ को देखते हुए फतुहा प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद दिखा। त्रिवेणी व मस्ताना घाट पर एसडीआरएफ की टीम नाव व गोताखोरों के साथ तैनात रही। महिला श्रद्धालुओं के लिए चेंजिंग रूम व अस्थायी शौचालय की व्यवस्था की गई थी। पुलिस बल लगातार घाटों पर गश्त करता रहा। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्नान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ।

29 मई तक जारी नौतपा के भीषण प्रकोप के बीच गंगा स्नान श्रद्धालुओं के लिए राहत लेकर आया। 41 डिग्री तापमान में गंगा के शीतल जल ने लोगों को लू से बचाया। कई श्रद्धालुओं ने कहा कि ₹गंगा मैया की गोद में आकर सारी थकान मिट गई।₹

## गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

**पटना**। इन दिनों मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों द्वारा गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग जोर पकड़ती दिखाई दे रही है। अलग-अलग राज्यों से ऐसी तस्वीरें सामने आ रही हैं, जहां मुस्लिम समुदाय के लोग हाथों में बैनर-पोस्टर लेकर गाय को राष्ट्रीय पशु बनाने की मांग कर रहे हैं।

इसी कड़ी में समस्तीपुर जिले से राष्ट्रीय जनता दल के विधान पार्षद मोहम्मद सोहैब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर गाय को भारत का राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की है। मोहम्मद सोहैब ने अपने पत्र में कहा कि गाय केवल एक जानवर नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आस्था और गांव की अर्थव्यवस्था का अहम हिस्सा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि केंद्र सरकार को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

सोहैब ने कहा कि यदि गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित किया जाता है, तो इससे देशभर में गौ-संरक्षण को और मजबूती मिलेगी। साथ ही लोगों के बीच जागरूकता भी बढ़ेगी और गायों के संरक्षण को लेकर सकारात्मक माहौल बनेगा।

उन्होंने कहा कि गाय का महत्व केवल धार्मिक नजरिए से नहीं है, बल्कि ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था में भी इसकी बड़ी भूमिका है। खेती-किसानी, दुग्ध उत्पादन और गांवों के रोजमर्रा के जीवन में गाय आज भी अहम आधार बनी हुई है।

मोहम्मद सोहैब ने कहा कि गांवों में लाखों परिवारों की आय और रोजगार किसी न किसी रूप में पशुपालन और दुग्ध उत्पादन से जुड़ा हुआ है।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक

## अधिकारियों को दिए गए निर्देश, आमजनों से की गई अपील



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी**। उपायुक्त मो० जावेद हुसैन, खूंटी की अध्यक्षता में नगर भवन में आगामी 28 मई को आयोजित होने वाले ईद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व के अवसर पर जिले में शांति एवं विधि-व्यवस्था संधारण को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग समेत जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, प्रखंड स्तरीय शांति समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित हुए।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को पर्व के अवसर पर आपसी सौहार्द एवं शांतिपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु सतर्क एवं संवेदनशील होकर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में लगातार भ्रमणशील रहें, प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी ऑन ड्यूटी सक्रिय रहें तथा किसी भी प्रकार की सूचना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा शांति समिति के सदस्यों से उनके-अपने क्षेत्रों की स्थिति एवं पर्व के दौरान संभावित आवश्यकताओं की जानकारी ली गई। साथ ही सभी सदस्यों से पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने हेतु जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को सहयोग करने की अपील की गई। बैठक के दौरान शांति समिति के सदस्यों द्वारा भी कई महत्वपूर्ण सुझाव जिला प्रशासन को दिए गए।

बैठक में प्रखंड स्तरीय आयोजित शांति समिति की बैठकों में की गई चर्चाओं एवं स्थानीय स्तर पर दिए गए निर्देशों की जानकारी उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक को दी गई। विभिन्न क्षेत्रों में पर्व के अवसर पर भीड़ प्रबंधन, यातायात व्यवस्था, साफ-सफाई, पेयजल, बिजली आपूर्ति एवं संवेदनशील स्थलों पर विशेष निगरानी रखने को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से निर्देश दिया कि सभी थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित गश्ती सुनिश्चित करें तथा असामाजिक तत्वों पर विशेष नजर रखें। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से फैलने वाली भ्रामक एवं अफवाहपूर्ण सूचनाओं पर भी सतर्क निगरानी रखने का निर्देश दिया। किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने बकरीद पर्व के अवसर पर दिए जाने वाले कुबार्नी के पश्चात अवशेषों का उचित एवं सुरक्षित तरीके से निष्पादन (डिस्पोजल) करने की अपील की, ताकि स्वच्छता एवं सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यवस्था बनी रहे।

उपायुक्त ने नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को पर्व के दौरान साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं आवश्यकतानुसार पानी टैंकर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। वहीं कार्यपालक अभियंता को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु आवश्यक व्यवस्था करने को कहा गया।

बैठक के माध्यम से उपायुक्त ने जिलेवासियों से बकरीद पर्व को शांति, सौहार्द एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखते हुए मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा सोशल मीडिया पर भ्रामक सूचनाओं को साझा करने से बचें। किसी भी संदिग्ध गतिविधि अथवा समस्या की जानकारी तत्काल प्रशासन एवं पुलिस को देने की अपील की गई, ताकि समय पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

# निकाह के पूर्व दुल्हन प्रेमी संग फरार

## दूल्हे ने की आत्महत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**ओरमांझी**। रांची जिले के ओरमांझी थाना क्षेत्र के इरबा में निकाह से पहले दुल्हन के प्रेमी के साथ फरार हो जाने से आहत एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से पूरे इलाके में शोक का माहौल है। पुलिस को घटनास्थल से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसके आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

मृतक की पहचान इरबा निवासी 26 वर्षीय नफीस अहमद के रूप में हुई है। वह रांची के रोस्पा टावर स्थित गणपति शॉप में कार्यरत था। परिवार मूल रूप से सांडी गांव का रहने वाला है, लेकिन वर्तमान में इरबा में अपना मकान बनाकर रह रहा है।

बताया गया कि नफीस सोमवार रात करीब नौ बजे जमशेदपुर से घर लौटा था। भोजन करने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया। मंगलवार सुबह स्वजन ने कमरे का दरवाजा खोला तो वह पंखे की कुंडी से लटका मिला। सूचना मिलते ही ओरमांझी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि नफीस का निकाह अनगड़ा प्रखंड के राजाडेरा निवासी एक युवती से तय हुआ था और शादी की तैयारियां चल रही थीं।

इसी बीच युवती अपने प्रेमी के साथ घर छोड़कर चली गई। इस घटना से नफीस गहरे मानसिक आघात में था। पुलिस को कमरे से मिले सुसाइड नोट में भी शादी टूटने और युवती के किसी अन्य व्यक्ति के साथ चले जाने का उल्लेख मिला है।

माना जा रहा है कि इसी सदमे में उसने आत्मघाती कदम उठा लिया। घटना की जानकारी मिलने पर युवती के पिता भी मृतक के घर पहुंचे और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। ओरमांझी थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि सुसाइड नोट, परिजनों के बयान और अन्य तथ्यों के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

# अब धनबाद तक आयेगी दानापुर-कोडरमा ट्रेन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**धनबाद**। रेल यात्रियों को बड़ी राहत दिलाने की दिशा में पहल करते हुए झारखंड विधानसभा के सचेतक सह धनबाद विधायक ने दानापुर-कोडरमा ट्रेन संख्या 13233/13234 को धनबाद तक विस्तारित करने की मांग उठाई। इस संबंध में उन्होंने मंगलवार को धनबाद मंडल के डीआरएम से मुलाकात कर क्षेत्रहित एवं जनसुविधा से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।मुलाकात के दौरान भाजपा विधायक सिन्हा ने कहा कि दानापुर-कोडरमा ट्रेन का धनबाद तक विस्तार होने से धनबाद सहित आसपास के क्षेत्रों के हजारों यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा तथा यात्रा अधिक सुगम और सुविधाजनक हो सकेगी। इसके साथ ही उन्होंने भूली क्षेत्र में रेलवे द्वारा निमार्णाधीन ओवरब्रिज कार्य के दौरान जोड़िया नदी में मिट्टी जमा हो जाने से जल के प्राकृतिक प्रवाह के अवरुद्ध होने की समस्या भी प्रमुखता से उठाई। विधायक ने डीआरएम को बताया कि नदी में मिट्टी जमा होने के कारण बीसीसीएल द्वारा आपूर्ति किए जाने वाले जलापूर्ति पाइप पानी में डूबे हुए हैं, जिससे मरम्मत कार्य प्रभावित हो रहा है और स्थानीय लोगों को पेयजल संकट सहित कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

डीआरएम अखिलेश मिश्रा ने दोनों ही मामलों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री मानस प्रसून, मीडिया प्रभारी पंकज सिन्हा, निर्मल प्रधान एवं मनोज मालाकार भी उपस्थित रहे।

विधायक ने कहा कि क्षेत्र की जनता की समस्याओं के समाधान एवं समग्र विकास के लिए उनका प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# देवघर में पुजारियों के सहायक और दुकानदारों का बनेगा डाटा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**देवघर**। बाबा मंदिर में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम करने को लेकर जिला प्रशासन एवं पंडा धर्मरक्षिणी सभा पूरी तरह से सजग हो गई है। मंदिर की सुरक्षा को लेकर कड़े नियम बनाए गए है। इसको लेकर मंदिर के दुकानदारों का डेटा-बेस तैयार किया जा रहा है।

पुलिस और मंदिर प्रशासन संयुक्त रूप से आगे की रणनीति तय करेंगे। किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि या गड़बड़ी पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जा सकेगी।

पुरोहितों के सहायक गुमास्ता, फूल माला बेचने वाले, अगरबत्ती दुकानदार, फोटोग्राफर को मंदिर प्रबंधन की ओर से डेटा-बेस के लिए आधार कार्ड, वोटर कार्ड बाबा मंदिर थाना में जमा करने का सूचना दी गई थी।

जिसके आलोक में बाबा मंदिर थाना में लगभग 500 से अधिक लोगों ने अपना पहचान पत्र जमा कर दिया गया है। सभी डेटा-बेस को चार भागों में बांटा जाएगा।

दुकानदार और अगरबत्ती दुकानदार अपने दुकान में किसी भी व्यक्ति को रखते है तो उसकी पहचान के लिए दुकानदार सहित उस व्यक्ति का परिचय पत्र जमा होना अनिवार्य होगा।

वहीं फोटोग्राफर और स्टूडियो मालिक दोनों का आधार कार्ड का होना भी अनिवार्य है। जबकि गुमास्ता के लिए वह तीर्थ पुरोहित के पास सहयोगी के रूप में काम करते हैं।उसे तीर्थ पुरोहित का आधार कार्ड और गुमास्ता का आधार कार्ड एवं वोटर आई कार्ड जमा कराना है। सभी डाटा को सिस्टम में सुरक्षित रखा जाएगा। ताकि समय आने पर इसका उपयोग किया जा सके।

मंदिर में आए दिन गुमास्ताओं का बढ़ती अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए पहचान पत्र से नए और पुराने गुमास्ता का पता लगाया जा सकेगा। साथ ही मंदिर में जिन्हें दुकान आवंटित किया गया है, वह दुकान खुद चलते हैं या दूसरे के माध्यम से चलते है। इसका भी पता चल पाएगा। मंदिर की सुरक्षा नियत ही जरूरी है, इसके लिए पहचान पत्र अनिवार्य होना चाहिए। पंडा धर्मरक्षिणी सभा की ओर से अब तक 338 गुमास्ता को चिह्नित कर परिचय पत्र बनाया है।

वहीं 155 नाई की ओर से सभा में आधार कार्ड वोटर आई कार्ड जमा कर रजिस्ट्रेशन करने के लिए जमा किया गया है। जिसका वेरिफिकेशन किया जा रहा है।

सभा में अभी आवेदन पर एक सप्ताह से रजिस्ट्रेशन बंद है। सभा के सदस्य मंदिर की सुरक्षा को लेकर हर संभव प्रयास कर रहे है। मंदिर में होने वाली गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है।

## शराब सेवन के आरोप में तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोढा**। रौतारा थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस की ओर से चलाए जा रहे गश्ती एवं वाहन जांच अभियान के दौरान खुदना चौक से शराब पीने के आरोप में तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। पुलिस ने मौके पर आवश्यक जांच एवं कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद सभी आरोपियों को न्यायालय में उपस्थापन हेतु भेज दिया। गिरफ्तार लोगों में खुदना निवासी अवधेश पासवान, मनोज ऋषि, रामचन्द्र बिन्द बताया जा रहा है।पुलिस सूत्रों के अनुसार रात्रि गश्ती के दौरान खुदना चौक पर संदेह के आधार पर तीनों को रोका गया। जांच के दौरान शराब सेवन की पुष्टि होने पर बिहार मद्य निषेध कानून के तहत कार्रवाई करते हुए उन्हें हिरासत में लिया गया। क्षेत्र में शराबबंदी कानून को प्रभावी बनाने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी एवं वाहन जांच अभियान चला रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार हो रही कार्रवाई से अवैध शराब कारोबारियों एवं शराब सेवन करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है।

# जिले में 10 जून के पहले ही बालू उठाव की प्रक्रिया शुरू होने के संकेत



- जल्द मिलेगा कंसेंट टु आपरेट का निर्देश
- जिले के 16 बालू घाटों की हुई बंदोबस्ती

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गोड्डा**। जिले में चार बालू घाटों के संचालन का रास्ता अब स्पष्ट हो गया है। इन घाटों से संभवतः 10 जून के पहले ही बालू का उठाव शुरू हो सकेगा। इन घाटों में पथरगामा का चर्चित सनातन, जसमाता टू, बसंतराय का राहा और गोड्डा प्रखंड का घाट झिलुवा शामिल हैं।

यहां कुछ ही दिनों में बालू का उठाव किया जा सकेगा। इन चारों घाटों का एग्रीमेंट किया जा चुका है और उठाव की मंजूरी भी मिल चुकी है। केवल कंसेंट टु आपरेट का अनुमोदन होना बाकी है।

चारों बालू घाट का संचालन एस जी प्रोजेक्टस के हाथों में होगा। संभावना है कि इसी माह कंसेंट टु आपरेट का निर्देश बालू घाट संचालकों को मिल जाएगा, जिसके बाद बालू के उठाव का रास्ता साफ हो जाएगा। जानकारी के अनुसार, इन घाटों को अगले पांच वर्षों के लिए बंदोवस्त किया गया है।

विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, जिले में कुल 16 बालू घाटों की बंदोबस्ती की गई है, जहां से बालू का उठाव किया जाना है। पहले चरण में इन चार बालू घाटों से बालू के उठाव का रास्ता साफ हो गया है।

कुछ दिन पहले सनातन बालू घाट से बालू उठाव को लेकर विभागीय पाबंदी को भी समाप्त कर दिया गया था। इसको लेकर डीसी के निर्देश पर एक टीम जांच के लिए भेजी गई थी, जिसके द्वारा पूरे मामले में एनओसी प्रदान की गई है।

पथरगामा के सनातन बालू घाट को लेकर हाल ही में हाय तौबा मची थी। विधायक प्रदीप यादव ने सनातन बालू घाट से बालू उठाव को लेकर हंगामा मचाया था। बालू घाटों से अवैध उठाव में अवैध रकम की उगाही के मामले को उजागर किया गया था, जिसके बाद बालू उठाव बंद कर दिया गया।

# प्रेमिका से मिलने आये प्रेमी की ग्रामीणों ने करायी शादी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा**। गढ़वा जिला अंतर्गत खरौंधी थाना क्षेत्र के अरंगी में एक प्रेमी युगल की हिंदू रीति रिवाज के अनुसार शादी कराई गई।

प्रेमी-प्रेमिका को ग्रामीणों ने रात में मिलते हुए पकड़ लिया। प्रेमी-प्रेमिका ने बताया हमलोग एक दूसरे से एक साल से मिल रहे है। पकड़ाने के पश्चात दोनों एक साथ रहने की बात स्वीकार किया। दूसरे दिन सुबह दोनों प्रेमी-प्रेमिका के स्वजन को इसकी सूचना दी गई।

मामले की जानकारी स्वजन एवं ग्रामीणों को मिलने के बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत शुरू हुई। इसके बाद सामाजिक स्तर पर बैठक कर दोनों की शादी कराने का निर्णय लिया गया। इसके बाद दोनों की रजामंदी के पश्चात ग्रामीणों तथा स्वजन की उपस्थिति में शादी करा दी गई। ग्रामीणों ने बताया अरंगी के अमेरिका राम की पुत्री सोनी कुमारी एवं बजरमरवा निवासी सत्यनारायण राम के पुत्र गोलू भारती के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। गोलू भारती रात में मिलने आया था। दोनों को संदिग्ध अवस्था में ग्रामीणों ने पकड़ा। दोनों परिवारों एवं ग्रामीणों की पहल पर प्रेमी युगल की शादी करा दी गई। साथ ही बताया दोनों करीब एक वर्ष से प्रेम संबंध होने की बात स्वीकार किया। इस दौरान दोनों लगातार एक-दूसरे के संपर्क में थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक और युवती के बीच काफी समय से बातचीत एवं मेलजोल चल रहा था।

# महज पांच घंटे में पुलिस ने किया चोरी की घटना का उद्भेदन

## मुख्य आरोपी गिरफ्तार, सामान भी बरामद



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना**। बाढ़ अनुमंडल के भदौर थाना क्षेत्र अंतर्गत बकावाँ गांव में पुलिस ने पांच घंटे के भीतर चोरी के मामले का सफल उद्भेदन कर लिया। राघवेंद्र कुमार सिंह के घर से रविवार रात सोने का मंगलसूत्र, झुमका, चेन, चांदी की पायल और 24 हजार रुपये नकद चोरी हो गए थे। घटना के बाद शक के आधार पर एक नाबालिग को पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार की, जिसके बाद उसकी निशानदेही पर एक अन्य नाबालिग और एक युवक को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है।

ग्रामीण सूत्रों के अनुसार, पकड़ा गया नाबालिग नशे का भी सेवन करता है। वहीं आरोप है कि आरोपी युवक सत्यम कुमार सिंह ही इन नाबालिगों से चोरी की वारदात करवाता था।


बताया जा रहा है कि उसी रात बकावां गांव में खेत से एक मोटर की भी चोरी हुई थी। इससे पहले भी गांव के कई घरों में चोरी की घटनाएं हो चुकी हैं, जिससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

एचडीपीओ-2 ने बताया कि रविवार रात बकावां गांव निवासी राघवेंद्र कुमार सिंह ने घर में चोरी होने की सूचना पुलिस को दी थी। इसके बाद भदौर थानाध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई और त्वरित कार्रवाई करते हुए पांच घंटे के भीतर मामले का खुलासा कर दिया गया।

पुलिस ने मामले के मुख्य आरोपी 21 वर्षीय सत्यम कुमार सिंह को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो विधि-विरुद्ध बालकों को भी पकड़ा गया है। पुलिस के अनुसार, सत्यम कुमार सिंह ही दोनों नाबालिगों से चोरी करवाता था। सभी चोरी हुए जेवरात और नगदी बरामद कर लिए गए हैं।

पूछताछ के दौरान एक नाबालिग ने पुलिस को बताया कि उसने पहले भी एक घर से गेहूं की चोरी की थी, हालांकि उस मामले में थाने में कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई थी।

# बैठक में शवदाह गृह तथा रिवर फ्रंट जांच का निर्णय



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनिहारी**। मंगलवार को नगर पंचायत के सभागार में मुख्य पार्षद राजेश कुमार उर्फ लाखो यादव के अध्यक्षता मे मासिक सामान्य बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक मे कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। जिसमे नगर के चहुंओर सौन्दर्यीकरण को लेकर नगर विकास विभाग को दो सौ 40 करोड़ का प्रस्ताव भेजने का निर्णय लिए गये। मुख्य पार्षद ने बताया कि कुटी घाट से मस्जिद घाट तक रिवर फ्रंट निर्माण कार्य का पहला प्रस्ताव है । उन्होने बताया कि नगर क्षेत्र मे पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए फाइव स्टार होटल का भी निर्माण कराया जाएगा ।बाहर से आने वाले पर्यटको के लिए गंगा नदी मे जहाज पर रेस्तरा ,मल्टी पर्पस मॉल, आधुनिक तरह के नाव,स्कुटर युक्त मोटर वोट गंगा तट के सौंदर्यीकरण मे चार चांद लगायेगा । मुख्य पार्षद ने बताया की ईओ को निर्देशित किया गया है कि नगर के जेई के साथ गंगा तट पर हो रहे रिवर फ्रंट तथा शवदाह गृह निर्माण कार्य के गुणवत्ता की जांच करें । इन दोनो कार्य स्थल पर कोई अनियमितता दिखती है तो इसकी शिकायत नगर विकास विभाग को यथा शीघ्र करें । बैठक के बाद सभी लोगो ने सुल्तानगंज गोली कांड मे मृतक मुख्य पार्षद तथा ईओ को श्रद्धांजलि अर्पित किया । मौके पर ईओ अरविंद पासवान, उप मुख्य पार्षद शुभम पोद्दार, वार्ड पार्षद रीता देवी, बेचन सिंह, स्मिता सिन्हा, गुलाब चौधरी, ओमकुमार गुप्ता,निशा कुमारी, कुमोद देवी,काजल देवी लख्खी देवी, अनुज मंडल,श्रवण कुमार आदि मौजूद रहे ।

# ऋतुराज-रहाणे ओपनर; सूर्यकुमार, पंत, बुमराह भी शामिल

## लीग स्टेज के बाद IPL 2026 की सबसे खराब प्लेइंग 11

**नई दिल्ली।** आईपीएल 2026 के लीग स्टेज के मुकाबले समाप्त हो चुके हैं और इस दौरान ऐसे कई खिलाड़ी रहे जिन्होंने अपने नाम के हिसाब से प्रदर्शन नहीं किया और वो अच्छा प्रदर्शन करने के लिए जूझते नजर आए। अगर इस सीजन के 70 लीग मैचों के बाद सबसे खराब प्लेइंग 11 की बात की जाए तो इसमें कई दिग्गजों के नाम शामिल हैं। जनसत्ता डॉट कॉम ने लीग स्टेज के बाद जिस सबसे खराब प्लेइंग 11 का चयन किया उसका कप्तान ऋषभ पंत को बनाया जिनकी कप्तानी में लखनऊ सुपर जायंट्स अंकतालिका में आखिरी स्थान पर रही।



**ऋतुराज गायकवाड़ और अजिंक्य रहाणे ओपनर-** इस सीजन के लीग स्टेज के बाद बात अगर सबसे खराब प्लेइंग 11 की हो तो उसमें ओपनिंग के लिए सीएसके के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ और केकेआर के कप्तान अजिंक्य रहाणे सबसे फिट नजर आते हैं। ऋतुराज का बल्ला इस सीजन में खामोश रहा और इसकी वजह से सीएसके को नुकसान रहा जबकि रहाणे पावरप्ले में बड़ा स्कोर बनाने और रन गति को तेज रखने में पूरी तरह से नाकाम रहे। इस प्लेइंग 11 के लिए तीसरे नंबर पर सबसे फिट मुंबई के बैटर सूर्यकुमार यादव नजर आते हैं जिन्होंने बेहद खराब औसत से रन बनाए। चौथे स्थान पर ऋषभ पंत हैं जिनकी कप्तानी खराब रही साथ ही साथ वो रन भी नहीं बना पाए। वो अपनी भारी-भरकम (27 करोड़) रकम के मुताबिक प्रदर्शन करने में कामयाब नहीं रहे। इस लिस्ट में पांचवें स्थान पर निकोलस पूरन हैं जिन्होंने अपने प्रदर्शन से काफी निराश किया और पूरे सीजन उनका बल्ला नहीं चल पाया।

# विराट कोहली नंबर 1

- गौतम गंभीर से आगे रोहित शर्मा; आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले टॉप-6 कप्तान

**नई दिल्ली।** आईपीएल में कई बेहतरीन कप्तान हुए हैं जिन्होंने अपनी कप्तानी में अपनी-अपनी टीमों को चैंपियन बनाने का गौरव हासिल किया है। एमएस धोनी हों या फिर रोहित शर्मा इन्होंने ने सीएसके और मुंबई इंडियंस को 5-5 बार चैंपियन बनाया था, लेकिन विराट कोहली आरसीबी को कभी चैंपियन नहीं बना पाए। वहीं गौतम गंभीर ने अपनी कप्तानी में केकेआर को 2 बार विनर बनाया था। अब इस लीग में बतौर कप्तान सबसे





ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की बात की जाए तो इसमें ये सभी दिग्गज शामिल हैं, लेकिन कोहली सबसे ऊपर हैं।

**बतौर कप्तान कोहली ने आईपीएल में बनाए हैं सबसे ज्यादा रन-** विराट कोहली ने लंबे अरसे तक आरसीबी की कप्तानी की थी। वो बेशक एक कप्तान के तौर पर सफल नहीं हो पाए, लेकिन बतौर बल्लेबाज वो खूब सफल रहे और उन्होंने इस टीम के लिए बतौर कप्तान 4994 रन बनाए थे। कोहली ने ये रन 133 की स्ट्राइक रेट से बनाए थे। वो कप्तान के तौर पर आईपीएल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और उनका रिकॉर्ड तोड़ पाना किसी के लिए भी आसान तो नहीं होने वाला है। आईपीएल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में एमएस धोनी दूसरे नंबर पर हैं जिन्होंने सीएसके के लिए कई साल तक कप्तानी की और 137 की स्ट्राइक रेट से कप्तान के रूप में कुल 4753 रन बनाए थे।

# सुआरेज की हैट्रिक

## इंटर मियामी ने फिलाडेल्फिया को 6-4 से हराया



**मियामी।** इंटर मियामी सीएफ ने एमएलएस रेगुलर सीजन एक्शन में फिलाडेल्फिया यूनियन के खिलाफ 6-4 से रोमांचक दर्ज की। लुइस सुआरेज की हैट्रिक, जर्मन बर्टेराम के दो गोल और मिडफील्डर रोड्रिगो डी पॉल के एक गोल ने फीफा वर्ल्ड कप 2026 के ब्रेक से पहले मियामी की इस रेगुलर सीजन में चौथी जीत दिलाई। मैच की शुरुआत फिलाडेल्फिया ने शानदार अंदाज में की और चौथे मिनट में ही पहला गोल किया। इसके बाद 10वें मिनट में फिलाडेल्फिया ने दूसरा गोल दागते हुए मैच में अपनी बढ़त को 2-0 कर दिया। इंटर मियामी ने 13वें मिनट में पहला गोल किया। बर्टेराम ने बॉक्स के अंदर मेसी के सटीक असिस्ट का फायदा उठाते हुए पास से गोल किया। इंटर मियामी की रिपोर्ट के अनुसार, यह गोल बर्टेराम का इस रेगुलर सीजन में छठा गोल था, जबकि मेसी का यह सातवां असिस्ट रहा। मेहमान टीम ने 20वें मिनट में एक और गोल दागा और स्कोरलाइन 1-3 कर दी। हालांकि, सुआरेज ने इंटर मियामी की वापसी कराई और मैच के 29वें मिनट में शानदार वॉली लगाकर गोल किया। मियामी ने 42वें मिनट में बराबरी का गोल किया, जब बर्टेराम ने इस रेगुलर सीजन में अपना सातवां और इंटर मियामी के लिए अपना पहला गोल किया। मेसी ने बॉक्स के ऊपर से बर्टेराम को शानदार पास दिया, जिसके बाद मैक्सिको के खिलाड़ी ने पहली बार दाहिने पैर से फिनिश करते हुए बॉल को नेट में डाल दिया।

इसके बाद मेजबान टीम ने 44वें मिनट में ब्रेक से ठीक पहले मैच में पहली बार बढ़त हासिल की। सुआरेज ने डी पॉल के शुरुआती प्रयास के बाद पास से गोल किया। हालांकि, फिलाडेल्फिया ने स्टॉपेज टाइम के आठवें मिनट में चौथा गोल करते हुए स्कोर को 4-4 से बराबर कर दिया। इंटर मियामी ने 81वें मिनट में फिर से बढ़त हासिल की। बर्टेराम का पहला शॉट बॉक्स के अंदर ही रोक दिया गया। इसके बाद उन्होंने गोल के सामने सुआरेज को पास दिया और सुआरेज ने बिना कोई गलती किए गेंद को गोल पोस्ट में पहुंचा दिया और अपनी हैट्रिक पूरी की।

सुआरेज ने अब तक इस रेगुलर सीजन में 6 गोल किए हैं, जबकि बर्टेराम ने 4 असिस्ट दिए हैं। मेजबान टीम के लिए छठा गोल डी पॉल ने किया और टीम की जीत पर मुहर लगा दी। फीफा वर्ल्ड कप 2026 के लिए ब्रेक से ठीक पहले इंटर मियामी ने लगातार चौथी जीत हासिल करते हुए 6-4 की स्कोरलाइन मैच के अंत तक बनाए रखी।

# IPL में 2011 से पहले नहीं होता था प्लेऑफ

## हले तीन सत्र में हुए थे सेमीफाइनल

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 अपने अंतिम पड़ाव पर है। मंगलवार (26 मई) से रविवार (31 मई) के बीच प्लेऑफ होगा। फाइनल से पहले तीन मैच क्वालिफायर-1, एलिमिनेटर और क्वालिफायर-2 होगा। हालांकि, आईपीएल के शुरुआती तीन सीजन 2008, 2009 और 2010 में प्लेऑफ नहीं सेमीफाइनल हुए थे। इंटरनेशनल क्रिकेट टूर्नामेंट में आज भी सेमीफाइनल से ही फाइनल खेलने वाली दो टीमें तय होते हैं, फिर आईपीएल में ये तीन मैचों वाला प्लेऑफ क्यों होता है? इस सवाल का जवाब काफी दिलचस्प है। आईपीएल में प्लेऑफ होने का सबसे बड़ा कारण निरंतरता को व्यर्थ न जाने देना है। दुनिया की सबसे लोकप्रिय क्रिकेट टूर्नामेंट में शुरुआत से ही 50 से ज्यादा मैच होते हैं। ऐसे में लीग स्टेज में 18-20 अंक जुटाने वाली टीम का केवल एक खराब दिन के कारण बाहर होना नाइंसाफी की तरह महसूस होता है। आईपीएल के शुरुआत तीन सालों में कुछ ऐसा ही देखने को मिला।



फ्रेंच ओपन

# नोवाक जोकोविच ने दूसरे राउंड में जगह बनाई



इस साल फ्रेंच ओपन में नोवाक जोकोविच ने लगातार 82वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के मेन ड्रॉ में जगह बनाई।

## कड़े मुकाबले में पेरीकार्ड को हराया

**पेरिस।** नोवाक जोकोविच ने रोलैंड गैरोस (फ्रेंच ओपन) का आगाज जीत के साथ किया है। जोकोविच ने कड़े मुकाबले में शानदार वापसी करते हुए फ्रेंच के खिलाड़ी जियोवानी एमपेट्शी पेरीकार्ड को 5-7, 7-5, 6-1, 6-4 से हराकर पेरिस में दूसरे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली। इस साल फ्रेंच ओपन में नोवाक जोकोविच ने लगातार 82वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के मेन ड्रॉ में जगह बनाई। इसके साथ ही उन्होंने रोजर फेडरर और फेलिसियानो लोपेज के साथ साझा किया गया रिकॉर्ड तोड़ दिया है। अब जोकोविच का ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के पहले मुकाबलों में रिकॉर्ड 80 जीत और सिर्फ 2 हार का हो गया है। खास बात यह है कि उन्होंने 2006 के ऑस्ट्रेलियन ओपन के बाद से किसी भी ग्रैंड स्लैम का पहला मैच नहीं हारा है। टेरे बैट्यू पर शुरुआती मुकाबलों में उनका रिकॉर्ड अब 22-0 है, जो ओपन एरा में बिना हारे किसी भी खिलाड़ी की रोलैंड-गैरोस के पहले राउंड में सबसे ज्यादा जीत है। पेरिस में फ्रेंच खिलाड़ियों के खिलाफ उनका अब तक का रिकॉर्ड 13-0 है। अपने करियर की पहली हेड-टू-हेड मीटिंग में बड़ी सर्व करने वाले फ्रेंच खिलाड़ी के खिलाफ एक सेट से पीछे होने के बाद जोकोविच काफी निराश नजर आ रहे थे।




पहले सेट में नोवाक जोकोविच को पेरीकार्ड की शानदार सर्विस के सामने एक भी ब्रेक पॉइंट नहीं मिला। फिर 5-5 पर फ्रेंच खिलाड़ी ने जोकोविच की सर्विस तोड़ दी और सेट जीत लिया। इसके साथ ही वह 14 साल में पेरिस में जोकोविच से एक सेट जीतने वाले पहले फ्रेंच खिलाड़ी बने। फ्रेंच ओपन की रिपोर्ट के मुताबिक, दूसरे सेट में लगभग 12 पूरे गेम के बाद जोकोविच जीरो-फॉर-नौ थे।

पेरीकार्ड ने 5-6 पर एस से तीन सेट पॉइंट बचाने के बाद वह चौथा सेट नहीं जीत सके। जोकोविच ने उस अहम पॉइंट पर सर्व रिटर्न किया, और 17-शॉट की रैली जीतकर आखिरकार स्कोरबोर्ड बराबर कर दिया। उन्होंने एक हल्के ड्रॉप शॉट से पॉइंट बनाया, और पेरीकार्ड इसे लेने के लिए अच्छी तरह से आगे बढ़े, लेकिन उनका फोरहैंड पासिंग शॉट थोड़ा बाहर चला गया और वह गेम हार गए। इसके बाद जोकोविच ने पेरीकार्ड को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया और 2 घंटे 51 मिनट तक चले मुकाबले में जीत दर्ज करते हुए दूसरे राउंड में अपनी जगह पक्की कर ली।

# कोहली-गेल की जोड़ी को दूसनंबर पर रखा

## रैना ने इन्हें बताया आईपीएल इतिहास की बेस्ट बैटिंग पेयर



नई दिल्ली। भारत व सीएसके के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने गुजरात टाइटंस के ओपनर्स शुभमन गिल और साई सुदर्शन को आईपीएल इतिहास की सबसे बेहतरीन बैटिंग जोड़ी बताया। उन्होंने यह बात गुजरात टाइटंस और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच होने वाले क्वालीफायर वन मैच से पहले कही। रैना ने इस जोड़ी की निरंतरता, खेल की समझ और साझेदारी बनाने की उस काबिलियत की तारीफ की जिसकी बराबरी आईपीएल के इतिहास में किसी और ओपनिंग जोड़ी ने नहीं की है।

**रैना ने बताया गिल-साई को बेस्ट बैटिंग पेयर-** आईपीएल 2026 में गिल और साई सुदर्शन ने एक बार फिर गुजरात टाइटंस की बैटिंग की रीढ़ साबित हुए हैं और उन्होंने पिछले सीजन में दिखाए गए अपने दबदबे को इस बार भी कायम रखा है।

# वैभव नंबर 1, अभिषेक उनसे पीछे

## IPL 2026 के लीग स्टेज के बाद सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले टॉप-5 बैटर

**नई दिल्ली।** इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के सभी 70 लीग मैच समाप्त हो चुके हैं और इस दौरान ऐसे बल्लेबाजों की कोई कमी नहीं रही जिन्होंने जोरदार स्ट्राइक रेट से अपनी-अपनी टीमों के लिए रन बनाए। हालांकि इस सूची में इन मैचों के दौरान कई बदलाव देखने को मिले।

इस लिस्ट में कभी पंजाब किंग्स के ओपनर प्रियांश आर्या पहले स्थान पर थे, लेकिन 70 मैच समाप्त होने के बाद स्थिति बदल गई और इस लिस्ट में पहले नंबर पर वैभव पहुंच गए।

- **वैभव ने सबसे हाई स्ट्राइक रेट से लीग स्टेज में बनाए रन-** वैभव सूर्यवंशी इस सीजन में अपने आखिरी लीग मैच में यानी 14वें मुकाबले में मुंबई के खिलाफ फ्लॉप रहे और सिर्फ 4 रन की पारी खेलकर आउट हो गए, लेकिन इससे उनके स्ट्राइक रेट पर कोई फर्क नहीं पड़ा और वो इस लिस्ट में लीग स्टेज के बाद भी शीर्ष पर बने रहे। वैभव ने इस सीजन के लीग स्टेज में खेले 14 मैचों में कुल 583 रन बनाए जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 232.27 का रहा। दूसरे नंबर पर फिन



एलन रहे जिन्होंने 349 रन 214.11 की स्ट्राइक रेट से बनाए। आईपीएल 2026 के 70 मैचों के बाद सबसे ज्यादा स्ट्राइक रेट से रन बनाने वाले बल्लेबाजों की लिस्ट में तीसरे नंबर पर पंजाब के ओपनर प्रियांश आर्या रहे जिन्होंने इस सीजन में 364 रन 211.63 की स्ट्राइक रेट से बनाए।



# दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने RCB को किया इग्नोर

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल ने इस साल इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब जीतने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद का समर्थन किया है।

सीजन के अपने आखिरी लीग-स्टेज मैच के बाद बोलते हुए अक्षर पटेल ने कहा कि हैदराबाद का विस्फोटक टॉप ऑर्डर उन्हें इस प्रतियोगिता की सबसे खतरनाक टीमों में से एक बनाता है और उन्होंने चेतावनी दी कि अगर प्लेऑफ में उनके बल्लेबाजों का बल्ला चला तो उन्हें रोकना मुश्किल होगा।

**अक्षर पटेल ने हैदराबाद का किया समर्थन-** सनराइजर्स

## बताया कौन बनेगा इस सीजन का विनर

हैदराबाद ने अपने लीग-चरण के आखिरी मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पर 55 रनों की शानदार जीत दर्ज करते हुए प्लेऑफ के लिए अपनी जगह पक्की की थी। हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में टेबल-टॉपर्स के खिलाफ खेलते हुए हैदराबाद ने इस सीजन का अपना सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया और पॉइंट्स टेबल में तीसरे स्थान पर रही थी। हैदराबाद अब 27 मई को न्यू चंडीगढ़ के मुल्लनपुर स्टेडियम में एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स का सामना करेगा। दिल्ली के कप्तान



अक्षर पटेल ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि हैदराबाद एक मजबूत टीम है और जब उसके टॉप तीन बल्लेबाज बन बनाते हैं तो वो एक जबरदस्त टीम नजर आते हैं और इस टीम के चैंपियन बनने का संभावना सबसे ज्यादा है। आपको बता दें कि दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2026 को 14 मैचों में 14 अंकों के साथ छठे स्थान पर अपने अभियान को समाप्त किया। टूर्नामेंट के बीच में टीम के प्रदर्शन में भारी गिरावट आई और वे प्लेऑफ की दौड़ में बने रहने के लिए समय रहते वापसी करने में नाकाम रहे।हालांकि दिल्ली ने सीजन के अपने आखिरी तीन मैच जीतकर सीजन का समापन अच्छे तरीके से किया, लेकिन ये टीम प्लेऑफ में लगातार 5वें साल भी नहीं पहुंच पाई। दिल्ली के प्रदर्शन के बारे में बात करते हुए अक्षर पटेल ने माना कि उनकी टीम टूर्नामेंट के दौरान अहम मौकों का फायदा उठाने में नाकाम रही। अक्षर ने कहा कि आपको अपनी गलतियां माननी पड़ती हैं और तभी आप समझ पाते हैं कि आप और क्या बेहतर कर सकते हैं। एक-दो मैचों में हार-जीत तो चलती रहती है। हमने अच्छा क्रिकेट खेला है, लेकिन अगर हमने एक-दो मैचों में अहम मौकों को भुनाया होता, तो आज हालात कुछ और होते।

# फर्जी आरटीओ चालान के लिंक से उड़े कई लोगों के खाते से पैसे

## लिंक टच करते ही दो लोगों का मोबाइल हो गया हैक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बड़कागांव (हजारीबाग)।** बड़कागांव में इन दिनों साइबर ठगों के द्वारा लॉटरी निकलने, नौकरी दिलाने, फर्जी लिंक भेज कर व अन्य साइबर हथकंडे अपनाकर के लोगों के खाते से पैसे उड़ाने का काम किया जा रहा है। इसी क्रम में साइबर ठगों के द्वारा आरटीओ की फर्जी चालान के नाम से डरा कर लोगों को ठगने का नया तरीका निजात किया है। जिसमें कई लोग साइबर ठगी के शिकार हो रहे हैं। जिसका ताजा उदाहरण बड़कागांव में देखने को मिल रहा है। पिछले कुछ दिनों से कई मोबाइल पर आरटीओ चालान जमा करने के नाम पर एक फर्जी लिंक भेजा जा रहा है। लिंक को छूते ही व्हाट्सएप हैक हो जाता है, और बैंक खाते से पैसे गायब हो रहे हैं। जिसमें सोनपुरा गांव निवासी भवानी प्रसाद दांगी एवं गुरु चट्टी निवासी बिंदु दांगी साइबर ठगों के चक्कर में फंस गए। लिंक को टच करते ही दोनों का मोबाइल हैक हो गया। देखते ही देखते साइबर ठगों के द्वारा भवानी की बैंक खाते से 77000, बिंदु के खाते से 55000, वही अन्य एक युवक के खाते से 70000 यूपीआई के जरिए से उड़ा ले गए। इन तीनों के अलावा प्रखंड के अन्य कई लोग भी आरटीओ की फर्जी चालान लिंक के चक्कर में फंस गए हैं। इस दौरान कई जागरूक प्रबुद्ध लोगों के द्वारा व्हाट्स एप ग्रुप में साइबर ठगो से बचने का सुझाव भी दे रहे हैं। ताकि लोग साइबर ठगो से सचेत रहें सावधान हो जाएं, परंतु कई नादान जागरूकता के अभाव में फंस जा रहे हैं। साइबर ठगी के शिकार पीड़ितों ने लोगों से सचेत रहने, व मोबाइल चलाने के दौरान सावधानी बरतने की अपील किया है।



**साइबर ठगी हुई तो, तुरंत करें यह कार्य**

बैंक को तुरंत कॉल कर खाता लॉक कराएं। नजदीकी थाना में एफआईआर दर्ज कराएं।

**जागरूक होने एवं सावधानी बरतने की जरूरत : थाना प्रभारी**

मामले को लेकर बड़का गांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह ने कहा कि लोगों को जागरूक होने की एवं सावधानी बरतने की जरूरत है, तभी हम साइबर क्राइम से बचे रहेंगे। अगर किसी प्रकार कोई घटना घट गई तो, तुरंत पुलिस को जानकारी दें।

# मिलकर करेंगे हजारीबाग का विकास : विवेकानंद सिंह

- रेल दोहरीकरण और कोचिंग डिपो बनने के बाद हजारीबाग में बढ़ेगी ट्रेन सेवा : मनीष जायसवाल
- मोदी सरकार के कार्यकाल में हुए हैं कई ऐतिहासिक कार्य
- जमीन उपलब्ध होते ही एयरपोर्ट निर्माण कार्य की प्रक्रिया होगी शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**हजारीबाग।** हजारीबाग में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासनकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर फ्लोरिस्ट बैंक्विट हॉल में भाजपा द्वारा संयुक्त प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को भाजपा जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह, सांसद मनीष जायसवाल एवं विधायक प्रदीप प्रसाद ने संबोधित किया। पत्रकारों द्वारा सांसद और विधायक के बीच चल रही नाराजगी को लेकर पूछे गए सवाल पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने कहा कि आपसी कन्फ्यूजन से जो दूरियां पैदा हुई थीं, वह अब समाप्त हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि दोनों नेता मिलकर हजारीबाग के विकास को नई गति देंगे।



इस दौरान नेताओं ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री जय नारायण प्रसाद, पूर्व जिला उपाध्यक्ष आनंद देव, नगर पश्चिम मंडल अध्यक्ष कुलदीप कृष्णा श्री झा समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। जानकारी मीडिया प्रभारी जय नारायण प्रसाद ने दी।

भाजपा की प्रेस वार्ता में विधायक प्रदीप प्रसाद ने कहा कि हजारीबाग के विकास के लिए सांसद और विधायक दोनों मिलकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बीते वर्षों में कई ऐसे कार्य पूरे किए, जो कांग्रेस शासनकाल में लंबे समय से अधूरे पड़े थे।

उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कोर्स रेल सेतु, गुवाहाटी रोपवे, दोबरा-चक्की पुल और अटल टनल जैसे महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मोदी सरकार ने कम समय में पूरा कराया। विधायक ने कहा कि केंद्र सरकार ने गरीबों के कल्याण के लिए उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, आयुष्मान भारत और स्वच्छ भारत मिशन जैसी योजनाओं को सफलतापूर्वक लागू किया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में धारा 370 हटाने, राम मंदिर निर्माण, देश में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण और सड़क निर्माण जैसे ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। सांसद मनीष जायसवाल ने प्रेस वार्ता में कहा कि हजारीबाग में रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य शुरू हो चुका है तथा कोचिंग डिपो का निर्माण भी अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने के बाद हजारीबाग में ट्रेनों का ठहराव शुरू होगा और लंबी दूरी की ट्रेन सेवाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जैसे ही हवाई अड्डे के लिए जमीन उपलब्ध कराएगी, एयरपोर्ट निर्माण की प्रक्रिया भी शुरू कर दी जाएगी। सांसद ने बताया कि 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ‎एक पेड़ मां के नाम‎ अभियान चलाया जाएगा, जिसके तहत बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाएगा। साथ ही जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में भी कार्य होगा। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को उत्सव के रूप में मनाया जाएगा तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया जाएगा।

# ऑपरेशन मुस्कान के तहत 56 लोगों को लौटाए गए गुम हुए मोबाइल

## अब तक 121 लोगों के लौटाए गए मोबाइल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** खूंटी पुलिस ऑपरेशन मुस्कान के तहत लगातार कार्य कर लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश में जुटी है। खूंटी जिले में पिछले डेढ़ वर्ष के दौरान गुम हुए मोबाइल फोन को बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों तक पहुंचाने की दिशा में खूंटी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जन शिकायत के तहत डिस्ट्रिक्ट क्राइम ब्यूरो जितेंद्र कुमार की पहल एवं खूंटी टेक्निकल सेल के सहयोग से बरामद किए गए मोबाइल फोन का वितरण मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने कुल 56 लाभुकों के बीच उनके गुम हुए मोबाइल फोन का वितरण किया। अपना मोबाइल वापस पाकर लाभुकों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। लोगों ने खूंटी पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए धन्यवाद दिया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले में गुम हुए मोबाइल फोन की खोजबीन के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। खूंटी टेक्निकल सेल की मदद से विभिन्न स्थानों से मोबाइल फोन ट्रेस कर बरामद किए गए, जिन्हें सत्यापन के बाद उनके वास्तविक मालिकों को सौंपा गया। बताया गया कि इससे पूर्व प्रथम और द्वितीय चरण में कुल 65 लाभुकों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन लौटाए जा चुके हैं। वहीं तीसरे चरण में 56 लाभुकों को मोबाइल फोन प्रदान किए गए। इस प्रकार अब तक कुल 121 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल फोन वापस मिल चुके हैं। खूंटी पुलिस ने आम नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम होने की स्थिति में तत्काल संबंधित थाना अथवा ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि मोबाइल को ट्रेस कर बरामद किया जा सके।

# दिशा की बैठक में पेयजल, बिजली और विकास योजनाओं की समीक्षा

**नव बिहार टाइम्स संवाददाता**

**गिरिडीह।** नगर भवन में मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अन्नपूर्णा देवी ने की। बैठक में जिले में संचालित विकास योजनाओं, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में उपायुक्त रामनिवास यादव ने विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की तथा लंबित मामलों और क्षेत्रीय समस्याओं की जानकारी दी। भीषण गर्मी और लगातार उत्पन्न हो रही बिजली समस्याओं को लेकर बैठक में विशेष चर्चा हुई। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने विद्युत विभाग को निर्देश दिया कि आम लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा तकनीकी खराबियों का त्वरित समाधान किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली और पेयजल आम जनता की प्राथमिक आवश्यकता है, इसलिए किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने, शिकायतों के त्वरित निष्पादन और सही बिजली बिल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए बैठक में जल जीवन मिशन एवं पेयजल व्यवस्था की भी विस्तृत समीक्षा की गई। मंत्री ने निर्देश दिया कि जल संकट वाले क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी टैंकर भेजे जाएं तथा खराब पड़े पानी टैंकरों और जलमीनारों की अविलंब मरम्मत कराई जाए। साथ ही जलापूर्ति योजनाओं की निगरानी के लिए विशेष टीम गठित करने का निर्देश भी दिया गया आपूर्ति विभाग की समीक्षा के दौरान राशन वितरण में पारदर्शिता और समय पर खाद्यान्न उपलब्ध कराने पर जोर दिया गया। वहीं मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क निर्माण, समाज कल्याण और कृषि विभाग की योजनाओं को तय समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सुदीव्य कुमार ने कहा कि विभागीय समन्वय और स्पष्ट रोडमैप के जरिए ही विकास योजनाओं को गति मिल सकती है। उन्होंने अधिकारियों को अगली दिशा बैठक से पहले कार्यों का विस्तृत रोडमैप तैयार करने का निर्देश दिया चंद्रप्रकाश चौधरी ने कहा कि ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, कृषि और शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। वहीं डॉ. सरफराज अहमद ने ग्रामीण जरूरतमंदों को योजनाओं से जोड़ने और रोजगार उपलब्ध कराने पर बल दिया बैठक में विभिन्न विधायकों ने भी सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और प्रवासी मजदूरों से जुड़े मुद्दे उठाए। अधिकारियों को योजनाओं के पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि केंद्र और राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक गुणवत्तापूर्ण तरीके से पहुंचे। बैठक में पुलिस अधीक्षक, उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, सिविल सर्जन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

**बैठक से संबंधित मुख्य बिन्दु**

- जिले में संचालित विकास योजनाओं, पेयजल व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा
- तकनीकी समस्याओं को दूर करते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का दिया गया निर्देश
- जल संकट वाले क्षेत्रों में नियमित रूप से पानी टैंकर भेजने तथा खराब पड़े पानी टैंकरों और जलमीनारों की अविलंब मरम्मत कराने की कही गई बात
- मनरेगा, स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क निर्माण, समाज कल्याण और कृषि विभाग की योजनाओं को तय समय सीमा में पूर्ण करने का निर्देश




# बड़कागांव में डंप किया गया 60 टन अवैध कोयला बरामद

**बड़कागांव (हजारीबाग)। (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बड़कागांव से अवैध पत्थर कोयला उत्खनन करके मोतरा अधिसूचित वन में जमा किया गया था। जिसकी गुप्त सूचना बड़कागांव वन विभाग को मिली जिस पर बड़कागांव वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार के नेतृत्व छापामारी कर भारी मात्रा में डंप किया गया अवैध कोयला बरामद किया गया। मामले को लेकर बड़का गांव वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार ने कहा की 60 टन अवैध पत्थर कोयला को जप्त किया गया है ।अभियुक्त के नाम पता की जा रही है, जानकारी प्राप्त होने के पश्चात अपराध प्रतिवेदन ,साधारण करने के कार्रवाई जा जाएगी। कार्रवाई हेतु वन विभाग द्वारा कुल 10 ट्रैक्टर एवं एक हाईवा में अवैध कोयला लॉउड कर बड़का गांव वन विश्राम लाया गया। मामले को लेकर कल माफियाओं को कड़ी चेतावनी देते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी रामबाबू कुमार ने कहा कि अवैध कोयला कारोबार करने वाले लोगों को बख्सा नहीं जाएगा निश्चित तौर पर कार्रवाई होगी।

# राज्य में बिगड़ रही कानून व्यवस्था : बाबू लाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राजधानी रांची के प्रदेश भाजपा कार्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी के द्वारा संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया गया। नेता प्रतिपक्ष ने स्वास्थ्य विभाग से जुड़े अनियमिताएं एवं भ्रष्टाचार के विषय पर संवाददाताओं के समक्ष अपनी बातों को रखी।



बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की कानून व्यवस्था लगातार बिगड़ रही है और सरकार का ध्यान सिर्फ पैसे कमाने पर है। उन्होंने दावा किया कि उन्हें रोजाना व्हाट्सएप के जरिए भ्रष्टाचार से जुड़े फोटो और दस्तावेज मिलते हैं जिन्हें वे लगातार सार्वजनिक भी करते रहे हैं।

**ट्रेजरी घोटाले पर सरकार को घेरा**

नेता प्रतिपक्ष ने ट्रेजरी घोटाले का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार जांच तो करा रही है, लेकिन अब तक किसी बड़े अधिकारी पर कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब जिम्मेदार पदाधिकारी अपने पदों पर बने रहेंगे तो भ्रष्टाचार कैसे खत्म होगा। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि झारखण्ड मेडिकल एड हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एड प्रोक्योरमेंट कारपोरेशन लिमिटेड में शैलेंद्र श्रीवास्तव नामक कंसल्टेंट को नियमों के विरुद्ध सेवा विस्तार दिया गया.उन्होंने बताया कि 2016 के नियमों के अनुसार किसी सेवानिवृत्त व्यक्ति को अधिकतम तीन वर्षों तक ही नियुक्त किया जा सकता है और आगे विस्तार के लिए मंत्रिमंडल या मुख्यमंत्री की अनुमति जरूरी होती है इसके बावजूद बिना मुख्यमंत्री की स्वीकृति के शैलेंद्र श्रीवास्तव को चौथे और फिर पांचवें वर्ष के लिए सेवा विस्तार दिया गया। बाबू लाल मरांडी ने आरोप लगाया कि इसी पद के जरिए टेंडर और खरीद प्रक्रियाओं को प्रभावित किया गया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 में 237 नई कस्टमाइज एंबुलेंस की खरीद के लिए 80 करोड़ रुपये की निविदा जारी की गई, जबकि वर्ष 2022 में खरीदी गई 206 एंबुलेंस, जिनकी लागत लगभग 55.8 करोड़ रुपये थी, उनका उपयोगिता ऑडिट तक नहीं कराया गया। कई एंबुलेंस एक वर्ष से अधिक समय तक बिना उपयोग के खड़ी रहीं। उन्होंने कहा कि ऑडिट में यह भी सामने आया कि जिस कंपनी को टेंडर दिया गया, वह निर्धारित वार्षिक टर्नओवर की शर्त पूरी नहीं करती थी। संबंधित कंपनी का औसत टर्नओवर मात्र 8.38 करोड़ रुपये पाया गया और उसके पास एंबुलेंस निर्माण या बस बॉडी बिल्डिंग का पर्याप्त अनुभव भी नहीं था.दवाइयों की खरीद और भंडारण में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि ऑडिट के दौरान करोड़ों रुपये की जीवन रक्षक दवाइयां एक्सपायर पाई गईं. गोदामों में करीब 24 लाख यूनिट दवाएं खराब हो गईं।

# रामगढ़ पुलिस ने संगठित अपराध से जुड़े छह अपराधियों को किया गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिला के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हाल के महीनों में संगठित अपराधिक गिरोह के द्वारा घटित घटनाओं के उद्भेदन के लिए एसआईटी का गठन किया गया था। इनमें संलिप्त/ वांछित अपराधकर्मियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु को एसआईटी का नेतृत्व सौंपा था। इस क्रम में गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि पतरातु थाना क्षेत्रन्तर्गत कुछ अपराधकर्मी किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से एकत्रित हुये है। पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के द्वारा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु को गठित छापामारी दल के साथ सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया। गठित छापामारी दल के द्वारा मानवीय आसूचना एवं तकनीकी साक्ष्य के आधार पर छापामारी करते हुए 06 अपराधकर्मियों एवं 01 निरूद्ध (कुल-07) क्रमशः 1. विकास साव 2. विशाल कुमार 3. बिटु कुमार रवि 4. हीरालाल कुमार 5. दिगम्बर प्रजापति उर्फ डेगन 6. एहतेसान अंसारी उर्फ दुलर्भ एवं 7. एक निरूद्ध किशोर को पकड़ा गया। पकड़ाये व्यक्तियों की पास से 01 अवैध लोडेड देशी पिस्टल, 34 जिंदा राउण्ड, 02 मैगजीन, 03 मोटरसाईकिल एवं 06 मोबाईल बरामद किया गया, जिससे विधिवत जप्त कर 06 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया। सभी पकड़ाये अपराधकमी राहुल दुबे गिरोह के सक्रिय सदस्य है। इनके द्वारा राहुल दुबे एवं उसके संगठन के अन्य लोगों के ईशारे पर विगत माह/पूर्व में इनके द्वारा पतरातु थाना क्षेत्र के रेलवे फ्लाई ओवर ब्रिज के गेट पर गोली चलाने की घटना, ओसम डेयरी प्लांट के गेट पर गोलीबारी की घटना, अल्ट्राटेक सिमेंट प्लांट मे गोलीबारी की घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। साथ ही पतरातु थाना क्षेत्रन्तर्गत किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से एकत्रित होने की बात को स्वीकार की है। पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने बताया कि संगठित अपराध को नियंत्रित करने के प्रयास के तहत इन सभी लोगों की गिरफ्तारी हुई है यह सभी एक विशेष गैंग से जुड़े हुए थे और इन लोगों का पुराना आपराधिक इतिहास भी रहा है।

# जल संरक्षण केवल पर्यावरण नहीं, शिक्षा और स्वास्थ्य का भी प्रश्न : हृदयानंद मिश्र

## जनजागरूकता अभियान चलाने की मांग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के समन्वय समिति के सदस्य हृदयानंद मिश्र, एडवोकेट ने पलामू प्रमंडल की आयुक्त कुमुद सहाय को ज्ञापन सौंपकर पलामू प्रमंडल में जल संरक्षण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग को प्रभावी रूप से लागू कराने की मांग की। ज्ञापन में कहा गया कि पलामू प्रमंडल के विभिन्न जिलों में लगातार गिरते भूजल स्तर के कारण ग्रीष्मकाल में पेयजल संकट गंभीर होता जा रहा है। इसका प्रतिकूल प्रभाव केवल आम जनजीवन पर ही नहीं, बल्कि शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी पड़ रहा है। कई विद्यालयों में पेयजल की समुचित व्यवस्था नहीं रहने से छात्र-छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, वहीं जल संकट के कारण स्वच्छता एवं स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं भी बढ़ती जा रही हैं। हृदयानंद मिश्र ने कहा कि जल संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुका है। यदि अभी ठोस पहल नहीं की गई तो आने वाले समय में स्थिति और भयावह हो सकती है। उन्होंने मांग की कि सभी नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत एवं प्रखंड स्तर पर वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) को अनिवार्य रूप से लागू कराया जाए तथा सरकारी भवनों, विद्यालयों, अस्पतालों एवं सार्वजनिक संस्थानों में इसकी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

उन्होंने पुराने तालाबों, कुओं एवं पारंपरिक जलस्रोतों के पुनर्जीवन, जल संरक्षण पर जनजागरूकता अभियान चलाने तथा नए भवन निर्माण में वाटर कंजर्वेशन मानकों को सख्ती से लागू करने की भी मांग की। हृदयानंद मिश्र ने बताया कि पलामू प्रमंडल की आयुक्त कुमुद सहाय ने ज्ञापन पर सकारात्मक पहल का आश्वासन दिया और कहा कि जल संरक्षण की दिशा में प्रशासन गंभीरतापूर्वक आवश्यक कदम उठाएगी।

# उपायुक्त ने बच्चों एवं राहगीरों को पिलाया ठंडा पानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** जिले के दंडाधिकारी सह उपायुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने मंगलवार को जनसेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए स्वयंसेवक की भूमिका निभाते हुए बच्चों एवं राहगीरों को पानी परोसा, अवसर था मेदिनीनगर के छह मुहान पर प्याऊ के उद्घटान का। इस दौरान उन्होंने अपने हाथों से लोगों को पेयजल उपलब्ध कराया और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का परिचय दिया। इस अवसर पर उपायुक्त श्री शेखवात ने स्वच्छता का भी विशेष संदेश दिया। उन्होंने लोगों से अपील की कि पानी पीने के बाद उपयोग किए गए ग्लास को खुले में इधर-उधर न फेंकें, बल्कि निर्धारित स्थान पर ही रखें, ताकि स्वच्छता बनी रहे और



पर्यावरण सुरक्षित रहे। उपायुक्त ने कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति को जनसेवा की भावना से स्वयंसेवक बनकर कार्य करना चाहिए। उन्होंने लोगों को प्रेरित करते हुए कहा कि ‎मानव सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है और ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से इस प्रकार के जनहितकारी कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की।

# पनशाला के लिए मुफ्त मिट्टी के घड़े देंगे अविनाश देव

## तपती गर्मी में जनसेवा का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** भीषण गर्मी और लगातार बढ़ते तापमान के बीच आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। ऐसे कठिन समय में राहगीरों की प्यास बुझाने और समाज में सेवा भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से झारखंड माटी कला बोर्ड सदस्य सह संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने सराहनीय पहल की है। उन्होंने घोषणा की है कि पलामू जिले में जो भी व्यक्ति, सामाजिक संस्था, युवा संगठन, व्यापारी या समाजसेवी अपने क्षेत्र में पनशाला खोलना चाहते हैं, उन्हें



निःशुल्क मिट्टी के घड़े उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इच्छुक लोग मेदिनीनगर स्थित माटी कला बोर्ड कार्यालय पहुंचकर मुफ्त में मिट्टी के घड़े प्राप्त कर सकते हैं। इस पहल का उद्देश्य केवल गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाना ही नहीं, बल्कि समाज में सहयोग, संवेदना और मानवता की भावना को मजबूत करना भी है। अविनाश देव ने कहा कि आज की भीषण गर्मी में राह चलते लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराना सबसे बड़ी जनसेवा है। यदि हर चौक-चौराहे, बाजार और सार्वजनिक स्थल पर एक-एक पनशाला शुरू हो जाए, तो हजारों लोगों को राहत मिल सकती है। उन्होंने समाज के सभी वर्गों से आगे आकर इस अभियान में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि मिट्टी के घड़ों का उपयोग स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है, क्योंकि इसमें रखा पानी प्राकृतिक रूप से ठंडा और शुद्ध बना रहता है। साथ ही इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है। प्लास्टिक और अन्य कृत्रिम साधनों की तुलना में मिट्टी के बर्तनों का उपयोग पर्यावरण के अनुकूल है। इस पहल से स्थानीय कुम्हारों और माटी कला से जुड़े कारीगरों को भी प्रोत्साहन मिलेगा। सामाजिक सरोकार और पर्यावरण संरक्षण को साथ लेकर शुरू की गई यह पहल क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

# बिनोद पाठक बने कांग्रेस स्वास्थ विभाग पलामू के चेयरमैन

## लोगों ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव बिनोद कुमार पाठक उर्फ़ सीटू पाठक को कांग्रेस स्वास्थ विभाग पलामू का चेयरमैन मनोनीत किया गया है। पार्टी के संगठन महासचिव व प्रशिक्षण सुनीत शर्मा ने इस अशय से संबंधित पत्र जारी किया है। शर्मा के अनुसार बिनोद पाठक के मनोनयन पर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का भी अनुमोदन है। उक्त अशय से संबंधित पत्र की प्रतिलिपि पार्टी स्वास्थ विभाग के झारखण्ड प्रदेश चेयरमैन डॉ पी नैयर को भी भेज गया है। इधर बिनोद पाठक को पुनः पार्टी की ओर से स्वास्थ इकाई का चेयरमैन बनाये जाने पर कई कोंग्रेसियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दी है। बधाई देने वालों में रवींद्र झा, राकेश कुमार, विवेका त्रिपाठी, नीलू मिश्रा, मुकेश तिवारी, बाबा सौरव, रणजीत सिंह, हेमंत कुमार गुप्ता, टिंकू शुक्ला, रवींद्र शुक्ला गुड्डू, मुन्ना पांडे, प्रवीण मिश्रा, चंद्रशेखर एस, आशीष कुमार, विनोद दुबे, नीलू मिश्रा, मुकेश तिवारी, बाबा सौरव सहित कई शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम को लेकर भाजपा की बैठक



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो परिसदन में भारतीय जनता पार्टी बोकारो जिला द्वारा आगामी 27 एवं 28 मई को मिलन बैंकेट हॉल, सेक्टर -4 में आयोजित होने वाले दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदेश मंत्री एवं कार्यक्रम प्रभारी अमरदीप यादव विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा, संगठनात्मक तैयारी, कार्यकताओं की जिम्मेदारियां एवं कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं से प्रशिक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। बैठक में मुख्य रूप से बोकारो जिला अध्यक्ष सुरेंद्र राज, महामंत्री संजय सिन्हा, उपाध्यक्ष संजय त्यागी, गिरजा देवी,अर्जुन सिंह,मुकेश राय,अर्चना सिंह,एंजेला सिंह, विभिषण सिंह, मनोज ठाकुर,बिनोद कुमार,भानु प्रताप सिंह, जितेन्द्र गोस्वामी, राजेश घोषाल, मनोज पाण्डेय,अभय कुमार गोलू,पवन महतो,प्रकाश कुमार,मंतोष यादव एवं सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### सदर अस्पताल बोकारो में एमपीए - एससी सेवा शुरू, स्वास्थ्यकर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल सर्जन कार्यालय, बोकारो के सभागार में आज एम पी ए - एस सी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कुल 10 स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को प्रशिक्षित किया गया। साथ ही, सदर अस्पताल बोकारो में एम पी ए - एस सी सेवा का औपचारिक शुभारंभ भी किया गया। प्रशिक्षण के दौरान लाभार्थियों को एम पी ए - एस सी प्रदान की गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में डॉ. अनामिका सिन्हा एवं मीणा कुमारी मुर्मू ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से विस्तृत प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण एवं उपाधीक्षक, सदर अस्पताल बोकारो डॉ. एन.पी. सिन्हा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। अपने संबोधन में सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण ने कहा कि यह सेवा महिलाओं को सुरक्षित एवं सुलभ परिवार नियोजन सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर डीआरसीएचओ डॉ. शेलीना टुड्डु, मास्टर ट्रेनर डॉ. अनामिका सिन्हा, स्टाफ नर्स मीणा कुमारी मुर्मू, डीपीएमयू कोऑर्डिनेटर अमित कुमार, ढकइंडिया के जिला प्रबंधक प्रेम कुमार, संजीव कुमार सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। यह पहल परिवार नियोजन सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

### मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल का समर कैप सम्पन्न



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में आयोजित समर कैंप 2026 का आज समापन समारोह बड़े ही उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि स्कूल के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार , शिक्षा सचिव यू.सी. झा प्राचार्य अमर प्रसाद एवं उप प्राचार्य देव दुलाल मित्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर के ह्यजय जय भैरवी ह्यप्रार्थना के साथ प्रारंभ किए। आयोजित इस समर कैंप में बच्चों ने विभिन्न रचनात्मक, शैक्षणिक एवं मनोरंजक गतिविधियों में भाग लिया। समापन समारोह के अवसर पर बच्चों ने रेडी डांस प्रस्तुत कर उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया। राजेंद्र कुमार ने कहा कि ऐसे समर कैंप बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का कार्य करते हैं। बच्चों का सर्वांगीण विकास ही संस्था का मुख्य उद्देश्य है। हरेक बच्चे में अपनी अनोखी प्रतिभा रहती है जिससे हमें पहचानने की अवश्यकता है अभिभावकों से अनुरोध करते हुवे उन्होंने कहा की घर में एक शैक्षणिक वातावरण बनाए और उन्हें शिक्षा के दिशा में अग्रसर करे। अमर प्रसाद एवं देव दुलाल मित्र ने संयुक्त रूप से कहा कि बच्चों द्वारा समर कैंप के दौरान की गई गतिविधियों की प्रशंसा की और उन्हें और भी ज्यादा मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में समर कैंप में भाग लेने वाले सभी बच्चों के चेहरे पर खुशी और उत्साह देखने लायक था। अभिभावकों ने भी विद्यालय एवं आयोजकों के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे बच्चों के विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। बच्चों को मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### दो माह से वेतन नहीं मिलने से शिक्षक आक्रोशित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिछले तीन महीने से हाई स्कूल और प्लस टू स्कूल के शिक्षकों का वेतन भुगतान नहीं होने से अब शिक्षक आक्रोशित है। बार-बार जिले के वरीय अधिकारियों से अपील करने के बाद भी वेतन का भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि बोकारो के उपायुक्त ने कुछ दिन पूर्व शिक्षकों के प्रतिनिधि मंडल से मुलाकात के बाद शिक्षा पदाधिकारी को वेतन भुगतान करने का निर्देश दिया था। इसको लेकर आज शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल बोकारो के उपायुक्त से मिलकर अपनी पीड़ा से अवगत कराया। इसमें झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ और प्लस टू शिक्षक संघ पदाधिकारी के साथ-साथ शिक्षक भी मौजूद रहे। माध्यमिक शिक्षक संघ बोकारो के अध्यक्ष वासुदेव सिंह चौधरी थे मीडिया से बात करते हुए बताया कि ट्रेजरी में हुए वेतन घोटाले को लेकर वेतन निकासी पर रोक लगा दी गई थी। जबकि जांच प्रक्रिया शिक्षा विभाग के द्वारा पूरा कर लिया गया है। शिक्षकों ने अपने कागजात भी जमा कर दिए। लेकिन अभी तक वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है जबकि जिले के उपायुक्त ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित भी कर दिया था।

# बकरीद को लेकर डीसी-एसपी ने विभिन्न क्षेत्रों का किया दौरा

## शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाने की अपील



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मंगलवार को बकरीद पर्व के मद्देनजर उपायुक्त अजय नाथ झा एवं पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीना ने चास प्रखंड अंतर्गत विभिन्न मुस्लिम बहुल क्षेत्रों का दौरा कर विधि-व्यवस्था एवं तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों एवं दोनों समुदाय के प्रतिनिधियों से संवाद कर आपसी भाईचारा एवं सौहार्द बनाए रखने की अपील की।

**विभिन्न मोहल्लों एवं ईदगाहों का लिया जायजा**

उपायुक्त (डीसी) एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने प्रखंड के मुस्लिम मोहल्ला आजाद नगर, सुल्तान नगर, गौश मोहल्ला, कादरी मोहल्ला भर्रा, इमामनगर जामा मस्जिद, रांची मोहल्ला अलीनगर, चीरा चास, पिंडरगेड़िया, तेलगड़िया, सोलागडीह ईदगाह एवं पिंड्राजोरा के नारायणपुर मोहल्ला सहित अन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया। इस क्रम में उन्होंने बकरीद पर्व के दौरान नमाज अदा किए जाने वाले स्थलों एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

**शांति समिति की बैठक में हुई तैयारियों की समीक्षा**

दोनों अधिकारियों ने स्थानीय लोगों से बातचीत के दौरान कहा कि थाना/अंचल स्तर पर अहूत शांति समिति की बैठक आयोजित कर सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई है। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि किस ईदगाह एवं मस्जिद में कब नमाज अदा की जाएगी तथा पर्व को लेकर स्थानीय स्तर पर क्या तैयारियां की गई हैं।

**पदाधिकारियों को क्षेत्र में सक्रिय रहने का निर्देश**

मौके पर उपायुक्त ने प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. प्रदीप कुमार एवं अंचल अधिकारी सेवा राम साहू को लगातार क्षेत्र में भ्रमणशील रहने तथा दोनों समुदाय के लोगों से नियमित संवाद बनाए रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान शांति, सौहार्द एवं भाईचारे का वातावरण बनाए रखना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

**कई पदाधिकारी एवं स्थानीय लोग रहे उपस्थित**

भ्रमण के दौरान चास एसडीपीओ श्री वेदांत शंकर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, स्थानीय थाना प्रभारी सहित दोनों समुदाय के गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बकरीद के मद्देनजर सोशल मीडिया पर रहेगी प्रशासन की विशेष नजर

## भड़काऊ पोस्ट करने वालों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बकरीद पर्व को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों, पुलिस निरीक्षकों एवं थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में संचालित व्हाट्सएप ग्रुप एवं अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर नियमित निगरानी रखने का निर्देश दिया है।

**ग्रुप एडमिन एवं सदस्यों पर भी होगी कार्रवाई**

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि किसी ग्रुप में धार्मिक भावनाओं या सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाने वाले मैसेज, फोटो, वीडियो अथवा ऑडियो प्रसारित किए जाते हैं, तो संबंधित ग्रुप एडमिन के साथ-साथ उसमें जुड़े सदस्यों के विरुद्ध भी विधि-सम्मत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत देने की अपील**

प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, भड़काऊ पोस्ट या अफवाह की जानकारी तुरंत प्रशासनिक अथवा पुलिस पदाधिकारियों को दें, ताकि अविलंब आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

**अफवाहों से बचें, सौहार्द बनाए रखें**

प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान नहीं देने तथा सोशल मीडिया पर किसी भी अपुष्ट जानकारी को साझा नहीं करने की अपील की है। साथ ही कहा है कि सभी नागरिक बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण एवं भाईचारे के माहौल में मनाने में सहयोग करें।

# बकरीद को लेकर धनबाद पुलिस ने किया मॉक ड्रिल



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए एसएसपी प्रभात कुमार के निर्देश पर मंगलवार को पुलिस केंद्र में विशेष मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से जिले में किसी भी आपात स्थिति, भीड़ नियंत्रण, सांप्रदायिक तनाव या विधि-व्यवस्था की चुनौती से निपटने की तैयारियों को परखा गया। इस दौरान सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, ग्रामीण एसपी एस मोहम्मद याकूब, डीएसपी मुख्यालय कुमार विनोद, डीएसपी सीसीआर प्रदीप कुमार साव, एसडीपीओ सिंदरी प्रकाश चंद्र महतो, सार्जेंट मेजर अवधेश कुमार समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए हर परिस्थिति में संयम और तत्परता के साथ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस बल ने दंगा नियंत्रण और भीड़ प्रबंधन का लाइव अभ्यास किया। जवानों ने आंसू गैस के गोले दागने, लाठीचार्ज, फायरिंग, संदिग्ध हालात में त्वरित कार्रवाई और वाटर कैनन के इस्तेमाल का प्रदर्शन किया। इसके अलावा संवेदनशील हालात में लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने, उपद्रवियों पर नियंत्रण और त्वरित रिस्पांस की प्रक्रिया का भी अभ्यास कराया गया।

## बकरीद पर्व को लेकर सुरक्षा व्यवस्था रहेगी चाक-चौबंद

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बेरमो अनुमंडल में बकरीद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर अनुमंडल पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं, ताकि पर्व के दौरान किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियो पर पूरी तरह अंकुश लगाया जा सके। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रविन्द्र कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि अनुमंडल के सभी संवेदनशील एवं अति संवेदनशील स्थानों की पहचान कर ली गई है, जहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इन स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गई है,

# बकरीद को लेकर बोकारो पुलिस ने किया मॉक ड्रिल

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में बकरीद को लेकर जिला पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में नजर आ रही है। विधि व्यवस्था संधारण और शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस लाइन में मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। इस दौरान दंगा नियंत्रण, उपद्रवियों से निपटने, आंसू गैस के इस्तेमाल, लाठीचार्ज, भीड़ नियंत्रण और इमरजेंसी मेडिकल सहायता जैसी स्थितियों का नाट्य रूपांतरण कर पुलिस बल की तैयारियों का जायजा लिया गया। मॉकड्रिल के माध्यम से यह संदेश देने की कोशिश की गई कि त्योहारों के दौरान किसी भी तरह की अशांति फैलाने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। कार्यक्रम में सिटी डीएसपी, सीसीआर डीएसपी, मेजर समेत कई पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। सिटी डीएसपी राजीव रंजन ने साफ शब्दों में कहा कि बोकारो पुलिस हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। संवेदनशील और चिन्हित इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी और लगातार निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि यदि कोई भी व्यक्ति शहर के शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस प्रशासन का उद्देश्य है कि सभी त्योहार जिले में भाईचारे और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हों, ताकि आम लोगों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े।

# 'हम आपको सुनते हैं' कार्यक्रम में उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

## शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए डीडीसी को मासिक समीक्षा बैठक करने का निर्देश



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय सभागार में मंगलवार को आयोजित हम आपको सुनते हैं कार्यक्रम (जनता दरबार) में उपायुक्त अजय नाथ झा ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों की क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान शिक्षा,राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, भूमि विवाद, सहकारिता, विद्युत, डीपीएलआर चास/पेटरवार/नावाडीह/चंद्रपुरा/जरीडीह अंचल एवं आपूर्ति विभाग से संबंधित विभिन्न मामलों पर उपायुक्त ने गंभीरता से संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**शिक्षकों की समस्याओं के समाधान को लेकर विशेष निर्देश दिया**

जनता दरबार में शिक्षकों से जुड़े मामलों की संख्या को देखते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त (डीडीसी) को प्रतिमाह समीक्षा बैठक आयोजित कर समस्याओं के निष्पादन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षकों से संबंधित मामलों का समयबद्ध समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

**सभी प्रखंडों एवं अंचल कार्यालयों में भी लगा जनता दरबार**

निदेर्शानुसार जिले के सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालयों में भी जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी द्वारा स्थानीय स्तर पर प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों की सुनवाई की गई। जिन मामलों का समाधान मौके पर संभव था, उनका तत्काल निष्पादन किया गया, जबकि शेष मामलों के त्वरित समाधान हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, निदेशक सामाजिक सुरक्षा सुचिता किरण, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बीएसएल के निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग कार्यक्रम से 300 युवाओं को लाभ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) विभाग द्वारा संचालित निःशुल्क प्रतियोगी परीक्षा कोचिंग कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक कुल 300 अभ्यर्थियों का नामांकन किया गया है। यह कोचिंग कार्यक्रम बैंक, एसएससी, रेलवे तथा अन्य समान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी हेतु संचालित किया जा रहा है। नामांकित कुल 300 अभ्यर्थियों में 87 महिला अभ्यर्थी शामिल हैं जबकि शेष अभ्यर्थियों का चयन विस्थापित परिवारों से तथा बोकारो के परिधीय क्षेत्रों से किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत अब तक 12 अभ्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित कर चुके है। जून एवं जुलाई 2026 में आयोजित होने वाले मेगा प्लेसमेंट ड्राइव के माध्यम से भी अन्य अभ्यर्थियों के लिए नए अवसरों के द्वार खुलने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि महेंद्रा एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित संस्थान है तथा इसका उत्कृष्ट सफलता रिकॉर्ड रहा है। यह प्रशिक्षण पूर्णतः निःशुल्क है तथा छह माह की अवधि में पाठ्यक्रम पूरा कराया जा रहा है। सप्ताह में छह दिन ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों से नियमित कक्षाएं संचालित की जाती हैं। विद्यार्थियों को निःशुल्क अध्ययन सामग्री, वाई-फाई सुविधा युक्त आधुनिक अध्ययन कक्ष, नियमित मॉक टेस्ट एवं मेंटरशिप सपोर्ट जैसी सभी आवश्यक शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बीएसएल की यह पहल परिधिय एवं विस्थापित क्षेत्रों के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण, रोजगार के अवसर एवं आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बनाने का प्रयास है। प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतर तैयारी के माध्यम से युवाओं को अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का अवसर प्राप्त हो रहा है।




# राहगीरों को गर्मी से राहत के लिए खुली पनशाला, बांटे गए ओआरएस

## विधिक टीम ने कानूनी अधिकारों के साथ दिए स्वास्थ्य टिप्स



**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), धनबाद के अध्यक्ष निकेश कुमार सिन्हा और सचिव मयंक तुषार टोपनो के दिशा-निर्देशानुसार, जिले में चल रहे 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता अभियान के तहत मंगलवार को शिविर का आयोजन किया गया। इस भीषण गर्मी और नौतपा के प्रकोप को देखते हुए मंगलवार को विनोद बिहारी महतो चौक पर लू राहत सह विधिक जागरूकता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि डालसा के सहायक स्वाति कुमारी और मुस्कान चोपड़ा को चैम्बर के अध्यक्ष देवाशीष पाल व कोषाध्यक्ष सुबल चौधरी ने पुष्पा गुच्छा देकर स्वागत किया। अतिथि ने अपने हाथों से ओआरएस का पानी, मीठा और चना खिलाकर इस पनशाला का विधिवत उद्घाटन किया। उपस्थित लोंगो को ओआरएस भी दिया गया। इस सराहनीय कदम की स्थानीय लोगों और राहगीरों ने खूब प्रशंसा की।जागरूकता शिविर के दौरान विधिक टीम के चंदन कुमार, अनामिका सिंह, गीता सिंह पूनम कुमारी, नविन कुमार ने बताया कि कानूनन अधिकारों के साथ-साथ स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहने की अपील की। शिविर में मुख्य रूप से निम्नलिखित स्वास्थ्य सुझाव साझा किए गए। शरीर में पानी की कमी न होने दें और समय-समय पर ठंडे पेय पदार्थों (जैसे नींबू पानी, छाछ, ओआरएस) का सेवन करते रहें। गर्मी से बचने के लिए ढीले और सूती (कॉटन) कपड़ों का ही इस्तेमाल करें। जब भी घर से बाहर निकलें, धूप का चश्मा लगाएं और गमछे या स्कार्फ से अपने सिर और चेहरे को अच्छी तरह ढक कर रखें। दोपहर की तेज धूप और भीषण गर्मी को देखते हुए, जब तक कोई जरूरी काम न हो, घर से बाहर निकलने से बचें। वही 90 दिवसीय गहन विधिक जागरूकता शिविर में लोगों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक किया। लोगों को बताया गया कि वे कैसे निःशुल्क विधिक सहायता, वाद (केस) के लिए वकील और बचाव पक्ष के लिए अधिवक्ता की सेवा ले सकते हैं। इसके अलावा विवादों को आपसी सहमति से सुलझाने के लिए मध्यस्थता और 'राष्ट्रीय लोक अदालत' के महत्व को भी समझाया गया। चैंबर के अध्यक्ष देवशीष पाल ने बताया कि इस जानलेवा गर्मी और नौतपा में राहगीरों को पानी और ओआरएस उपलब्ध कराना बहुत पुण्य का कार्य है। कानूनी जागरूकता के साथ-साथ समाज के प्रति यह संवेदनशीलता ही इस अभियान की असली सफलता है। कोषाध्यक्ष सुबल चौधरी ने कहा कि कानूनी अधिकारों की रक्षा के साथ-साथ नागरिकों की जान-माल और स्वास्थ्य की रक्षा करना भी सामाजिक न्याय का हिस्सा है। इस नौतपा में थोड़ी सी सावधानी बरतकर हम लू और गंभीर बीमारियों से सुरक्षित रह सकते हैं।

# बोकारो में रैपिडो राइडर्स तीन जून को हड़ताल पर रहेंगे

## पेट्रोल की कीमत, कम रेट और सुरक्षा मुद्दों को लेकर राइडर्स एकजुट

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो में रैपिडो राइडर्स अब अपनी मांगों को लेकर खुलकर सामने आने लगे हैं। लगातार बढ़ती पेट्रोल कीमतों, कम किराया दर और सुरक्षा से जुड़ी समस्याओं को लेकर राइडर्स ने 3 जून 2026 को सिटी पार्क में बड़ी बैठक और बंदी का आह्वान किया है। सोशल मीडिया और शहर में लगाए गए पोस्टरों के जरिए राइडर्स अपनी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। राइडर्स का कहना है कि कंपनी द्वारा तय किया गया मौजूदा रेट चार्ट बढ़ती महंगाई और पेट्रोल कीमतों के मुकाबले बेहद कम है। इसके कारण उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं दुर्घटना की स्थिति में बीमा क्लेम और सहायता को लेकर भी कई समस्याएं सामने आ रही हैं। राइडर्स द्वारा जारी पोस्टर में कंपनी प्रबंधन और टीम लीडर पर सहयोग नहीं करने का आरोप लगाया गया है। उनका कहना है कि कई बार ग्राहक राइड बुक कर कैंसिल कर देते हैं, जिसका सीधा नुकसान राइडर्स को उठाना पड़ता है। इसके अलावा जरूरत पड़ने पर टीम लीडर को कॉल करने पर भी जवाब नहीं मिलने की शिकायत सामने आई है। राइडर्स का आरोप है कि उनकी समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा। पोस्टर में बोकारो स्टेशन क्षेत्र में राइडर्स को होने वाली परेशानियों का भी जिक्र किया गया है। राइडर्स ने सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने, दुर्घटना के बाद इंश्योरेंस क्लेम में तेजी लाने और शहर में स्थायी सपोर्ट ऑफिस खोलने की मांग की है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK